सूर्योदय 6:04 सूर्यास्त 6:31

आज का तापमान

शिमला	16.5 न्यू	24.5 अधि
धर्मशाला	18.5 न्यू	28.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	74,781
निफ्टी	23,398
सोना 1,53,000	चांदी 2,30,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 12 सितंबर 2026 | 27 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 255, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

बैंक कर्मियों की आंखों में मिर्च डालकर लूटे 4.53 लाख रुपए

एजेंसी, मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर में बैंक में लूट का मामला सामने आया है। यहां एक 28 साल के युवक ने कर्मचारियों की आंखों में लाल मिर्च पाउडर डालकर उनसे 4.53 लाख रुपए लेकर भाग गया। इसके बाद आरोपी मौके से भागने लगा, लेकिन बैंक कर्मचारियों ने उसका पीछा किया। पुलिस की मदद से उसे करीब एक किमी दूर पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटी गई पूरी 4.53 लाख रुपए की रकम बरामद कर ली है। घटना नागपुर के भांडे प्लॉट इलाके में वीरवार शाम करीब 5:30 बजे हुई। बैंक कर्मचारी एटीएम से कैश लेकरएसबीआई ब्रांच लौट रहे थे। पूरी घटना बैंक के सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया है।

बादल फटने व लैंडस्लाइड से केदारनाथ मार्ग बंद

एजेंसी, देहरादून। उत्तराखंड के केदारनाथ में शुक्रवार को बादल फटा। इसके बाद लैंडस्लाइड हुई। बड़े-बड़े बोल्डर गिरने से केदारनाथ पैदल मार्ग बंद हो गया है। वहीं, यूपी में लगातार हो रही बारिश से गंगा-यमुना समेत 10 से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। इससे 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और 4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। मिर्जापुर में पुल तो फर्रुखाबाद में हाईवे डूब गया है। मध्य प्रदेश में तीन दिन के ब्रेक के बाद मानसूनी सिस्टम फिर एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को राज्य के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। गुरुवार रात भोपाल, नर्मदापुरम और विदिशा में बारिश हुई। दमोह में बाढ़ के हालात हैं, कई कॉलोनियों में पानी भर गया है।

ईडी की बैंक धोखाधड़ी केस में 7 राज्यों में रेड

एजेंसी, नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बैंक धोखाधड़ी और ऋण के कथित दुरुपयोग से जुड़े दो मामलों में बिहार, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना में कई जगह छापा मारा है। ईडी के पटना जोनल कार्यालय ने बिहार के गया स्थित रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड से जुड़े मामले में पीएमएलए की धारा 17 के तहत गया, गुरुग्राम और नई दिल्ली में नौ जगह छापा मारा है। कोलकाता जोनल कार्यालय ने ओडिशा के एआरएसएस समूह और एएमआर/एएमआरएल समूह से जुड़े प्रवर्तकों तथा संबंधित संस्थाओं के ठिकानों पर कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में दबिश दी है। ईडी दोनों मामलों में कथित तौर पर बैंक ऋण में धोखाधड़ी, धन के दुरुपयोग, ऋण की अदायगी में अनियमितता और लेनदेन के जरिए धन को इधर-उधर करने की जांच कर रहा है।

हूती विद्रोहियों का यमन के मोखा शहर पर कब्जा

एजेंसी, सना। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के रणनीतिक बंदरगाह शहर मोखा पर कब्जा कर लिया है। यह शहर बाब अल-मंदेब स्ट्रेट से करीब 75 किलोमीटर दूर है। यह दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार रास्ते में से एक है। मोखा पर पहले यमनी नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स का कंट्रोल था। यह हूतियों के खिलाफ लड़ने वाला सऊदी समर्थित गुट है। दोनों के बीच पिछले 9 दिनों से लड़ाई चल रही थी। मोखा पर कब्जे के बाद पिछले 4 साल में यह हूतियों की सबसे बड़ी क्षेत्रीय कामयाबी मानी जा रही है। अब हूती लड़ाके यमन के अहम शहर ताइज की ओर बढ़ रहे हैं। इस बीच सऊदी अरब ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को संदेश भेजकर हूतियों को सऊदी अरब पर हमले रोकने के लिए कहने को कहा है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी विकास और स्थिरता का भरोसा दे रहा भारत

भारत बन रहा अवसरों का नया केंद्र : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने इस मंत्र को अपनी आर्थिक और व्यापार नीतियों की नींव बनाया है। लचीलेपन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने ऊर्जा से लेकर तकनीक तक विभिन्न क्षेत्रों में फैली आपूर्ति शृंखलाओं को अधिक विविध और भरोसेमंद बनाया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत आज विकास और स्थिरता का भरोसा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेशन और डिजिटल लेनदेन को नई गति दी है। आज दुनिया के वास्तविक समय में होने वाले भुगतान में 50 प्रतिशत भुगतान इस तकनीक के जरिये होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाएं बढ़ रही हैं, वहीं भारत आर्थिक पुल बना रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से भारत ने करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'हमारा दृष्टिकोण व्यापारिक बाधाओं को कम करने और कारोबार के लिए अवसर बढ़ाने पर केंद्रित है।' उन्होंने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत कृषि, स्वास्थ्य, कौशल और स्मार्ट ग्रिड जैसे क्षेत्रों में नए सहयोग नेटवर्क स्थापित किए गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स महिला बिजनेस अलायंस भी भारत के दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत चाहता है कि महिला उद्यमी देश की विकास गाथा का नेतृत्व करें। उन्होंने बताया कि भारत में आयोजित इस गठबंधन की बैठक में करीब 200 महिला कारोबारी नेताओं ने हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

प्रतिस्पर्धा करने से डरते हैं पश्चिमी देश : पुतिन

ब्रिक्स बिजनेस फोरम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश प्रतिस्पर्धा करने से डरते हैं। रूस पर गलत प्रतिबंध थोपे गए हैं। इन प्रतिबंधों के बावजूद रूस आगे बढ़ा है। दुनिया में गहरे संरचनात्मक और व्यापक बदलाव हो रहे हैं। दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र को संबोधित करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में दुनिया की 40 प्रतिशत से अधिक जीडीपी ब्रिक्स देशों से आई है, जबकि तथाकथित जी7 देशों की हिस्सेदारी केवल 29 प्रतिशत रही है। ब्रिक्स देशों के आपसी संबंध मजबूत हो रहे हैं। ब्रिक्स देशों के बीच दुनिया का करीब 40 फीसदी व्यापार होता है। ब्रिक्स के जरिए मुश्किलों का सामना कर सकते हैं। भारत की आईटी कंपनियां तेजी से आगे बढ़ ही हैं। जीडीपी में जी-7 से ब्रिक्स आगे निकल गया है।

राष्ट्रीय विधि विवि का बुनियादी ढांचा होगा मजबूत: सीएम सुक्खू

कहा-सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने में प्रदेश सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए कहा कि संस्थान के विस्तार और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सरकार आवश्यक सहयोग देगी, साथ ही विश्वविद्यालय को अपने संसाधन स्वयं सृजित करने की दिशा में भी आगे बढ़ना होगा।

मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावासों के निर्माण में सरकार की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। छात्राओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए उन्होंने छात्रावास की सीमा के साथ कंटीले तारों की बाड़ लगाने के निर्देश दिए। परिसर में कम वोल्टेज की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा, जबकि छात्रावास के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को भी स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिसर के भीतर ओवरहेड विद्युत तारों को भूमिगत करने के लिए भी पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने की बात मुख्यमंत्री ने कही।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रीति सक्सेना ने लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष ध्यान देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए उपयुक्त स्थल चिन्हित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जल शक्ति विभाग को एनएलयू परिसर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की कमी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए प्रदेश सरकार पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने अधिकारियों को विश्वविद्यालय की मूलभूत जरूरतों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए, ताकि विद्यार्थियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

पठानकोट-भरमौर एनएच पर खाई में गिरी गाड़ी, 2 की मौत

अनंत ज्ञान

भरमौर। पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर भरमौर के दिनका के समीप वीरवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बोलेरो में सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा रात करीब 1 बजे का बताया जा रहा है। दोनों युवक बोलेरो वाहन में तेल भरवाने के लिए लाहल स्थित पेट्रोल पंप गए थे। पेट्रोल पंप से वापस भरमौर की ओर लौटते समय दिनका स्थित काली मंदिर के समीप वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। इसके बाद बोलेरो सड़क से करीब 200 से 250 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी।

हादसा इतना भीषण था कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों के शवों को खाई से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान रविंद्र शर्मा निवासी चोबिया, भरमौर और विशाल कपूर निवासी भरमौर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविंद्र कुमार पेशे से चालक था। हादसे की खबर फैलते ही पूरे भरमौर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

कांगड़ा से महिला विधायक को मंत्रिमंडल में जगह देने की चर्चा

हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार के लिए दिल्ली की मुहर का इंतजार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की सियासत में मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के फेरबदल को लेकर कई दिनों से सुलग रही चर्चाओं पर फिलहाल विराम जरूर लगा है, लेकिन सत्ता के गलियारों में कयासों की आहट अभी थमी नहीं है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक स्थगित हो गई, वहीं पार्टी हाईकमान के साथ बैठकों के बाद अब निगाहें दिल्ली पर टिक गई हैं। माना जा रहा है कि नए मंत्रियों की ताजपोशी और मौजूदा मंत्रियों के विभागों में बदलाव पर अंतिम फैसला कांग्रेस नेतृत्व ही करेगा। मुख्यमंत्री के अस्वस्थ होने के चलते उन्होंने अधिकारियों के साथ जरूरी फाइलों का निपटारा किया, जबकि कृषि मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सचिवालय में मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा में क्षेत्रीय संतुलन और महिला प्रतिनिधित्व अब अहम कसौटी बनकर उभरे हैं। कांग्रेस के 40 विधायकों में फिलहाल दो महिलाएं हैं और ऐसे में कांगड़ा जैसे बड़े जिले को महिला प्रतिनिधित्व देने की मांग राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन गई है। दूसरी ओर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की चर्चाएं भी जोर पकड़ रही हैं।

इतना ही नहीं सरकार के कामकाज और मंत्रियों के प्रदर्शन की रिपोर्ट हाईकमान के समक्ष रखी जानी है। नए चेहरे शामिल करने से लेकर मंत्रियों के विभाग बदलने तक की तस्वीर उसी के बाद साफ होगी। संगठनात्मक स्तर पर उठने वाली आवाजों और सत्ता की जरूरतों के बीच संतुलन साधना कांग्रेस नेतृत्व के लिए अगली बड़ी चुनौती होगी। फिलहाल हिमाचल की सियासी निगाहें शिमला से ज्यादा दिल्ली की ओर हैं, क्योंकि मंत्रिमंडल की अगली तस्वीर का आखिरी रंग हाईकमान ही भरेगा।

इसराइल ने दक्षिण लेबनान में उड़ाई हिजबुल्लाह की सुरंग

एजेंसी, बेरूत

- **विस्फोट के बाद 4.1 तीव्रता के भूकंप के लगे झटके**
- **नेतन्याहू बोले- मिशन पूरा, हैप्पी न्यू ईयर**

इसराइल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह की 2 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सुरंग को ब्लास्ट कर तबाह कर दिया। ब्लास्ट के लिए करीब 1100 टन विस्फोटक इस्तेमाल किया गया था। यह विस्फोट इतना तेज था कि इलाके में 4.1 तीव्रता वाले भूकंप जैसे झटके महसूस किए गए। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, धमाके से आसपास के इलाकों में जमीन हिलने लगी। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, 'मिशन पूरा हुआ। हैप्पी न्यू ईयर।' इसराइली सेना के मुताबिक, सुरंग में ईरान में बने कई रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन रखे थे। यहां मशीनगन, एंटी-टैंक मिसाइल और सैकड़ों बारूदी सुरंगें व विस्फोटक भी मिले। सेना ने बताया कि इस परिसर में हिजबुल्लाह की 'बद्र' यूनिट का कमांड सेंटर भी था। नेतन्याहू ने एक्स पर पोस्ट कर सुरंग को उड़ाने का वीडियो शेयर किया। इसराइली सेना (आईडीएफ) ने अली अल-ताहेर पहाड़ी के नीचे बने हिजबुल्लाह के टनल नेटवर्क का फुटेज जारी किया है। (अनंत ज्ञान)

महाराष्ट्र में ट्रक-बोलेरो की टक्कर में 9 लोगों की मौत, 9 अन्य घायल

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र के भंडारा जिले के लाखनी तहसील में पिंपलगांव के पास नागपुर-रायपुर हाइवे पर शुक्रवार सुबह ट्रक और बोलेरो के बीच हुई टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। हाइवे पुलिस के मुताबिक घायलों को भंडारा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया। वहां से गंभीर रूप से घायलों को नागपुर रेफर किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कुछ महिलाएं और अन्य मजदूर बोलेरो से नागपुर की ओर जा रहे थे। लाखनी के पास पिंपलगांव इलाके में पेट्रोल पंप और भाऊचा ढाबा के नजदीक हाइवे के किनारे खड़े ट्रक से अचानक बोलेरो टकरा गई । इस घटना में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में छह महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं ।

इस घटना में घायल नौ लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही गड़ेगांव स्थित हाइवे पुलिस रिलीफ सेंटर के प्रमुख रवींद्र रेवतकर अपने सहयोगियों और भंडारा पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस और बचाव दल ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ितों की पहचान की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

26 साल के युवक के पेट में मिला गर्भाशय

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली के 26 साल के युवक की बांझपन की जांच में पेट के अंदर गर्भाशय (यूटेरस) मिला है। दोनों अंडकोष भी पेट के अंदर थे। युवक राजौरी गार्डन स्थित आरजी हॉस्पिटल्स में प्राथमिक बांझपन का इलाज कराने पहुंचा था। जांच में उसके वीर्य में शुक्राणु नहीं मिले हैं। रूद्ध में पेल्विस के अंदर गर्भाशय जैसी संरचना दिखी। डॉक्टरों के मुताबिक, यह पर्सिस्टेंट म्यूलरियन डक्ट सिंड्रोम जैसी दुर्लभ जन्मजात स्थिति हो सकती है। पूरी दुनिया में इसके सिर्फ 300 मामले हैं। युवक की दोनों टेस्टिस यानी अंडकोष नीचे नहीं उतरे थे। वे लंबे समय से पेट के अंदर थे और गंभीर रूप से सिकुड़ चुके थे। (अनंत ज्ञान)

भारत की शिक्षा व्यवस्था युवाओं को निराश कर रही : राहुल गांधी

छात्रों-अभिभावकों से अपने सुझाव साझा करने को कहा

एजेंसी, इंदौर

राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था पीढ़ी को निराश कर रही है, जिसे बेहतर भविष्य देने के लिए बनाया गया था। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से पूछा कि उनका शिक्षा व्यवस्था से भरोसा क्यों उठ गया है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की शुरुआत उन लोगों की बात सुनने से होगी, जो रोजाना इसकी कमियों का सामना कर रहे हैं।

राहुल ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से अपने अनुभव, सबूत और सुझाव ऑनलाइन साझा करने को कहा। राहुल ने यह बात छात्रों की गूंज के पांचवें कार्यक्रम से पहले की है। इसका आयोजन 19 सितंबर को मध्य प्रदेश के इंदौर में होगा। अब तक तक कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे में कार्यक्रम कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

अब तक नहीं मिली इंदौर में कार्यक्रम की अनुमति

इंदौर में कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस और प्रशासन के बीच अनुमति का मुद्दा बना हुआ है। कांग्रेस पिछले 11 दिन से अनुमति के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए कलेक्टर, नगर निगम, पुलिस और इंदौर विकास प्राधिकरण के स्तर पर आवेदन और प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस का कहना है कि अनुमति मिले या नहीं, कार्यक्रम होकर रहेगा। वहीं प्रशासन का कहना है कि अनुमति निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था के आधार पर दी जाएगी। राहुल गांधी ने गत माह पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में महिलाओं की आजादी और पितृसत्ता के मुद्दे पर एक घंटा 16 मिनट बात की थी।

लेटलतीफी | हिमाचल में 15,611 मामले लंबित, 12,058 केस काफी पुराने

ऑनलाइन सुविधा के बावजूद म्यूटेशन में लंबा इंतजार

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश में राजस्व सेवाओं को ऑनलाइन और सरल बनाने की व्यवस्था के बीच ई-हिमभूमि के रियल-टाइम ऑनलाइन म्यूटेशन डैशबोर्ड के आंकड़े लंबित मामलों की बड़ी तस्वीर सामने ला रहे हैं। आधिकारिक डैशबोर्ड के स्टेट टोटल के अनुसार प्रदेश में 16,954 ऑनलाइन म्यूटेशन मामलों में से 15,611 मामले लंबित हैं। इनमें 12,058 मामले 30 दिन से अधिक पुराने हैं। वहीं ऑनलाइन म्यूटेशन के निस्तारण में औसत समय 65 दिन और अधिकतम समय 214 दिन दर्ज है। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 1,019 मामले प्रक्रियाधीन हैं, जबकि 321 मामले स्वीकार और 324 मामले निर्णीत दर्ज किए गए हैं। डैशबोर्ड पर उपलब्ध आंकड़े रियल-टाइम आधार पर बदल सकते हैं और विभाग ने डेटा अपडेट की जिम्मेदारी संबंधित राजस्व अधिकारियों की बताई है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

ऑनलाइन म्यूटेशन व्यवस्था का उद्देश्य राजस्व संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाना और नागरिकों को सुविधा देना है। लेकिन उपलब्ध आधिकारिक आंकड़े यह सवाल जरूर खड़ा करते हैं कि ऑनलाइन आवेदन के बाद मामलों के निस्तारण में इतना समय क्यों लग रहा है। डिजिटल हिमाचल की असली सफलता केवल ऑनलाइन आवेदन की सुविधा में नहीं, बल्कि आवेदन के समयबद्ध निस्तारण में है। ई-हिमभूमि के आंकड़े इसी कसौटी पर व्यवस्था की अगली परीक्षा सामने रखते हैं।

बिलासपुर जिले में 249 मामले लंबित

बिलासपुर की तस्वीर इस पड़ताल को और महत्वपूर्ण बनाती है। आधिकारिक डैशबोर्ड के अनुसार जिले में 249 ऑनलाइन म्यूटेशन मामले दर्ज हैं और सभी 249 मामले लंबित हैं। इनमें 224 मामले 30 दिन से अधिक पुराने हैं। जिले में कोई मामला प्रक्रियाधीन, स्वीकृत अथवा निर्णीत दर्ज नहीं है।

हिमाचल में मिलावटखोरों पर मोबाइल लैब ने कसा शिकंजा

त्योहारों से पहले मैदान में उतरीं पांच चलती-फिरती प्रयोगशालाएं

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। त्योहारी मौसम की आहट के साथ बाजारों में मिठास घुलने लगी है, मगर इसी मिठास में मिलावट का जहर न घुले, इसके लिए राज्य खाद्य सुरक्षा विभाग भी पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में उतर आया है। अब मिलावट की पड़ताल के लिए नमूनों को प्रयोगशाला तक पहुंचने का लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

विभाग ने खाद्य सुरक्षा की निगरानी को बाजार और उपभोक्ता की चौखट तक पहुंचाते हुए पांच मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी वैन संचालित की हैं। इन चलती-फिरती प्रयोगशालाओं के माध्यम से खाद्य तेल, पानी, शुगर समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों की प्रारंभिक जांच मौके पर ही की जा रही है। अब तक इन मोबाइल लैब के जरिए प्रदेश में 1,579 खाद्य नमूने एकत्रित किए जा चुके हैं।

मोबाइल लैब से जांचें खाने की शुद्धता

मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब का जिला-वार रोस्टर और जांच शिविरों का कार्यक्रम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि लोग निर्धारित तिथि और स्थान की जानकारी लेकर इस सुविधा का लाभ उठा सकें। विभाग का संदेश साफ है कि सुरक्षित भोजन केवल सरकारी निगरानी से नहीं, बल्कि जागरूक उपभोक्ता और जिम्मेदार कारोबारी की साझी भागीदारी से सुनिश्चित होगा। इसके लिए लोगों से मोबाइल लैब की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा गया है कि सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है।

जानकारी के अनुसार शिमला, सोलन, कुल्लू, सिरमौर और बिलासपुर में सक्रिय अभियान चलाया जा रहा है। बाकायदा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और लोगों को मिलावट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पांच मोबाइल वैन संचालित की जा रही हैं। वर्तमान में ये वैन शिमला, सोलन, कुल्लू, सिरमौर और बिलासपुर जिलों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न बाजारों और क्षेत्रों में पहुंच रही हैं। खास बात यह है कि इस सुविधा का लाभ केवल विभागीय जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि आम उपभोक्ता और खाद्य कारोबारी भी अपने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की प्रारंभिक जांच करवा सकते हैं। खाद्य तेल में टीपीसी मीटर और एसिड वैल्यू, जबकि रिफ्रैक्टोमीटर से टीएसएस और शुगर की जांच की जा रही है। इसके अलावा आयोडीन, स्टार्च और पानी की पीएच आधारित जांच भी मौके पर संभव हो रही है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से अब तक कुल 1,579 खाद्य नमूने एकत्रित किए गए हैं। इनमें बिलासपुर से 486, कुल्लू से 62, सिरमौर से 511 और सोलन से 520 नमूने शामिल हैं। फील्ड स्तर पर जांच और सैंपलिंग की यह कवायद खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मोबाइल लैब में रैपिड टेस्टिंग किट और आधुनिक मिनी उपकरण लगाए गए हैं, जिनकी मदद से दूध, पनीर, घी, मावा, मसाले, तेल, पानी, सॉस और अन्य खुले खाद्य पदार्थों की प्रारंभिक जांच की जा सकती है। विभाग विशेषकर त्योहारों और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर औचक निरीक्षण के माध्यम से मिलावट पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

भाजपा परिवहन प्रकोष्ठ में 17 जिला संयोजक नियुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश भाजपा के परिवहन प्रकोष्ठ ने संगठनात्मक विस्तार को धार देते हुए राज्य के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में जिला संयोजकों की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश संयोजक मनोज कुमार राणा ने प्रदेश नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद नियुक्तियों की सूची जारी की। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों की आवाज को संगठन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और जिला स्तर पर प्रकोष्ठ की सक्रियता को नई मजबूती मिलेगी।

नई जिम्मेदारी के तहत शिमला से अमित चड्ढा, देहरा से सुभाष चंद, ऊना से संदीप शर्मा, सुंदरनगर से भूपेंद्र रावत, कुल्लू से नूप राम, हमीरपुर से विनोद सोनी, बिलासपुर से राजेश पटियाल, महासू से पप्पू रांझटा और पालमपुर से मदन चौधरी को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में कांगड़ा से विनय वैदी, चंबा से नरेश महाजन, सोलन से प्रमोद शर्मा, सिरमौर से राहुल तोमर, मंडी से नरेंद्र ठाकुर नूरपुर से केवल कलोत्रा, किन्नौर से सीता राम नेगी तथा लाहौल-स्पीति से सोनम तंजिन को यह दायित्व सौंपा गया है।

मनोज कुमार राणा ने नवनियुक्त जिला संयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे परिवहन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न वर्गों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को संगठन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ संगठन के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

छितकुल में ईको पार्क और वन्यजीव सौंदर्यीकरण से बढ़ेगा आकर्षण : नेगी

अनंत ज्ञान

जनसभा को संबोधित करते हुए जगत सिंह नेगी।

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुक्रवार को किन्नौर के दूरदराज गांव छितकुल में विकास की नई इबारत लिखते हुए विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास किए। उन्होंने वन विभाग की ओर से एक हेक्टेयर क्षेत्र में 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ईको पार्क तथा रिमसरंग से रानी कंडा तक 2 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित वन्यजीव सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं से छितकुल के प्राकृतिक सौंदर्य को नया आयाम मिलने के साथ पर्यटन गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

वन्यजीव सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत प्रवेश द्वार व टिकट स्थल पर हिम तेंदुए की आकृति, प्राकृतिक झील का सौंदर्यीकरण, रिटेनिंग वॉल, मुजलंग से भुजलंग धार तक पैदल मार्ग, भुजलंग टॉप पर दृश्यावलोकन स्थल, पार्किंग, ईको-शौचालय, सेल्फी स्थल तक पैदल मार्ग, बच्चों के खेल क्षेत्र, विश्राम स्थल व गजीबो सहित रानी कंडा पुल से गिरे तक पैदल मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने करीब 14.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भेड़ डिपिंग टैंक एवं भेड़ ऊन कताराई भवन की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। नेगी ने कहा कि छितकुल में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए भविष्य में राफ्टिंग शुरू करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा तथा यहां उच्च स्तर की राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए 15 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

कांग्रेस में कौन-सा गुट किस पर भारी : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

- सभी नेता दिल्ली दौड़ में व्यस्त, आलाकमान के पास चल रही पंचायत

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के राजनीतिक हालात बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं और सरकार के भीतर गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि पहले से निर्धारित कैबिनेट बैठक का टलना और जन संवाद कार्यक्रम का नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। जयराम ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता दिल्ली की दौड़ लगा रहे हैं और आलाकमान के यहां 'पंचायत' चल रही है।

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि आखिर सरकार में इस समय चल क्या रहा है और कांग्रेस का कौन-सा गुट किस पर भारी पड़ रहा है, इसकी जानकारी प्रदेश की जनता को दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत चुनाव के परिणाम के बाद मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया उनके राजनीतिक विचलन को उजागर करती है। जयराम ने कहा कि जनता सब देख रही है और राजनीतिक सच्चाई को बयानबाजी के पर्दे के पीछे ज्यादा समय तक नहीं छिपाया जा सकता।

दिल्ली दौरे को राजनीतिक चश्मे से देखना गलत : रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

- पंचायत चुनाव परिणामों पर जताई चिंता
- संगठन को आत्ममंथन की दी नसीहत

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अपने हालिया दिल्ली दौरे को लेकर चल रही राजनीतिक चर्चाओं पर विराम लगाने का प्रयास करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका दौरा निजी कार्यक्रम से जुड़ा था। साथ ही उन्होंने पंचायत चुनावों, विशेषकर शिमला जिला परिषद के परिणामों को लेकर कांग्रेस संगठन के भीतर गंभीर समीक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि दिल्ली यात्रा को अनावश्यक राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह निजी कार्यक्रम के सिलसिले में दिल्ली गए थे और इस दौरान कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात संयोगवश हुई। इन मुलाकातों को किसी राजनीतिक रणनीति या विशेष उद्देश्य से जोड़कर देखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश लौटने के बाद वह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट बैठक में भी शामिल हुए और अपना नियमित सरकारी दायित्व निभाया।

रोहित ठाकुर ने शिमला जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस के अपेक्षा से कमजोर प्रदर्शन पर खुलकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम पार्टी की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे हैं और इसकी निष्पक्ष तथा तथ्यात्मक समीक्षा आवश्यक है। उनका मानना है कि शिमला लंबे समय से कांग्रेस का मजबूत राजनीतिक आधार रहा है, ऐसे में यहां मिले संकेतों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि संगठन और नेतृत्व दोनों को आत्ममंथन करते हुए कारणों की पहचान करनी होगी।

जमीनी हकीकत समझकर ही बनेगी भविष्य की रणनीति

रोहित ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव किसी भी राजनीतिक दल की जमीनी पकड़ का वास्तविक पैमाना होते हैं। यदि अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं तो संगठन को जनता के बीच अपनी सक्रियता और संवाद को और मजबूत करना होगा। आने वाले समय में राजनीतिक चुनौतियां बढ़ सकती हैं, इसलिए अभी से कमियों को दूर कर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाना जरूरी है। उन्होंने संकेत दिए कि इस पूरे विषय पर प्रदेश नेतृत्व के स्तर पर भी गंभीर चर्चा होगी, ताकि भविष्य की रणनीति अधिक प्रभावी ढंग से तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों के नतीजे केवल जीत-हार का मामला नहीं हैं, बल्कि वे जनता की राजनीतिक सोच और अपेक्षाओं का आईना भी होते हैं। इसलिए संगठन को इन संकेतों को समझते हुए कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बढ़ाना होगा।

नितिन नबीन से मिले जयराम ठाकुर संगठनात्मक विषयों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान

नितिन नबीन से भेंट करते हुए जयराम ठाकुर।

ब्यूरो, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से आत्मीय भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच पार्टी से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई।

जयराम ठाकुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने सहित समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। मुलाकात के दौरान पार्टी की मजबूती और आगामी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा हुई।

महक पठानिया के निधन से एचपीयू में शोक की लहर

एमसीए सेमेस्टर-1 की छात्रा का हार्ट अटैक से हुआ निधन

विश्वविद्यालय में महक पठानिया को श्रद्धांजलि देते शिक्षक और स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की एमसीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महक पठानिया के आकस्मिक निधन की दुखद खबर से पूरे विश्वविद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। इरावती छात्रावास में रहने वाली महक के निधन का कारण हृदयाघात बताया गया है। कम उम्र में छात्रा के असमय निधन की खबर से विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और छात्र-छात्राएं स्तब्ध रह गए।

शोकाकुल माहौल में हर चेहरा गमगीन नजर आया और विश्वविद्यालय समुदाय ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। विश्वविद्यालय की ओर से जारी शोक प्रस्ताव में महक पठानिया को निष्ठावान, कर्मठ और मेहनती छात्रा बताते हुए उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।

शोक प्रस्ताव में कहा गया कि इस अपूरणीय क्षति की घड़ी में पूरा विश्वविद्यालय समुदाय शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है और ईश्वर से परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को चिरशांति देने की प्रार्थना की गई। इसके बाद विश्वविद्यालय समुदाय ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत छात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सचिवालय में 22 अधीक्षकों की पदोन्नति के बाद तैनाती

अनंत ज्ञान

- 18 को प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी, चार के विभाग बदले

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश सचिवालय में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए कार्मिक विभाग ने ग्रेड-टू के 22 अधीक्षकों की पदोन्नति और स्थानांतरण के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के तहत 18 अधिकारियों को पदोन्नति के बाद विभिन्न विभागों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि चार अधीक्षकों का एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरण किया गया है। सरकार ने सभी अधिकारियों को नई तैनाती वाले स्थानों पर तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं।

पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में सतिंद्र कुमार को शिक्षा-सी, मीना को ईएसटी एंड सीसी तथा राकेश कुमार वर्मा को स्वास्थ्य-ए विभाग में भेजा गया है। वहीं नरेंद्र और मन सिंह को शिक्षा-ए विभाग में तैनाती मिली है। बलदेव राज को एसए-टेलीफोन तथा संजीव शर्मा को जीपीडी-ए विभाग में भेजा गया है। रचना शर्मा को भर्ती निदेशालय से एलपी विभाग में स्थानांतरित किया गया है, जबकि प्रकाश चंद को एलपी से उद्योग-ए विभाग में नई जिम्मेदारी दी गई है। अध्विनी को जीपीडी-ए से गृह-सतर्कता विभाग में तैनाती मिली है और कृष्ण कुमार को परिवहन विभाग से राजस्व-सी विभाग में भेजा गया है।

फेरबदल के तहत विक्रांत को कार्मिक-तीन, रमन शर्मा को मुख्यमंत्री-सी तथा अध्विनी कुमार को उद्योग मंत्री कार्यालय में तैनाती दी गई है। मनोज कुमार को मुख्यमंत्री निर्वाचन क्षेत्र और दिलीप कुमार को एसजे एंड ई-बी विभाग में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा कृष्ण गोपाल शर्मा को बागवानी, राकेश चंद को स्वास्थ्य-बी और बलजीत कुमार को वन-ए विभाग में पदोन्नति के बाद नई जिम्मेदारी मिली है। राजेश कुमार को भर्ती निदेशालय, नरेश कुमार को मुख्यमंत्री निर्वाचन क्षेत्र और अंजना ठाकुर को कार्मिक-दो विभाग में तैनाती दी गई है।

उमलिंग ला पास पर शहीदों को किया नमन

12 बाइक सवारों ने 3000 किमी यात्रा कर सारागढ़ी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। 12 बाइक सवारों के एक समूह ने दुनिया के सबसे ऊंचे मोटर-योग्य दर्रे, 'उमलिंग ला पास' को पार किया। उन्होंने अपने कोर्स बैच के उन शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश की सेवा में अपनी जान तक की परवाह नहीं की।

इस खास दिन को 'सारागढ़ी दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है, जो अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। अपने साथी अधिकारियों के नामों वाला बैनर लेकर, इन सवारों ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहाड़ों, जल-धाराओं और ऊंचे पहाड़ी दर्रों से होते हुए लगभग 3000 किलोमीटर की यात्रा की। इन सवारों ने उस अटूट भाईचारे और आपसी सौहार्द की भावना का प्रतिनिधित्व किया, जो किसी भी सैनिक का मुख्य गुण होता है। पूरे रास्ते इस बैनर को पूरे सम्मान और मर्यादा के साथ ले जाया गया। 'मिग ला पास' पर आयोजित कार्यक्रम में बैनर को अत्यंत सम्मानजनक स्थान दिया गया और सभी सवारों ने शहीद बहादुर सैनिकों को उचित श्रद्धांजलि अर्पित की।

रास्ते में पड़ने वाले हर युद्ध स्मारक पर भी श्रद्धांजलि दी गई, ये स्मारक देश की सेवा में सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान की गंभीर याद दिलाते हैं। सवारों ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर उन अनगिनत बहादुर शहीदों को नमन किया, जिन्होंने दुनिया के सबसे कठिन और कठोर युद्ध-क्षेत्रों में से एक में सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।

हिमाचल सरकार के 65 करोड़ के लंबित बकाये से एम्स बिलासपुर समेत कई अस्पताल प्रभावित : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

- आयुष्मान भारत योजना का लाभ रोक रही प्रदेश सरकार, वित्तीय कुप्रबंधन का बोझ हिमाचलियों पर

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश सरकार से बिलासपुर स्थित प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान के हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजनाओं के तहत लंबित करीब 65 करोड़ रुपए के बकाये का तत्काल भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण संस्थान पर वित्तीय दबाव बढ़ रहा है, जिसका असर स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु संचालन पर नहीं पड़ना चाहिए।

अनुराग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संस्थान की गवर्निंग बॉडी एवं इंस्टीट्यूशनल बॉडी की बैठकों में भाग लिया। बैठक में हिमकेयर और आयुष्मान भारत के तहत लंबित भुगतानों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को समय पर भुगतान नहीं मिलने से उनकी वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही है।

सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से पात्र राशि जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध करवाई जा चुकी है, लेकिन प्रदेश सरकार इन निधियों को संबंधित संस्थानों तक आगे वितरित नहीं कर रही है। इसके कारण अस्पतालों के भुगतान लंबित हैं और संस्थानों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव बन रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े बकायों का भुगतान रोकना केवल प्रशासनिक या वित्तीय मामला नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर आम जनता और मरीजों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत जैसी महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक चिंता के बिना बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की थी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि इसका खामियाजा आम हिमाचली, अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को भुगतना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण बिलासपुर के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य संस्थान भी लंबित भुगतानों से प्रभावित हो रहे हैं। सांसद ने प्रदेश सरकार से मांग की कि हिमकेयर और आयुष्मान भारत के तहत लंबित करीब 65 करोड़ रुपए का तत्काल भुगतान किया जाए। साथ ही, मरीजों को निर्बाध उपचार उपलब्ध कराने और सभी स्वास्थ्य संस्थानों के भुगतान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए।

संघर्ष

14 साल की उम्र में पति खोया, जॉर्ज क्रॉस के लिए लंदन तक लड़ी ब्रह्मी देवी

13 साल की जंग के बाद शहीद की निशानी लौटी घर

अनंत ज्ञान



अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। कुछ कहानियां सिर्फ इतिहास का हिस्सा नहीं होतीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प की विरासत बन जाती हैं। घुमारवीं क्षेत्र के भपराल गांव की ब्रह्मी देवी की कहानी भी ऐसी ही गाथा है। महज 14 वर्ष की उम्र में विधवा हुई ब्रह्मी देवी ने शहीद पति नायक कृपा राम की आखिरी निशानी को जीवनभर सीने से लगाए रखा। वर्ष 2002 में जब वही जॉर्ज क्रॉस घर से चोरी हो गया तो उसे वापस पाने के लिए उनका संघर्ष भारत से लंदन तक पहुंचा और करीब 13 वर्षों तक चला।

साथियों को बचाते हुए शहीद हुए कृपा राम: नायक कृपा राम ब्रिटिश भारतीय सेना की 8वीं बटालियन, 13वीं फ्रंटियर फोर्स राइफल्स में तैनात थे। 12 सितंबर 1945 को सैन्य अभ्यास के दौरान एक राइफल ग्रेनेड उनके दस्ते के पास आ गिरा। साथियों की जिंदगी खतरे में देख कृपा राम ने अपनी जान की परवाह किए बिना ग्रेनेड को दूर करने का प्रयास किया, लेकिन वह उनके हाथ में ही फट गया। इस बलिदान में कृपा राम शहीद हो गए, लेकिन उन्होंने कई साथियों की जान बचा ली। उनकी वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत जॉर्ज क्रॉस से सम्मानित किया गया।

11 मई 2015 को फिर हाथों में आया सम्मान

11 मई 2015 को हिमाचल सरकार के तत्कालीन कांग्रेस संसदीय सचिव राजेश धर्मानी, मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, जिला प्रशासन और ब्रिटिश उच्चायोग के रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर ब्रायन मैककॉल सहित स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जॉर्ज क्रॉस ब्रह्मी देवी को सौंपा गया। यह केवल एक पदक की वापसी नहीं थी, बल्कि एक शहीद की स्मृति, पत्नी के धैर्य और 13 वर्षों के संघर्ष की जीत थी। जब ब्रह्मी देवी ने पति की वीरता की निशानी दोबारा हाथों में थामी तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े।

अंतिम वर्षों तक संभाली शहीद की विरासत

ब्रह्मी देवी के जीवन के अंतिम वर्षों में उनकी देखभाल उनकी बहन के बेटे वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने की। उन्होंने उनकी देखभाल के साथ नायक कृपा राम की वीरता और ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

14 साल की उम्र में मिली पति की आखिरी निशानी

कृपा राम की शहादत के समय ब्रह्मी देवी महज 14 वर्ष की थीं। वर्ष 1946 में तत्कालीन वायसराय लॉर्ड वेवेल ने उनके शहीद पति की ओर से उन्हें जॉर्ज क्रॉस प्रदान किया। ब्रह्मी देवी ने इस सम्मान को महज पदक नहीं, बल्कि पति की आखिरी स्मृति और परिवार की विरासत माना और दशकों तक इसे संभालकर रखा।

2002 में चोरी, 2009 में लंदन में मिला सुराग

वर्ष 2002 में भपराल स्थित उनके घर से ऐतिहासिक जॉर्ज क्रॉस चोरी हो गया। करीब सात वर्ष बाद 2009 में यह मेडल लंदन के एक नीलामी घर की सूची में दिखाई दिया। परिवार को जानकारी मिलते ही इसे वापस लाने की कोशिश शुरू हुई। मामला हिमाचल पुलिस, भारत सरकार और ब्रिटिश अधिकारियों तक पहुंचा और नीलामी पर रोक लगाई गई।

बिना फीस लड़ी गई लंदन में कानूनी लड़ाई

ब्रह्मी देवी के पक्ष में ब्रिटिश बैरिस्टर इयान मेस ने प्रो बोनो यानी बिना फीस के कानूनी लड़ाई लड़ी। लंबी प्रक्रिया के बाद ब्रह्मी देवी के हक को स्वीकार किया गया और ब्रिटिश सरकार के सहयोग से जॉर्ज क्रॉस भारत वापस लाया गया।

12 सितंबर को फिर याद आई शहादत

ब्रह्मी देवी की चतुर्वर्षी पर उनकी संघर्षगाथा एक बार फिर स्मृतियों में जीवंत हो उठी है। संयोग है कि 12 सितंबर 1945 को ही नायक कृपा राम ने साथियों की जान बचाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक ओर 14 वर्ष की उम्र में पति को खोने वाली महिला, दूसरी ओर साथियों की जिंदगी बचाने के लिए जान न्योछावर करने वाला सैनिक और फिर उसकी आखिरी निशानी को वापस पाने के लिए 13 वर्षों तक चला संघर्ष-यह कहानी केवल जॉर्ज क्रॉस की वापसी की नहीं है। यह प्रेम, बलिदान, धैर्य और दृढ़ संकल्प की ऐसी मिसाल है, जिसे आने वाली पीढ़ियां भी याद रखेंगी।

न्यूज ब्रीफ

चक्की दरिया में अज्ञात महिला का शव बरामद

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। थाना डमटाल के तहत चक्की दरिया में थबकौर गांव के समीप एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पानी से बरामद हुआ। शव नग्न अवस्था में मिलने तथा शरीर पर चोट के निशान पाए जाने से मामला संदिग्ध हो गया है। सूचना मिलने पर एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नूरपुर भेज दिया है। महिला की उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। शव को 72 घंटे तक नागरिक चिकित्सालय नूरपुर के शवगृह में शिनाख्त के लिए रखा गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

मंदल में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। धर्मशाला विद्युत उप मंडल-2 के सहायक अभियंता लोकेश चौधरी ने जानकारी दी है कि पुरानी विद्युत लाइनों को नई विद्युत लाइनों में बदलने व सामान्य रख-रखाव के कारण 12 सितंबर को डीटीआर 250 केवीए मंदल व इसके आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। मौसम खराब होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

गणेश विसर्जन स्थलों पर रहेगी पैनी नजर

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। गणेश उत्सव के तहत 14 सितंबर को जिला कांगड़ा के विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सभी उपमंडलाधिकारियों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने, यातायात सुचारू रखने और स्थलों की बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती तथा स्वास्थ्य विभाग से समन्वय रखने को कहा गया है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जलस्रोतों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मां बज्रेश्वरी के दरबार पहुंचीं नायरा बनर्जी

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। बॉलीवुड अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने शुक्रवार को कांगड़ा स्थित प्रसिद्ध श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी राम शर्मा ने उन्हें पूजा-अर्चना करवाने के साथ माता की महिमा और मंदिर के धार्मिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान नायरा बनर्जी ने मंदिर से जुड़ी धार्मिक एवं ऐतिहासिक मान्यताओं के बारे में भी जानकारी ली। अभिनेत्री के मंदिर पहुंचने की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

2.52 करोड़ से बनेगा पीएचसी सिहवां का भवन

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शुक्रवार को पीएचसी सिहवां के नए भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण पर 2.52 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। फोरलेन के समीप होने के कारण आपात स्थिति में भी यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। पठानिया ने बताया कि सिहवां में ट्रॉमा सेंटर खोलने के प्रयास भी जारी हैं। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल शाहपुर को एक माह के भीतर नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। विधायक ने स्वास्थ्य संस्थान के लिए जमीन दान करने वाले स्व. दुलो राम को भी याद किया।

विधायक किशोरी लाल ने बांटे 60 स्प्रे पंप

अनंत ज्ञान, जितेन्द्र कौशल, बैजनाथ। विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के हरेड़ गांव में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक 2.0 के तहत कृषि उपकरण वितरण समारोह आयोजित किया गया। विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि किसानों को 60 स्प्रे पंप और 65 ग्रास कटर वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हरेड़ में अब तक करीब 24 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्य करवाए गए हैं। विधायक ने बताया कि योजना का उद्देश्य सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के साथ जल एवं मृदा संरक्षण और किसानों की आजीविका को मजबूत करना है।

स्वच्छ वायु स्वस्थ जीवन की बुनियाद : अमन

अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां। अंतरराष्ट्रीय 'क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज दिवस' के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य खंड नगरोटा सूरियां की ओर से जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों और आमजन को वायु प्रदूषण से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों तथा स्वच्छ वायु के महत्व की जानकारी दी गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमन ढुआ ने कहा कि प्रदूषित हवा से सांस संबंधी बीमारियों, हृदय रोग और एलर्जी का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने स्वच्छ वायु को बनाए रखने में हर नागरिक की भूमिका पर जोर दिया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद और सुमन कुमारी ने एयर क्वालिटी इंडेक्स की जानकारी देते हुए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की।

दिव्यांगता को मात देकर पलक ने रचा इतिहास

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत की मेधावी छात्रा पलक चौधरी ने शारीरिक दिव्यांगता को अपनी सफलता की राह में बाधा नहीं बनने दिया। सेरेब्रल पाल्सी के कारण 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता और चलने में असमर्थ होने के बावजूद पलक ने मार्च 2026 में 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। अब उन्होंने हिमाचल प्रदेश डीएलएड प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ज्ञान ज्योति कॉलेज, राजोल में प्रवेश प्राप्त किया है। पलक की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशेर भारती और शिक्षकों ने उन्हें 51 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। विद्यालय ने भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

आईटीआई शाहपुर में अप्रेंटिस मेला 14 को

अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर में 14 सितंबर 2026 को अप्रेंटिस मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियां युवाओं को अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगी। इसमें आईटीआई के सभी ट्रेडों के अभ्यर्थियों के साथ 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा एवं डिग्री धारक युवक-युवतियां भी अपनी योग्यता के अनुसार भाग ले सकेंगे। आईएमसी अध्यक्ष ई. सुरजीत राणा के मार्गदर्शन और प्रधानाचार्य ई. रवि कुमार के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियां जारी हैं। संस्थान की टीम मेले को सफल बनाने में जुटी हुई है।

पालमपुर में 15 को 150 पदों पर होगी भर्ती

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। वर्धमान यार्न एंड थ्रेड्स लिमिटेड, लुधियाना द्वारा मशीन ऑपरेटर ट्रेनी के 150 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार 15 सितंबर 2026 को उप-रोजगार कार्यालय पालमपुर में होगा। पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकेंगे। उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास तथा आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 13,486 से 15,483 रुपये मासिक वेतन के साथ अन्य सुविधाएं मिलेंगी। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी दो पासपोर्ट फोटो, हिमाचली बोनाफाइड, मूल शैक्षणिक दस्तावेज, बायोडाटा और अनुभव प्रमाण-पत्र साथ लाएं। साक्षात्कार सुबह 11 बजे होगा।

स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 4 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कांगड़ा की ओर से स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। जिला संयोजक आयुष चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। पंजीकरण 14 से 26 सितंबर तक होगा और शुल्क 30 रुपये रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर विजेताओं को 31 हजार, 21 हजार और 15 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में करंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित, हिमाचल से जुड़े विषय और विद्यार्थी परिषद से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है।

फाइव डे वीक, समान इंसेंटिव व ओपीएस को लेकर बैंक कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

मांगें न मानने पर तीन दिन बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। बैंक कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर देशभर में हुई एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का असर धर्मशाला में भी देखने को मिला। बैंक कर्मचारी संगठनों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव में समानता, नई भर्ती कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में संशोधन की मांग उठाई। संगठनों के अनुसार देशभर में करीब साढ़े सात लाख कर्मचारी, वर्कर और अधिकारी हड़ताल में शामिल हुए।

धर्मशाला में मांगों को लेकर प्रदर्शन करत बैंक कर्मी। अनंत ज्ञान

हिमाचल बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन एवं पीएनबी स्टाफ यूनियन हिमाचल प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी राजकुमार गौतम ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांग है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में 10वें द्विपक्षीय समझौते के दौरान दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश के साथ भविष्य में फाइव डे वीक लागू करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 11वें और 12वें समझौते के बावजूद मांग पूरी नहीं हुई। गौतम ने परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव में असमानता का आरोप लगाते हुए कहा कि बैंक की सफलता में जमीनी स्तर पर काम

◆ **धर्मशाला में बैंक कर्मियों ने की हड़ताल**

करने वाले कर्मचारियों की अहम भूमिका है, इसलिए उन्हें भी उचित इंसेंटिव मिलना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2010 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए एनपीएस के बजाय ओपीएस लागू करने तथा पुराने पेंशनर्स की पेंशन वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी। इसके बाद 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया गया है।

कांगड़ा जिले में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

इस वर्ष काटे 72,434 के चालान

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। जिला कांगड़ा में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार इस वर्ष अब तक जिले में 72 हजार 434 चालान जारी किए जा चुके हैं। इनमें 31 हजार 730 चालान आईटीएमएस के माध्यम से ऑटोमैटिक चालानिंग के तहत किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि महज चालान करना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। जिला कांगड़ा पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस वर्ष अब तक जिले में 72,434 चालान जारी किए गए हैं, जिनमें से 31,730 चालान आईटीएमएस के माध्यम से ऑटोमैटिक तरीके से जारी हुए हैं।

एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने जैसे गंभीर यातायात उल्लंघनों के मामलों में संबंधित रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंसिंग

◆ **आईटीएमएस से हुए 31,730 चालान : एसपी**

अथॉरिटी को ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश की जाती है। ऐसे मामलों में लाइसेंस को तीन महीने के लिए निलंबित करने की अनुशंसा की जाती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति तीन या उससे अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन करता है तो नियमों के तहत वाहन की आरसी रद्द करने का भी प्रावधान है। पुलिस लगातार ऐसे वाहन चालकों पर नजर रख रही है।

एसपी ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई सिर्फ चालान तक सीमित नहीं है। नाकाबंदी और अन्य अभियानों के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस काम में टैक्सी यूनियन व बस यूनियन के पदाधिकारी भी पुलिस के साथ मिलकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे हेलमेट, सीट बेल्ट सहित सभी यातायात नियमों का पालन करें। लगातार नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस नियमानुसार कार्रवाई जारी रखेगी।

परागपुर दंगल में देश-विदेश के पहलवानों ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान

परागपुर। परागपुर की ऐतिहासिक नक्की में डेढ़ सदी पुरानी परंपरा को सहेजते हुए 153वें नौण मेले का भव्य आयोजन किया गया। ऐतिहासिक अखाड़े में आयोजित कुश्ती दंगल मेले का मुख्य आकर्षण रहा। ईरान के होदी और महाराष्ट्र के शिवा सहित पंजाब, हरियाणा, जम्मू तथा स्थानीय क्षेत्रों के नामी पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर दमखम और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया।

दंगल के रोमांचक मुकाबलों के विजेताओं के बीच करीब नौ लाख रुपये की माली वितरित की गई। मुख्य अतिथि होशियारपुर के उद्योगपति संजय सूद ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति, भाईचारे और गौरवशाली परंपराओं को संजोने के साथ पीढ़ियों को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने मेला कमेटी अध्यक्ष रुपिंदर सिंह डैनी को एक लाख 21 हजार रुपये का चेक भेंट किया। साथ ही चार स्थानीय मंदिरों को 51-51 सौ रुपये तथा 22 जरूरतमंद विद्यार्थियों को 31-31 सौ रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

पेड पार्किंग शुरू होने तक 3 घंटे से अधिक खड़े वाहनों के होंगे चालान

अनंत ज्ञान

मनोज चंदेल, योल। योल बाजार में पार्किंग और रेहड़ी-फड़ी की समस्या के समाधान को लेकर व्यापार मंडल योल के तत्वावधान में शुक्रवार को राधा कृष्ण मंदिर में बैठक आयोजित की गई। इसमें व्यापारियों के साथ स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लेकर बाजार की समस्याओं पर चर्चा की और सुझाव रखे। बैठक में पुलिस चौकी प्रभारी अरुणेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल विजय, चतेड़ पंचायत प्रधान रानी कुमारी, उपप्रधान साजन कुमार, लहैसर पंचायत के उपप्रधान सुखविंद्र सिंह बबलू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि चतेड़ पंचायत क्षेत्र में आर्मी की दीवार के साथ लगते स्थान पर पेड पार्किंग शुरू की जाएगी। जब तक यह व्यवस्था शुरू नहीं होती, पुलिस दिन में चार बार बाजार में गश्त करेगी। इस दौरान वाहनों की निगरानी की जाएगी तथा तीन घंटे से अधिक समय तक खड़े पाए जाने वाले वाहनों के चालान किए जाएंगे।

व्यापार मंडल ने व्यापारियों, किराएदारों और स्थानीय लोगों से अपने वाहनों के लिए

◆ **योल बाजार में पार्किंग समस्या के समाधान को लेकर व्यापार मंडल की बैठक आयोजित**

स्थायी पार्किंग की व्यवस्था करने की अपील की। पीरू सिंह चौक से गहरी पुल तक उपलब्ध खुली जगह का इस्तेमाल मुख्य रूप से ग्राहकों के लिए अल्प अवधि की पार्किंग के रूप में करने पर जोर दिया गया। व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल जल्द एसडीएम से मिलकर स्थायी पार्किंग की योजना प्रस्तुत करेगा। बस स्टैंड के पास एक समय में दो गुड्स कैरियर और दो सवारी वाहनों को ही खड़ा करने का निर्णय लिया गया। रेहड़ी-फड़ी को लेकर शिकायतें लिखित रूप में व्यापार मंडल को देने पर संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी करने और पुलिस को प्रति उपलब्ध करवाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में सभी पक्षों ने मिलकर बाजार की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुधारने पर सहमति जताई।

टांडा अस्पताल में दवाइयों का टोटा मरीजों की जेब पर पड़ रहा बोझ

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। प्रदेश के डबसे बड़े दुसरे अस्पताल टांडा मेडिकल कॉलेज की डिस्पेंसरी में मिलने वाली सरकारी दवाईयों से मरीजों को मोहताज होना पड़ रहा है। बताते चले कि टांडा में हृदय रोग, हड़ी रोग, बच्चों के रोग, जच्चा बचा, मेडिसिन विभगा, कैंसर रोग, इत्यादि कई रोगों के विभाग उपसथित है। मिली जानकारी के अनुसार यहां पर प्रतिदिन 3 हज़ार के प्रति मरीज़ उपचार के लिए आते रहते है, लेकिन डॉक्टर्स द्वारा लिखी जाने वाली दवाइयां मरीजों को डिस्पेंसरी में नही मिल पाती।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार लोगों को यहाँ पर तमाम दवाएं उपलब्ध करवाने की घोषणाए तो कर रही है परन्तु असलिअत कुछ और ही बयान कर कर रही है। जानकारी के अनुसार जहां प्रदेश सरकार टांडा मेडिकल कॉलेज को सालाना 20 करोड़ रुपय की दवाइयां देने के दावे कर रही है परन्तु उनमे से मात्र टांडा के लिए 12 करोड़ का अस्टीमेट बनता है, परन्तु टांडा अस्पताल के लिए 2 करोड़ की दवाइयां ही वर्ष भर मे मिलती है।

वहीं इस सन्दर्भ मे टांडा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विवेक बनियाल ने कहा कि उनके पास दवाइयों की जो लिस्ट बनती है उसमे से तमाम दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि वह सरकार को तमाम लिस्ट दे देते है।

स्मॉल हाइव बीटल से नुकसान की रिपोर्ट जल्द तैयार करें : पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर। मिनी सचिवालय शाहपुर में वीरवार को बागवानी विभाग द्वारा मधुमक्खी पालकों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने की। शिविर में स्मॉल हाइव बीटल से मधुमक्खियों को होने वाले नुकसान और इसकी रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। केवल सिंह पठानिया ने एसडीएम शाहपुर को संबंधित पंचायतों के पटवारियों के माध्यम से नुकसान का आकलन करवाकर जल्द विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि मामला मुख्यमंत्री एवं बागवानी मंत्री के समक्ष उठाकर प्रभावित मधुमक्खी पालकों को सहायता दिलाई जा सके। उन्होंने शाहपुर क्षेत्र के 29 पंजीकृत मधुमक्खी पालकों की सोसायटी गठित करने का सुझाव देते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

बागवानी विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलशील नेगी ने शिविर में स्मॉल हाइव बीटल तथा इसकी रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अब तक 14 जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

गरली-परागपुर साडा क्षेत्र में टीसीपी एनओसी रिकॉर्ड गायब, मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

प्रवेश शर्मा, परागपुर। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के अधीन आने वाले ऐतिहासिक एवं धरोहर क्षेत्र गरली-परागपुर में सुनियोजित विकास के दावों के बीच टीसीपी एनओसी को लेकर बड़ा प्रशासनिक मामला सामने आया है। आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार पंचायत स्तर से जारी की गई एनओसी का रिकॉर्ड संबंधित पंचायत कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। इससे पंचायत और साडा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जल शक्ति विभाग मंडल परागपुर से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के मुताबिक पिछले तीन वर्षों में साडा क्षेत्र में ऐसी 73 एनओसी के आधार पर नल कनेक्शन जारी किए गए हैं। विभागीय फाइलों में पंचायत प्रधान द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्रों की प्रतियां मौजूद हैं, लेकिन पंचायत कार्यालय में इन स्वीकृतियों का कोई रिकॉर्ड नहीं मिलने से मामला गंभीर हो गया है।

नियमों के मुताबिक टीसीपी एक्ट के तहत निर्माण अथवा सेवा कनेक्शन

◆ **आरटीआई से खुलासा एनओसी जारी करने की प्रक्रिया व जवाबदेही पर उठे गंभीर सवाल**

के लिए निर्धारित प्रक्रिया, साइट निरीक्षण, लैंड यूज सत्यापन और आवश्यक पत्राचार के बाद ही एनओसी जारी की जानी चाहिए। साथ ही इनका डिस्पैच और रिकॉर्ड संधारित करना भी जरूरी है। ऐसे में रिकॉर्ड उपलब्ध न होना कई सवाल खड़े करता है।

सहायक मंडलीय योजनाकार, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग धर्मशाला मनदीप सिंह ने कहा कि एनओसी पंचायत प्रधान, जो साडा के गैर-सरकारी सदस्य हैं, उनके द्वारा जारी की जा रही है, इसलिए उसका रिकॉर्ड पंचायत के पास होना जरूरी है। यदि रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा है तो बीडीओ उनसे जवाबदेही ले सकते हैं।

मामले ने साडा क्षेत्र में टीसीपी नियमों के पालन, एनओसी प्रक्रिया और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर चर्चा तेज कर दी है।

वादे और गारंटियां भूली कांग्रेस, जनता परेशान : विपिन परमार

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। भाजपा थुरल मंडल की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी राजनीतिक परिस्थितियों, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। परमार ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को स्वयं परख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े वादे और गारंटियां दीं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उनसे मुंह मोड़ लिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी, युवा, महिलाएं, किसान-बागवान, व्यापारी और आम परिवार सरकार की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब केवल बैठकों तक सीमित रहने के बजाय जनता के बीच जाएं। प्रत्येक पंचायत, बूथ और गांव में सक्रिय भूमिका निभाते हुए केंद्र की योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाएं और पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने में सहयोग करें।

महिला को वापस करवाए 28,500 रुपए

अनंत ज्ञान, नूरपुर। पुलिस थाना रेहन की टीम ने साइबर ठगी का शिकार हुई महिला के 28,500 रुपये वापस करवाने में सफलता हासिल की है। फतेहपुर क्षेत्र की महिला ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी कि अनजान कॉलर ने झांसा देकर उसके बैंक खाते से 32,500 रुपये की ऑनलाइन ठगी की। शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने तकनीकी प्रक्रिया शुरू कर संबंधित लेनदेन को ट्रैक किया और 28,500 रुपये सुरक्षित बैंक खाते में वापस करवाए। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने इसकी पुष्टि की। पुलिस ने लोगों से अनजान कॉल, संदेश और लिंक से सावधान रहने तथा ओटीपी और यूपीआई पिन साझा न करने की अपील की।

नशा तस्कर की 3.32 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। नशा तस्करी के मामले में डमटाल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति फ्रीज करने के आदेशों को अमल में लाया। थाना डमटाल प्रभारी विशाल राठौर की अगुवाई में पुलिस टीम ने छन्नी बेली गांव में कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार फ्रीज की गई संपत्ति में होटल क्वालिटी कम रेस्टोरेंट और आलीशान मकान शामिल हैं। यह संपत्ति नशा तस्कर बलविंदर उर्फ बिल्ला की पत्नी उर्मिला देवी के नाम पंजीकृत बताई गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत की। पुलिस के अनुसार संपत्ति अवैध गतिविधियों से अर्जित की गई थी।

पेड़ काटने के मामले का उद्घोषित अपराधी पकड़ा

अनंत ज्ञान, पिंकी डाडासीबा। पुलिस थाना संसारपुर टैरस की टीम ने खैर के पेड़ काटने के मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी को डमटाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी अजय कुमार पुत्र चैन सिंह, निवासी इंदपुर, तहसील इंदौरा, पिछले वर्ष वन बीट कोटला के जखुणी में खैर के पेड़ काटने के मामले में गिरफ्तार हुआ था। मामले की शिकायत सितंबर 2025 में दर्ज की गई थी। इसके बाद आरोपी लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहा था। अदालत ने 14 जुलाई को उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। थाना प्रभारी संजय शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने वीरवार को आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को देहरा अदालत में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

टेबल टेनिस टूर्नामेंट की विजेता टीमें की सम्मानित

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में आईकेजी पीटीयू जालंधर इंटर कॉलेज टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करीब 14 कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें 10 पुरुष और चार महिला टीमें शामिल रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कमांडर सुमित ओबेरॉय तथा गेस्ट ऑफ ऑनर श्री साई ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज उपस्थित रहे। पुरुष वर्ग में डेविएट जालंधर, सीटी कॉलेज शाहपुर और सीजीसी लांड्रा तथा महिला वर्ग में डेविएट जालंधर, सीजीसी लांड्रा और आईकेजी पीटीयू मुख्य परिसर ने शीर्ष स्थान हासिल किए। विजेताओं को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता में नक्ष ने जीता स्वर्ण

अनंत ज्ञान, पिंकी डाडासीबा। पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहरा में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बैह ढोंटा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। नक्ष भट्टी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया और अब उनका चयन राज्य स्तरीय अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मंडी में आयोजित होगी। वहीं आदर्श चौहान ने कांस्य पदक जीता, जबकि मनन ठाकुर ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग कोच अरवाज बेग ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने खिलाड़ियों और अभिभावकों को बधाई दी।

प्रधानाचार्य खुशहाल शर्मा ने सुनीं समस्याएं

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में पुलिस पेंशनर्स एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पीटीसी डरोह के प्रधानाचार्य एवं उपमहानिरीक्षक पुलिस डॉ. खुशहाल शर्मा ने की। पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन जिला कांगड़ा के अध्यक्ष मनोज वालिया सहित अन्य सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान, पेंशनर के निधन पर गार्ड ऑफ ऑनर, साक्ष्य के लिए बाहर जाने पर ठहरने की उचित व्यवस्था सहित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। डॉ. खुशहाल शर्मा ने सभी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उचित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

15 लाख से विकसित हो रहा बास्केटबॉल कोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक पवन काजल ने कहा कि वैदी पंचायत में मुख्यमंत्री खेल योजना के तहत 15 लाख रुपये की लागत से बास्केटबॉल कोर्ट और खेल मैदान का विकास कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही ग्रामीण युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ग्रामीण स्तर पर खेल मैदान विकसित करना जरूरी है। पंचायतों की ओर से खेल मैदान के लिए भूमि उपलब्ध करवाने पर पर्याप्त बजट मुहैया करवाया जाएगा। काजल ने बताया कि वैदी में चार लाख रुपये से पंचायत घर का निर्माण और 10 विद्युत मोटर चालित हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार की कमजोर आर्थिक स्थिति पर भी चिंता जताई।

नवंबर-2026 टेट के लिए आवेदन शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर-2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 3 अक्टूबर रात 11:59 बजे तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 4 से 8 अक्टूबर तक 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन का अवसर मिलेगा। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1200 रुपये और ओबीसी, एससी, एसटी व दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 700 रुपये निर्धारित है। आवेदन में सुधार के लिए 9 से 12 अक्टूबर तक ऑनलाइन विंडो खुली रहेगी। टेट परीक्षाएं 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक दो पालियों में आयोजित होंगी। एडमिट कार्ड परीक्षा से चार दिन पहले जारी किए जाएंगे।

त्रिलोक की अगुवाई में निकाली आक्रोश रैली

अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर भाजपा महिला मोर्चा ने वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोक कपूर की अगुवाई में प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से भाजपा जिला कार्यालय तक निकली रैली में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने त्रिलोक कपूर के नेतृत्व में पालमपुर में भाजपा संगठन की मजबूती की सराहना की। वहीं कपूर ने प्रदेश सरकार पर महिलाओं सहित विभिन्न वर्गों से किए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

किसानों को दिया जैविक खेती का प्रशिक्षण



अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के जैविक कृषि एवं प्राकृतिक खेती विभाग ने अनुसूचित जाति किसानों के लिए जैविक खेती पर दो दिवसीय एक-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 9 और 10 सितंबर को आयोजित प्रशिक्षण में कांगड़ा जिले के विभिन्न गांवों के 80 किसानों ने भाग लिया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक एवं टिकाऊ जैविक खेती के प्रति जागरूक करना रहा। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जनार्दन सिंह ने किसानों को फसल विविधीकरण, अंतरवर्तीय दलहनी फसलों और मृदा स्वास्थ्य सुधार की जानकारी दी। उन्होंने कृषि रसायनों के असंतुलित उपयोग से बचने और जैविक खेती को लाभकारी उद्यम के रूप में अपनाने का आह्वान किया।

अंकुश ने 68 किलो वर्ग में जीता स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान, परागपुर। राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बॉयज परागपुर में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 मेजर खेल प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। प्रधानाचार्य मुनीश कुमार शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुश्ती में मेजबान स्कूल के अंकुश ने 68 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। शगुन ने 33 किलो वर्ग में स्वर्ण, जबकि काव्या और आराध्या ने कांस्य पदक हासिल किए। नितीश ने रजत और निलेश ने कांस्य पदक जीता। कुश्ती की ओवरऑल ट्रॉफी जीएसएसएस फतेहपुर ने जीती। हैंडबॉल और बास्केटबॉल में कॉमेट मानसा पब्लिक स्कूल देहरी विजेता रहा, जबकि हॉकी में जीएसएसएस शाहपुर ने खिताब अपने नाम किया। मार्च पास्ट में मेजबान स्कूल ने दोनों ट्रॉफियां जीतीं।

न्यूज ब्रीफ

मट्टनसिद्ध में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 13 सितंबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के कार्य के चलते मट्टनसिद्ध, डुग्घा, कुटिया, शास्त्री कॉलोनी, दोसड़का, फाटला, पंजयाली, बाईपास, लालड़ी, लाहड़, जसौर, बारल, दुगनेड़ी, घनाल कलां, प्रताप गली, बराड़ बल्ह, अणु कलां और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि अगर 13 सितंबर को मौसम खराब रहा तो लाइनों का मरम्मत कार्य 20 सितंबर को किया जाएगा।

फ्लाई ब्वॉय का फाइनल परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में फ्लाई ब्वॉय (ऑफसेट) के तीन पदों पर जॉब ट्रेनी आधार पर भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। पोस्ट कोड-25010 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा के बाद दस्तावेजों की जांच में तीन अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि भर्ती के लिए 108 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें 54 ने परीक्षा दी और 12 अभ्यर्थियों को दस्तावेज जांच के लिए चयनित किया गया। तीन अगस्त को दस्तावेज जांच के बाद निखिल खरियाल, बलवंत कुमार और हितेश कुमार का चयन हुआ। परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

डॉ. संगीता ने संभाला प्राचार्या का कार्यभार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में डॉ. संगीता सिंह ने प्राचार्या के पद का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में कार्यरत थीं। महाविद्यालय पहुंचने पर शिक्षक एवं गैर-शिक्षक स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. संगीता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने स्टाफ से समन्वय के साथ कार्य करते हुए संस्थान की प्रगति में योगदान देने की अपेक्षा जताई।

स्कूली शिक्षा में हो हिंदी माध्यम का विकल्प

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश टीजीटी कला संघ ने स्कूल शिक्षा बोर्ड और शिक्षा निदेशक से कक्षा 1 से 10 तक विद्यार्थियों को हिंदी व अंग्रेजी माध्यम का विकल्प देने की मांग की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि कक्षा 6 के सामाजिक अध्ययन सहित लोक संस्कृति, योग और कला विषयों की पुस्तकें हिंदी में भी उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में हिंदी माध्यम का विकल्प देने के निर्देश जारी होने के बावजूद कई सरकारी स्कूलों में पुस्तकें केवल अंग्रेजी में मिल रही हैं। संघ ने सत्र 2026-27 से पहले विद्यालयों से विद्यार्थियों की माध्यम संबंधी मांग जुटाकर उसी अनुसार पुस्तकें उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया है।

स्वाइन फ्लू के लक्षण पर न बरतें लापरवाही

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार फोतेदार ने स्वाइन फ्लू (इन्फ्लूएंजा) से बचाव के लिए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के दौरान वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, सिरदर्द, शरीर में दर्द या अत्यधिक थकान जैसे लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में चिकित्सकीय परामर्श लें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। खांसते-छींकते समय मुंह-नाक ढकने, हाथ नियमित धोने और भीड़भाड़ से बचने की अपील की गई है। बिना चिकित्सकीय सलाह दवा न लेने को कहा गया है।

नई मानव संसाधन नीति के प्रारूप पर मंथन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं प्रबंधन समिति महासंघ की मासिक बैठक दी मेड़ कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के सभागार में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यशवंत सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र सरकार की प्रस्तावित नई मानव संसाधन नीति के प्रारूप पर चर्चा की गई। प्रदेश की विभिन्न सहकारी सभाओं से मिले सुझावों और आपत्तियों को समेकित कर सरकार व सहकारी विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला हमीरपुर की कुछ सहकारी संस्थाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। महासंघ ने मामलों की निष्पक्ष जांच के साथ विभागीय निगरानी व्यवस्था की भूमिका और जिम्मेदारी तय करने की मांग की। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

नादौन में अंडर-14 छात्राओं की प्रतियोगिता शुरू

अनंत ज्ञान, नादौन, सोनल। पीएम श्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में अंडर-14 छात्राओं की तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में नादौन ब्लॉक के करीब 30 विद्यालयों की 238 छात्राएं कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और शतरंज में प्रतिभा दिखा रही हैं। एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेलों में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। छात्राएं अब विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग और शिक्षक मौजूद रहे।

स्वयंसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा की एनएसएस इकाई ने महाविद्यालय के दोनों परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई की और परिसर में बिखरे कचरे को एकत्रित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कॉलेज उपप्राचार्य प्रो. प्रमोज शर्मा ने स्वयंसेवकों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को घर, गांव और समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। अभियान में प्रो. राजीव ठाकुर, प्रो. संदीप शर्मा, प्रो. रोहित व प्रो. शशि भी मौजूद रहे।

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की रुद्र पूजा 14 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से 14 सितंबर को शाम 5 बजे एनआईटी हमीरपुर परिसर में विशेष रुद्र पूजा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अभय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं, आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र बेंगलुरु से विद्वान पंडित पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-विधि संपन्न करवाएंगे। आयोजकों के अनुसार रुद्र पूजा श्रद्धालुओं के लिए ध्यान, साधना और आत्मिक शांति का अवसर प्रदान करेगी। यह आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आयोजकों ने हमीरपुर व आसपास के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

नादौन में सेल्स-मार्केटिंग के साक्षात्कार 15 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। अणु, हमीरपुर स्थित मैसर्स विमांशु एलिवेटर एंड एस्कलेटर में सेल्स-मार्केटिंग और सर्विस इंजीनियर के 5-5 पदों की भर्ती के लिए 15 सितंबर को सुबह 10 बजे उप रोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार होंगे। सेल्स-मार्केटिंग पदों के लिए 12वीं या इससे अधिक शिक्षित 25 से 35 वर्ष आयु के पुरुष फ्रेशर्स पात्र होंगे। चयनितों को 18 से 20 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा। सर्विस इंजीनियर पदों के लिए 10वीं-12वीं पास व किसी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं, जिन्हें 15 से 20 हजार रुपये वेतन मिलेगा। दोनों पदों के लिए अपना वाहन जरूरी है। अभ्यर्थी मूल प्रमाणपत्र व हिमाचली प्रमाणपत्र साथ लाएं।

हमीरपुर-अवाहदेवी एनएच बना जानलेवा

दरकोटि से टौणीदेवी तक उखड़ी टारिंग और गड्ढों ने बढ़ाया हादसों का खतरा

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- मॉर्थ दफ्तर शिमला शिफ्ट, मरम्मत का जिम्मा लेने को कोई तैयार नहीं

विक्रम ढटवालिया, टौणीदेवी हमीरपुर। हमीरपुर से अवाहदेवी तक जाने वाले अटारी-मनाली टू-लेन नेशनल हाईवे की हालत इन दिनों फिर बेहद दयनीय हो चली है। हमीरपुर से लेकर अवाहदेवी तक यह हाईवे जगह-जगह से उखड़ना शुरू हो गया है, जिससे इस पर सफर करना वाहन चालकों के लिए किसी सजा से कम नहीं है।

सबसे ज्यादा खराब स्थिति दरकोटि के पास बनी हुई है, जहां सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों को हर पल हादसे का डर सता रहा है। इसी तरह एनआईटी हमीरपुर के आगे कोट के पास भी सड़क की हालत बेहद खराब है। यहां टारिंग उखड़ चुकी है और बजरी बाहर आ गई हैं।

टौणीदेवी के आसपास भी कई जगह सड़क टूट चुकी है। टौणीदेवी से आगे अवाहदेवी तक तो दर्जनों जगह गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि टौणीदेवी से एनआईटी तक लगभग पांच जगह पर सड़क का सेंटर वाला हिस्सा पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और धंसना शुरू हो गया है। इससे रात के समय हादसे का खतरा कई गुना बढ़ गया है, क्योंकि सामने से आ रहे वाहन को गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाता।

इस हाईवे की मरम्मत को लेकर अब एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत इस रोड का निर्माण हुआ है, लेकिन हमीरपुर स्थित इस मंत्रालय का यह दफ्तर अब शिमला ट्रांसफर हो गया है। इस सड़क के रखरखाव का जिम्मा अब कौन संभालेगा यहां कोई अधिकारी बैठता नहीं है। अब इस सड़क की मरम्मत कौन करेगा, यह किसी को पता नहीं है।

जब इस बारे में हमीरपुर में नेशनल हाईवे का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने कहा कि यह रोड़ उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। इसके बारे में मॉर्थ वाले अधिकारी ही बता पाएंगे। वहीं शिमला स्थित मॉर्थ के अधिकारी पिछले एक हफ्ते से फोन तक नहीं उठा रहे हैं।

ऐसे में स्थिति यह है कि वाहन चालक हिचकोले खाते रहेंगे और आने वाले कुछ दिनों में बरसात के कारण इस हाईवे का ढांचा और ज्यादा बिगड़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस हाईवे की मरम्मत की जिम्मेदारी तुरंत तय की जाए। जिस कंपनी ने इसका निर्माण किया है उसके खिलाफ भी करवाई तो होनी ही चाहिए। यह हाईवे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समीरपुर स्थित आवास को भी जोड़ता है।

ग्रोथ-2026 में देशभर के शिक्षाविदों व शोधकर्ताओं ने साझा किए विचार

- एनआईटी हमीरपुर में जीएसटी रैशनलाइजेशन 2.0 पर राष्ट्रीय सम्मेलन

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के प्रबंधन अध्ययन विभाग की ओर से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सहयोग से 'जीएसटी रैशनलाइजेशन 2.0' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ग्रोथ-2026 का आयोजन 9 और 10 सितंबर को किया गया। सम्मेलन एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एच.एम. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में एनआईटी की कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष नानौटी विशिष्ट अतिथि रहीं। आईआईटी रुड़की के प्रो. संतोष रंगनेकर और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव इंजीनियर अनुपम ठाकुर ने मुख्य वक्ताओं के रूप में विचार रखे। सम्मेलन में देशभर के आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी सहित विभिन्न संस्थानों के शिक्षकों, शोधकर्ताओं और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन के लिए 100 से अधिक शोध-पत्र प्राप्त हुए और 12 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। समापन पर प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। ग्रोथ-2026 के तहत 11 से 21 सितंबर तक जीएसटी 2.0 पर विशेषज्ञ पैनल चर्चा, गोलमेज परिचर्चा और आउटरीच कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

नैंसी मिस और नितिन ठाकुर चुने मिस्टर फ्रेशर

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन (आईएचएम) हमीरपुर में नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 'अभ्युदय: दीक्षारंभ-2026' समारोह आयोजित किया गया। इसमें हमीरपुर के एडीसी एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

अभिषेक गर्ग ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समारोह का उद्देश्य नए और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच संवाद, सहयोग और सौहार्द को बढ़ावा देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, मेहनत, सकारात्मक सोच और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में तकनीकी दक्षता के साथ प्रभावी संवाद, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सेवाभाव भी जरूरी हैं।

समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। निहारिका, श्वेतल, चांदनी, सुजल, अजय, सूरज और पूर्वांश की नाटी ने खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में नैंसी को मिस फ्रेशर-2026 और नितिन ठाकुर को मिस्टर फ्रेशर-2026 चुना गया। विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

नशामुक्त हमीरपुर के लिए हर नागरिक दे सक्रिय योगदान: गर्ग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नशीले पदार्थों की मांग में कमी लाने और नशे की समस्या के प्रभावी समाधान के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन (एनएपीडीडीआर) के तहत शुक्रवार को होटल हमीर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायतीराज, उद्योग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला के समापन सत्र में एडीसी अभिषेक गर्ग ने कहा कि नशे की रोकथाम केवल सरकार, पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे समाज को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नशे की सप्लाई चेन तोड़ने और इसकी मांग खत्म करने के लिए विभिन्न एजेंसियां कार्य कर रही हैं, लेकिन हमीरपुर को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है।

मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदर्शी सोच से हमीरपुर को मिली ऐतिहासिक सौगात

एलाइड कॉलेज में 210 सीटों पर मिलेगा दाखिला: वर्मा

अनंत ज्ञान

टिकट पर फैसला हाईकमान ही करेगा

कॉन्फ्रेंस में जब उनसे यह पूछा गया कि आगामी विधानसभा चावन के लिए पार्टी के प्रत्याशी के रूप में उनका दावा कितना रहेगा उनका कहना था कि वे लगातार लोगों के बीच बने हुए हैं। टिकट देना या नहीं देना, पार्टी का फैसला होता है। लेकिन इतना जरूर है कि वे पार्टी के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हाईकमान का मिला-जुला फैसला होता है उसने मुझे दो बार चुनाव लड़ने का मौका दिया। राजनीति से जुड़ा हुआ जो उनका काम है उसे वह रोजाना करते हैं उसमें कोई कोर का असर नहीं छोड़ते। उसके लिए मुझे ना किसी को दिखाने की जरूरत है ना बताने की जरूरत है जो है वह सब सामने हो रहा है। सुबह से लेकर रात तक जनता के काम करवाने में ही वे अपना समय बिताते हैं।

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु की दूरअंदेशी सोच और तालीम-ए-सेहत के प्रति संजीदा नजरिए से हमीरपुर को एक नायाब तोहफा मिला है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि राष्ट्रीय संबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 के निफाज़ के बाद हमीरपुर में उत्तर भारत का पहला मुकम्मल और स्वतंत्र एलाइड एंड हेल्थकेयर कॉलेज स्थापित किया गया है, जो सेहत के निजाम में एक इंकलाब की बुनियाद बनेगा।

डॉ. वर्मा ने शुक्रवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री का शुक्रिया किया और कहा कि यह सिर्फ एक कॉलेज नहीं, बल्कि हिमाचल के नौजवानों के मुस्तकबिल की तामीर है। कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से चार स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इनमें बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी की 60, बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी की 60, बैचलर ऑफ एनेस्थीसिया एंड ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी की 60 और बैचलर ऑफ डायलिसिस थेरेपी टेक्नोलॉजी की 30 सीटें शामिल हैं। इस तरह हर वर्ष कुल 210 विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा।

डॉ. वर्मा ने बताया कि कॉलेज को स्वतंत्र संस्थान के रूप में विकसित किया गया है। इसके लिए प्रधानाचार्य, असिस्टेंट प्रोफेसर और ट्यूटर के 16 नए पद सृजित किए गए हैं। आधुनिक मशीनरी और अन्य उपकरणों की खरीद के लिए सात करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

नगर परिषद सुजानपुर ने कसा शिकंजा, हाउस टैक्स नहीं दिया तो कटेगा बिजली कनेक्शन

अनंत ज्ञान

- सुजानपुर में 41 लाख का गृहकर बकाया, 35 करदाताओं को नोटिस
- 132 दुकानों का एक करोड़ किराया फंसा, 24 दुकानदारों को नोटिस

सुजानपुर। नगर परिषद सुजानपुर ने लंबे समय से हाउस टैक्स और दुकानों के किराये की अदायगी न करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले नौ वार्डों में गृहकर के रूप में करीब 41 लाख रुपये की राशि फंसी हुई है। परिषद के रिकॉर्ड के अनुसार कुल 2513 गृह करदाता हैं, जिनमें से 35 करदाताओं को नोटिस जारी कर बकाया गृहकर जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर परिषद अब केवल नोटिस तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि बकाया राशि की वसूली के लिए आगामी दिनों में और कड़े कदम उठाने की तैयारी में है।

सबसे अहम बात यह है कि बकाया भुगतान को लेकर नगर परिषद ने 16 बिजली कनेक्शन काटने के लिए बिजली बोर्ड को सिफारिश भी भेजी है। इससे साफ है कि परिषद अब बकायेदारों को बार-बार समय देने के बजाय नियमानुसार कार्रवाई करने के मूड में है। हाउस टैक्स के साथ-साथ नगर परिषद की अपनी दुकानों से किराया वसूलना भी परिषद के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। नगर परिषद की 132 दुकानों का करीब एक करोड़ रुपये किराया बकाया बताया गया है। किराया जमा न करवाने वाले 24 दुकानदारों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। परिषद ने बकाया किराया जमा करवाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि नगर परिषद को शहर की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, नालियों, सड़कों और अन्य विकास कार्यों के लिए नियमित रूप से धन की आवश्यकता रहती है। जब परिषद का पैसा ही बकाया खातों में फंसा रहेगा तो विकास कार्यों पर इसका असर पड़ना स्वाभाविक है।

नगर परिषद अधिकारी ईओ हर्षित शर्मा ने बताया कि परिषद का काफी पैसा बकाया है, जिसके कारण विकास कार्यों में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि बकाया राशि की वसूली के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उन्हें समय पर बकाया राशि जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, कुछ मामलों में बिजली कनेक्शन काटने के लिए बिजली बोर्ड को सिफारिश भेजी गई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि नोटिस के बाद कितने करदाता और दुकानदार अपनी बकाया राशि जमा करवाते हैं और नगर परिषद की कार्रवाई आगे किस स्तर तक पहुंचती है।

ईओ ने दुकानदारों को खुद सामान हटाने की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। बाजार में अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को नगर परिषद ईओ हर्षित शर्मा ने बाजार का निरीक्षण कर दुकानों के बाहर रखे सामान और अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि वे अपनी दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण स्वयं हटा लें। अगली बार निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण मिला तो नगर परिषद सीधे कार्रवाई करेगी। ईओ हर्षित शर्मा ने कहा कि नगर परिषद पहले ही दो बार बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। इन कार्रवाइयों का असर अब बाजार में दिखाई दे रहा है और पहले की अपेक्षा अतिक्रमण की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। हालांकि, कुछ दुकानदार अभी भी दुकानों के बाहर सामान रखकर सार्वजनिक स्थान घेर रहे हैं। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि बाजार में व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। दुकानों के बाहर सामान रखने से राहगीरों को परेशानी होती है और बाजार की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए दुकानदार स्वयं अपना सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखें और किसी भी तरह का अतिक्रमण न करें।

नगर परिषद ने साफ कर दिया है कि अब अतिक्रमण करने वालों को बार-बार चेतावनी देने के बजाय सीधे कार्रवाई की जाएगी। ईओ ने कहा कि पहले दो बार कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को समझाया भी गया और सामान हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

रैगिंग के दोषी विद्यार्थी को हो सकती है 3 वर्ष की सजा

अनंत ज्ञान

- बहुतकनीकी कॉलेज हमीरपुर में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक आयोजित
- संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील

हमीरपुर। राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर में शुक्रवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर की अध्यक्षता में हुई बैठक में कमेटी सदस्यों, विभागाध्यक्षों, फैकल्टी सदस्यों, छात्र प्रतिनिधियों, अभिभावकों तथा हॉस्टल और पीजी संचालकों ने भाग लिया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि रैगिंग रोकने के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। रैगिंग गैर-जमानती अपराध है और दोषी विद्यार्थी को तीन वर्ष तक का कारावास, 50 हजार रुपये तक जुर्माना तथा संस्थान से निष्कासन की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि संस्थान, हॉस्टल, पीजी और आसपास के क्षेत्रों में किसी विद्यार्थी को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करना रैगिंग की श्रेणी में आता है। कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी व दस्तों का गठन किया गया है। प्रधानाचार्य ने छात्र प्रतिनिधियों से विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कमेटी को देने की अपील की। हमीरपुर थाने के एएसआई प्रदीप ने भी रैगिंग रोधी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी।

एमबीबीएस में चयन पर दो होनहारों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। लदरौर क्षेत्र के दो होनहार युवाओं आदित्य ठाकुर और दर्शिल ठाकुर ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर एमबीबीएस में चयन हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

लदरौर निवासी आदित्य ठाकुर ने नीट परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 353वां रैंक हासिल किया, जबकि सामान्य वर्ग की मेरिट में 190वां स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी घुमारवीं और उच्च शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से हुई है। उनका चयन डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन के लिए हुआ है।

वहीं, दर्शिल ठाकुर ने नीट में अखिल भारतीय स्तर पर 1901वां रैंक हासिल किया तथा हमीरपुर जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। उनका चयन एम्स बिलासपुर के लिए हुआ है।

प्रमुख समाजसेवी सुशील ठाकुर ने दोनों मेधावी छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दोनों युवाओं की सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

टूर्नामेंट जाहू में अंडर-19 छात्राओं की जोन-एक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

कबड्डी में हैप्स विकासनगर ने भोरंज को हराया

अनंत ज्ञान

- 21 स्कूलों की 215 खिलाड़ी दिखा रहीं खेल प्रतिभा

भोरंज। उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में भोरंज और हमीरपुर शिक्षा खंड जोन-एक की अंडर-19 लड़कियों की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता वीरवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ खिलाड़ियों की मार्च पास्ट सलामी के साथ भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा ने किया। जोन-एक की खेलकूद प्रतियोगिता में 21 स्कूलों में करीब 215 खिलाड़ी कबड्डी, वालीवाल और बैड़मिंटन खेल में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

पहले दिन में वालीबॉल खेल के मुकाबलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंड़खर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरवाड को 2-1 के अंतर से पराजित करके प्रथम जीत दर्ज की, जबकि दूसरे मैच में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झगड़ियाणी ने नाल्टी स्कूल को 2-1 से पराजित करके जीत दर्ज की। इसी तरह बैडमिंटन के मुकाबलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडैहर के खिलाड़ियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहन्वीं, हैप्स विकास नगर हमीरपुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ को पराजित किया इसके अलावी सीबीएसई हमीरपुर ने भोरंज को व हिम अकादमी हमीरपुर ने मनोह स्कूल को हराया। इसी तरह कबड्डी के खेल में पहला मुकाबला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेडा और सीबीएसई हमीरपुर के बीच खेला गया। जिसमें कुठेडा स्कूल के खिलाड़ियों ने सीबीएसई हमीरपुर को 22-16 के अंतर से पराजित करके जीत दर्ज की।

प्रतियोगितो का शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं बहुत जरूरी है क्योंकि खेलों में भाग विद्यार्थी शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनता है और अनुशासन की भावना सीखता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आहवान किया कि अच्छे खेल का प्रदर्शन करके विजेता और उप विजेता बनने का गौरव हासिल करें।

इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा व जिला क्रीडा संघ की ओर से मुख्यातिथि एसडीएम शशिपाल शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कांगड़ा सहकारी ग्रामीण एवं भूमि विकास बैंक के निदेशक रोशन लाल शर्मा, जिला परिषद जाहू वार्ड के सेक्टर प्रभारी जीवन दत्त लक्की, पंचायत प्रधान चमन लाल काकू, स्थानीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजन कपिल, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चमल लाल, खेलकूद प्रतियोगिता के समन्वय अशोक कुमार, सहायक समन्वयक अनिल कुमार, रिकॉडर सुनील दत्त, शारीरिक शिक्षक जगदीश चंद, चमन लाल, विनोद कुमार, एनएसएस के जिला समन्वयक रामलाल, रविकांत व अन्य उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

दीक्षा ने गेट-एचपीसेट परीक्षा में लहराया परचम

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट की होनहार बेटी दीक्षा राठौर ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। दीक्षा ने सीएसआईआर-एनईटी जीवन विज्ञान में देशभर में 29वीं रैंक और गेट जीवन विज्ञान में 259वीं रैंक प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने एचपीएसईटी में 202 अंक हासिल कर सफलता दर्ज की। दीक्षा ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से वनस्पति विज्ञान में बीएससी ऑनर्स और एमएससी ऑनर्स की पढ़ाई पूरी की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते वह बीएससी ऑनर्स और एमएससी ऑनर्स दोनों में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी हैं। दीक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता प्रमोद राठौर व रेखा राठौर, दादा शमशेर राठौर और पति विकास ठाकुर को दिया। उनकी उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए शिविर 14 को

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स-सर्विसमैन (जेसीओ/ओआर), यूनिट सरकाघाट की ओर से पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की पेंशन, ईसीएचएस, दस्तावेज व अन्य प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए 14 सितंबर को विशेष सहायता एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। शिविर शिव विलास होटल में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। जिला सैनिक कल्याण विभाग मंडी के वेलफेयर ऑर्गेनाइजर सूबेदार मेजर रोशन लाल और नायक अनिल कुमार सहायता देंगे। स्पर्श पेंशन के लिए निशुल्क केवाईसी, पीपीओ व मासिक पेंशन पर्ची की सुविधा भी मिलेगी। लाभार्थी आधार, पैन, ईसीएचएस कार्ड, डिस्चार्ज बुक और मोबाइल साथ लाएं।

नौलखा में पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बस स्टैंड बनाने की मांग

अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर। किरतपुर-मनाली फोरलेन से सटे नौलखा गांव में स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग की करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन पर बस स्टैंड बनाने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि विभाग जमीन की निशानदेही करवाकर इसे कब्जामुक्त कराए तो यहां सार्वजनिक उपयोग के लिए बेहतर बस स्टैंड बनाया जा सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 90 वर्ष पहले यहां से छातर गांव की ओर सड़क जाती थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण इसका अधिकांश हिस्सा अस्तित्व खो चुका है। लोगों ने पुराने सड़क मार्ग और विभागीय जमीन की निशानदेही करवाने तथा अवैध कब्जे पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। कुछ लोगों ने विभागीय कर्मचारियों पर कब्जाधारियों से मिलीभगत के आरोप भी लगाए हैं, हालांकि इनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय निवासियों ने मंडी उपायुक्त और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच और नौलखा में बस स्टैंड निर्माण की दिशा में कदम उठाने की मांग की है।

मंडी में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी द्वारा 12 सितंबर को जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विवेक कायस्थ ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, पेंशन, क्षतिपूर्ति, बैंक वसूली, बिजली और दूरसंचार बिल, आवास विवाद, उपभोक्ता शिकायत, मोटर वाहन चालान और मकान किराया विवादों से जुड़े मामले रखे जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाता है। इसमें न्यायालय शुल्क नहीं लगता और फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं होती है।

एकल विद्यालय अभियान समाज सुधार में निभा रहा योगदान

अनंत ज्ञान, बरोट। एकल विद्यालय अभियान प्रदेश में समाज सुधार और निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान समय में समाज सुधार से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। यह बात एकल विद्यालय अभियान के अंचल जोगिंदनगर के संच बरोट की संच प्रमुख प्रियंका ने कही। उन्होंने बताया कि जिला मंडी में अंचल जोगिंदनगर के तहत 301 एकल विद्यालय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों में पांच प्रमुख गतिविधियों बाल शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास, संस्कार शिक्षा सहित समाज जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एकल विद्यालय अभियान के संच बरोट के तहत छोटा भंगाल और चौहार घाटी में 30 विद्यालय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों में कार्यरत सभी आचार्य मेहनत, लगन और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि इन शिक्षकों के बिना समाज को बेहतर दिशा देना मुश्किल है। एकल विद्यालय के आचार्य बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ लोगों के घर-घर जाकर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई परिवारों में माता-पिता अशिक्षित होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में घर पर सहयोग नहीं कर पाते हैं। ऐसे बच्चों को एकल विद्यालय के आचार्य प्रतिदिन शाम के समय दो से तीन घंटे पढ़ाई करवाने के साथ संस्कारों की शिक्षा भी दे रहे हैं।

नलहौता में 16 सितंबर से सजेगा ग्रामीण मेला

अनंत ज्ञान, बरोट। बड़ा ग्रां पंचायत के नलहौता गांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देव अजियापाल युवक मंडल नलहौता के सौजन्य से सैर पर्व के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय ग्रामीण मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवक मंडल के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह मेला 16 से 18 सितंबर तक आयोजित होगा। मेले के दौरान कबड्डी, वालीबॉल, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकशी, घड़ा तोड़, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय व आसपास की पंचायतों के महिला मंडलों की पहाड़ी नाटियां और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा सांस्कृतिक संध्या भी मेले का प्रमुख आकर्षण रहेगी। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को मेले का शुभारंभ बड़ा ग्रां पंचायत के प्रधान जोगेंद्र सिंह करेंगे। 17 सितंबर की सांस्कृतिक संध्या में चंबा निवासी और प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक गायक इशांत भारद्वाज प्रस्तुति देंगे। 18 सितंबर को समापन समारोह में बड़ा ग्रां पंचायत के कुड़धार गांव निवासी पूर्व सैनिक सुभाष ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कबड्डी और वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क एक-एक हजार रुपए रखा गया है। विजेता टीम को पांच हजार तथा उपविजेता टीम को 3100 रुपए पुरस्कार दिया जाएगा। संतोष कुमार ने बताया कि 18 सितंबर की रात नलहौता स्थित देव अजियापाल मंदिर में ग्रामीणों की ओर से देव जातर का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान देव अजियापाल के मुख्य गुर सहित घाटी के विभिन्न देवी-देवताओं के गुरों के माध्यम से देव खेल का आयोजन होगा।

नेरचौक में गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव। ब्रह्मलीन श्री शम्भू भारती जी की प्रेरणा से गणेश चतुर्थी महोत्सव एवं मार्कण्डेय पुराण कथा का आयोजन राष्ट्रीय उच्च मार्ग न 21से सटे नेरचौक स्थित महाकालेश्वर मंदिर (राणा मार्केट) महाकाल शिव मंदिर प्रांगण में धूमधाम एवं धार्मिक श्रद्धा से किया जाएगा। मूर्ति स्थापना 14सितंबर को और मूर्ति विसर्जन 25सितंबर को की जाएगी।इसी प्रकार कथा का शुभारंभ 18सितम्बर से दोपहर सवा 12बजे से लेकर सायं साढ़े 4बजे कथा वाचक आचार्य संजय शर्मा (डैहर अलसू) जी द्वारा की जाएगी।कथा समापन व भंडारा कार्यक्रम 25 सितंबर को होगा।इसी बीच संगीतमयी सांस्कृतिक कार्यक्रम 15सितंबर से लेकर 23 सितंबर तक किया जाएगा।

भांबला क्षेत्र में कल बिजली रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। विद्युत उपमंडल भांबला के सहायक अभियंता ई. नितिन चन्देल ने बताया कि 13 सितंबर (रविवार) को 11 केवी खुड़ला-सुलपुर बही फीडर की एचटी लाइन के नीचे बलेल के पास विद्युत ट्रांसफार्मर के आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रखरखाव कार्य के चलते संबंधित फीडर के अंतर्गत आने वाले खुड़ला, धतौली, मनवाना, भांबला, बतेल, सुलपुर, कैंचीमोड़, उपर भांबला, डलवान, कोलनी, मस्याणी, गुड़ सहदवान सहित अन्य गांवों में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी।

सरकाघाट-बिंगा रूट पर बसों की अनियमितता से भड़के ग्रामीण

स्कूली बच्चों और कर्मचारी परेशान, प्रधान रानी ठाकुर ने आरएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट से बिंगा-बल्याना-मढ़ी रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों के नियमित संचालन न होने से क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बस सेवा प्रभावित होने के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और रोजाना आवाजाही करने वाले ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने परिवहन निगम से इस रूट पर बसों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

इसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत बिंगा की प्रधान रानी ठाकुर ने शुक्रवार को सरकाघाट बस अड्डा प्रभारी योगराज के माध्यम से क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सरकाघाट-बिंगा-बल्याना-मढ़ी रूट पर निगम की बसें नियमित रूप से नहीं चल रही हैं, जिससे ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत प्रधान ने कहा कि क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं। बसें समय पर उपलब्ध न होने के कारण बच्चों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। वहीं सरकारी एवं निजी कार्यालयों में जाने वाले कर्मचारियों तथा अन्य लोगों को भी समय पर अपने कार्यस्थल तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था लोगों की मूलभूत जरूरत है। बस सेवा अनियमित होने से इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और कर्मचारियों की दैनिक दिनचर्या पर पड़ रहा है। कई बार लोगों को मजबूरन निजी वाहनों या महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ता है।

प्रधान ने परिवहन निगम के अधिकारियों से मांग की कि सरकाघाट से बिंगा, बल्याना होते हुए मढ़ी तक बसों का निर्धारित समयसारिणी के अनुसार नियमित संचालन किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस रूट पर बस सेवा नियमित नहीं की गई तो पंचायत के लोगों को लामबंद कर परिवहन विभाग के अधिकारियों और संबंधित कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को अनदेखा किया गया तो पंचायत स्तर पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

डयोड-हणोगी सुरंग खुलने से अब सफर हुआ आसान

अनंत ज्ञान

बालक राम, पंडोह। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर डयोड से हणोगी के बीच साढ़े तीन किलोमीटर लंबी सुरंग में शनिवार से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। सुबह 11:15 बजे सुरंग को विधिवत यातायात के लिए खोल दिया गया। इसके साथ ही डयोड से हणोगी के बीच पुराने करीब छह किलोमीटर लंबे और दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील सड़क मार्ग से वाहन चालकों को राहत मिली है।

सुरंग शुरू होने से दूरी और यात्रा का समय कम होने के साथ सफर अधिक सुरक्षित और सुहाना होगा। पत्थर गिरने, सड़क क्षतिग्रस्त होने और जाम जैसी समस्याओं से भी काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। एनएचएआई के अधिकारी दिग्विजय ने बताया कि यह सुरंग पंडोह-टकोली फोरलेन खंड का हिस्सा है और इसके निर्माण में शाहपलोजी कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल किराया यथावत है। सुरंग शुरू होने के बाद अभी किराए में किसी प्रकार की कमी नहीं की गई है। किराए में बदलाव को लेकर फैसला बाद में लिया जाएगा। फिलहाल यात्रियों को सुरंग के कारण दूरी और यात्रा के समय में कमी का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक ही सुरंग की दोनों लेन से वाहनों की आवाजाही करवाई जा रही है, जबकि दूसरी सुरंग को शुरू होने में अभी समय लगेगा।

हणोगी से झलोगी के बीच करीब 700 मीटर लंबी सुरंग की मरम्मत के बाद उसे भी यातायात के लिए खोल दिया गया है। इससे पहले शाहपलोजी फोरलेन निर्माण कंपनी के टीम लीडर आदर्श पनहोतरा ने पूजा-अर्चना कर सुरंग के सफल संचालन की कामना की। इस अवसर पर एनएचएआई के दिग्विजय, उदेन उखल और धुआं देवी पंचायत के प्रधान लोत राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला मंडी में बनेंगी छह नई उप-मंडियां, एक अनाज मंडी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। कृषि उपज मंडी समिति मंडी जिले में छह नई उप मंडियों और एक अनाज मंडी का निर्माण करेगी। अधिकांश स्थानों पर भूमि चयन के बाद निर्माण प्रक्रिया तेज कर दी गई है। समिति अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने बताया कि जरलू में 19 बीघा भूमि पर करीब 30 दुकानों, नीलामी मंच व अन्य सुविधाओं वाली मंडी के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो गई है।

कांगणी में 20 बीघा, चारकुफरी में 13 बीघा, कटौला में सात बीघा, टिक्कन में 10 बीघा और निहरी में करीब पांच बीघा भूमि चयनित की गई है। बग्सयाड़ में भी भूमि विभाग के नाम हो चुकी है। कटौला मंडी को इसी वर्ष जनता को समर्पित करने का लक्ष्य है। नई मंडियों से किसानों-बागवानों को घर के नजदीक बेहतर विपणन सुविधाएं मिलेंगी।

जल शक्ति विभाग में जूनियर ड्राफ्ट्समैन के सात पदों पर होगी बैचवाइज भर्ती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग द्वारा जूनियर ड्राफ्ट्समैन (सिविल) (जॉब ट्रेनी) के 7 पद बैचवाइज आधार पर भरे जा रहे हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत जिला रोजगार कार्यालय, मंडी के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों के नाम विभाग को भेजे (प्रायोजित किए) जाएंगे।

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि इन 7 पदों में से 3 पद सामान्य श्रेणी, एक-एक पद सामान्य श्रेणी (आईआरडीपी), सामान्य (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति (बीपीएल) श्रेणी के लिए आरक्षित रखे गए हैं। इन श्रेणियों में प्रायोजित किए जाने वाले अभ्यर्थियों का बैच वर्तमान तिथि तक के रखे गए हैं।

उन्होंने बताया कि संबंधित बैच के सभी पात्र अभ्यर्थी अपने रोजगार पंजीकरण की स्थिति की अनिवार्य रूप से जांच कर लें। यदि किसी अभ्यर्थी का पंजीकरण किसी कारणवश समाप्त हो गया है या उन्होंने अभी तक अपना नाम दर्ज नहीं करवाया है, तो वे 19 सितंबर तक अपने निकटतम जिला रोजगार कार्यालय या उप-रोजगार कार्यालय में जाकर पंजीकरण अथवा नवीनीकरण सुनिश्चित कर लें।

बीएड प्रशिक्षुओं को मिला शिक्षक बनने का मंत्र

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर के शिक्षा विभाग में चल रहे तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुक्रवार को समापन हो गया। तीसरे और अंतिम दिन परिचय सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सभी नव-प्रवेशित बीएड प्रशिक्षुओं ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया। विद्यार्थियों ने अपना नाम, शैक्षणिक योग्यता रुचि और भविष्य में आदर्श शिक्षक बनने के अपने लक्ष्य को सभी के साथ सांझा किया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. मंजू गर्ग ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बी.एड. केवल डिग्री नहीं है, यह जीवन को समझने और बच्चों के मनोविज्ञान को जानने का अवसर है। एक शिक्षक को किताबी ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों के भावनात्मक और मानसिक विकास पर भी ध्यान देना चाहिए। तीन दिनों तक चले इस इंडक्शन प्रोग्राम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों, बीएड पाठ्यक्रम और भविष्य की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बीएड के समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

माता त्रिपुरी भैरवा मेले में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

सांसद सिकंदर ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

अनंत ज्ञान

बालक राम, पंडोह। माता त्रिपुरी भैरवा मेले का पांचवां दिन कबड्डी प्रतियोगिता के नाम रहा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने खिलाड़ियों से खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने और खेलो इंडिया मिशन से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की ताकत हैं और बेटियां तथा बेटे ही उज्ज्वल भारत का भविष्य हैं। उन्होंने सभी युवा खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सांसद ने सहयोग पंचायत में सड़क निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

उन्होंने मेला कमेटी की ओर से मेले के सफल आयोजन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा कमेटी को नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सहयोग पंचायत के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर को शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। पंचायत के उपप्रधान फते राम ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए मुख्यातिथि सहित सभी खिलाड़ियों, आयोजकों और उपस्थित लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है।

आयुष्मान आरोग्य शिविर में 70 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, करसोग। राज्य सरकार के 'घर द्वार स्वास्थ्य सेवा' कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत रिछनी में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 70 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 67 लोगों के एक्स-रे किए गए, जबकि 60 लोगों की रक्तचाप और शुगर की जांच की गई। इसके अलावा 23 लोगों के एचआईवी, 23 लोगों के हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी एवं सिफलिस संबंधी परीक्षण किए गए।

खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने शिविर के सफल आयोजन के लिए ग्राम पंचायत रिछनी के प्रधान लवेश्वर चौहान और स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'घर द्वार स्वास्थ्य सेवा' कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को घर के समीप ही आवश्यक स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाना है। शिविर में पीएचसी सेरी की चिकित्सक डॉ. अक्षिता, सुपरवाइजर निर्मला, रेडियोग्राफर जय सिंह, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक लोभ सिंह ठाकुर, काउंसलर राकेश कुमार, स्थानीय सीएचओ दिव्य ठाकुर तथा आशा कार्यकर्ताओं ने सेवाएं प्रदान कीं।

एचपीटीयू परीक्षा में अभिलाषी कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

नेरचौक। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (एचपीटीयू), हमीरपुर की जून 2026 परीक्षा के परिणामों में अभिलाषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बी-फार्मेसी चतुर्थ सेमेस्टर में राहुल गुलेरिया ने 9.43 एसजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी सेमेस्टर में रिया शर्मा ने तीसरा, करण गौतम ने पांचवां, मनवी ने छठा और हेमलता ने सातवां स्थान प्राप्त किया। नबीला खातून, अजय चौहान, मनप्रीत सिंह, निकिता और वैभव कुमार ने भी मेरिट में जगह बनाई।

द्वितीय सेमेस्टर में अंजलि ठाकुर ने 9.34 एसजीपीए के साथ आठवां और निखिल ठाकुर ने 9.14 एसजीपीए के साथ 14वां स्थान हासिल किया। छठे सेमेस्टर में पलक ने 9.40 एसजीपीए के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं, आठवें सेमेस्टर में नितिका शर्मा ने 9.45 एसजीपीए के साथ सातवां स्थान हासिल किया। कई अन्य विद्यार्थियों ने भी विश्वविद्यालय स्तर पर स्थान प्राप्त किए। चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी, प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र गुलेरिया और वाइस प्रिंसिपल डॉ. कपिल कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया।

नेरचौक में गरजे बैंक कर्मचारी

बोले-पांच दिन हो बैंक में काम, यही हमारी मांग

अनंत ज्ञान

नेरचौक। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर बैंक कर्मियों ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की। मंडी-कुल्लू क्षेत्र के विभिन्न बैंकों के करीब 10 हजार अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए तथा नेरचौक में जोरदार प्रदर्शन किया।

विजय कुमार ने कहा कि हड़ताल किसी के विरोध में नहीं, बल्कि बैंक कर्मचारियों के सम्मानजनक कार्य-जीवन संतुलन, बेहतर स्वास्थ्य और कार्यक्षमता सुनिश्चित करने की न्यायसंगत मांग को लेकर है। उन्होंने कहा कि बढ़ते कार्य दबाव, कर्मचारियों की कमी, डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते दबाव और मानसिक तनाव का कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

यूनियनों के अनुसार पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, तनाव कम होगा और बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा। हड़ताल की दूसरी प्रमुख मांग सरकार की एकतरफा और भेदभावपूर्ण पीएलआई योजना को वापस लेने की है।

यूनियनों ने मांग की कि योजना में किसी भी बदलाव के लिए उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता की जाए। प्रदर्शन में ऑल इंडिया बैंक इम्प्लॉइज एसोसिएशन से विजय कुमार, सर्कल सेक्रेटरी मंडी, लेख राज, उपाध्यक्ष मंडी, हुकम चंद, जिला सचिव मंडी और विवेक चौधरी, केंद्रीय समिति सदस्य सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

एसबीआईएसए से विक्रम सिंह, सहायक महासचिव, टेक सिंह चौधरी, संतोष कुमार, क्षेत्रीय सचिव तथा एसबीआईओएस से मनोज कुमार, जोनल ट्रेजरर, नरेश ठाकुर, विनय ठाकुर और लाल सिंह ठाकुर, क्षेत्रीय सचिव ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।

बीकॉम लॉजिस्टिक्स विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण का अवसर

सरकाघाट कॉलेज ने कानपुर अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड के साथ किया समझौता

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। रवीन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

महाविद्यालय ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग, कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से शुरू किए गए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत बीकॉम लॉजिस्टिक्स पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किया गया है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य की ओर से वाणिज्य विभाग के डॉ. शक्ति चंद एवं डॉ. सुधीर कुमार सकलानी ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। दोनों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री कार्यक्रम के संकाय प्रशिक्षण में भी भाग लिया। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में तीन महाविद्यालयों में बीकॉम लॉजिस्टिक्स पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट भी शामिल है और यह सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी से संबद्ध इस पाठ्यक्रम को संचालित करने वाला एकमात्र महाविद्यालय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. आर. कौंडल ने इस समझौते को विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि इससे उन्हें कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान के साथ वास्तविक कार्यस्थल पर व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इससे विद्यार्थियों के कौशल विकास, उद्योग की कार्यप्रणाली की समझ और रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।

बरोट में सिविल अस्पताल खोलने की फिर उठी मांग

अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल और चौहार घाटी के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बरोट में सिविल अस्पताल खोलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।

छोटाभंगाल घाटी की धरमान पंचायत के पूर्व प्रधान एवं बैजनाथ बीडीसी अध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा कि दोनों दुर्गम घाटियों में आज तक कोई बड़ा अस्पताल स्थापित नहीं हो पाया है। गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में लोगों को उपचार के लिए 40 से 60 किलोमीटर दूर निचले क्षेत्रों में स्थित सिविल अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को समय और आर्थिक संसाधनों की दोहरी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने बरोट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा मुल्थान, लोहारड़ी और कोठी कोहड़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले हैं, लेकिन इनमें अभी भी पर्याप्त सुविधाओं और विशेषज्ञ सेवाओं का अभाव है। संजय ठाकुर ने कहा कि घाटियों की भौगोलिक परिस्थितियों और बड़ी आबादी को देखते हुए मौजूदा स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक सुविधाओं से लैस करने के साथ बरोट में सिविल अस्पताल स्थापित करना समय की जरूरत है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री, बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल तथा द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से मांग की कि दोनों दुर्गम घाटियों के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या को देखते हुए बरोट में सिविल अस्पताल खोलने की दिशा में जल्द ठोस कदम उठाए जाएं।

'**प्रेम** वहां शुरू होता है जहां अपेक्षाएं समाप्त होती हैं।'
-ओशो

संपादकीय

आतंकवाद पर विश्व की परीक्षा

आतंकवाद समकालीन विश्व की सबसे जटिल और गंभीर समस्याओं में से एक है। इसका प्रभाव किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के लगभग सभी हिस्से किसी न किसी रूप में इसकी चुनौती का सामना कर रहे हैं। आज आतंकवाद का स्वरूप पहले की तुलना में अधिक व्यापक और जटिल हो गया है। आतंकवादी संगठन अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हिंसा, भय और अस्थिरता को हथियार बनाते हैं। समाज में दहशत पैदा करना, शासन व्यवस्था को चुनौती देना और व्यापक स्तर पर अशांति उत्पन्न करना आतंकवाद की मूल रणनीति रही है। कभी धर्म के नाम पर, कभी अलग राष्ट्र की मांग और कभी शोषण के विरुद्ध संघर्ष का दावा करते हुए हिंसा को जायज ठहराने का प्रयास किया जाता है।

सितंबर 2001 में अमेरिका में अलकायदा द्वारा किए गए आतंकी हमले ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। विश्व व्यापार केंद्र और पेंटागन को निशाना बनाए जाने की इस घटना में लगभग तीन हजार लोगों की मौत हुई। इसके बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान शुरू किया। हालांकि समय बीतने के साथ इस अभियान की दिशा और प्राथमिकताओं पर सवाल उठते रहे हैं। विडंबना यह है कि आतंकवाद से लंबे समय तक पीड़ित रहा अमेरिका आज पाकिस्तान जैसे देश के साथ रणनीतिक और कूटनीतिक संबंध बनाए हुए है, जिस पर आतंकवादी संगठनों को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं। यह स्थिति आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक नीति में मौजूद दोहरे मानदंडों की ओर संकेत करती है।

चीन समेत कई अन्य देशों का रवैया भी आतंकवाद के मामले में उनके राष्ट्रीय हितों से प्रभावित दिखाई देता है। यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ विश्व स्तर पर अपेक्षित एकजुटता नहीं बन पाई है। भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद का सामना करता आया है। देश को अस्थिर करने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने के उद्देश्य से कई बड़े आतंकी हमले किए गए। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या भी आतंकवाद की भयावहता का उदाहरण है। इसके अलावा भारतीय संसद पर हमला, अक्षरधाम मंदिर हमला, मुंबई लोकल ट्रेन विस्फोट, 2008 का मुंबई आतंकी हमला, पुलवामा हमला और पहलगाम हमला जैसी घटनाओं ने देश को गहरे जख्म दिए हैं। इन घटनाओं में बड़ी संख्या में आम नागरिकों के साथ सुरक्षाबलों के जवानों ने भी अपने प्राणों का बलिदान दिया।

भारत में हुए अनेक आतंकी हमलों के संदर्भ में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की भूमिका लंबे समय से चर्चा में रही है। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली शक्तियों और उनके नेटवर्क को समाप्त करना किसी भी जिम्मेदार राष्ट्र की प्राथमिकता होनी चाहिए। मुंबई आतंकी हमले जैसे मामलों में सामने आए साक्ष्यों के बावजूद न्याय की प्रक्रिया में हुई देरी ने भी गंभीर सवाल खड़े किए। आतंकवाद जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीतिक दलों को दलगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर एकजुटता दिखानी चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ राष्ट्र की नीति स्पष्ट और कठोर होनी चाहिए।

भारत ने समय-समय पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ नीति का प्रदर्शन किया है। पहलगाम हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई ने यह संदेश दिया कि आतंकवादी हिंसा को अब केवल बयानबाजी तक सीमित प्रतिक्रिया नहीं मिलेगी। आतंकवादी ढांचे और उनके ठिकानों के खिलाफ की गई कार्रवाई ने भारत की बदलती सुरक्षा नीति को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों से आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट और कठोर रुख अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते रहे हैं। 'जीरो टॉलरेंस' की नीति तभी प्रभावी हो सकती है, जब दुनिया के सभी देश आतंकवाद को उसके स्वरूप के आधार पर देखें, न कि अपने राजनीतिक और सामरिक हितों के चश्मे से।

आज की प्रमुख हस्ती

लोकतंत्र के सजग प्रहरी



फिरोज जहांगीर गांधी
जन्म : 12 सितंबर 1912

फिरोज जहांगीर गांधी स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार और ऐसे सांसद के रूप में याद किए जाते हैं, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में सत्ता से सवाल पूछने और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने की मिसाल कायम की। 12 सितंबर 1912 को बंबई में जन्मे फिरोज गांधी का परिवार मूल रूप से पारसी समुदाय से संबंधित था। पिता जहांगीर फरेदून गांधी समुद्री इंजीनियर थे। पिता के निधन के बाद परिवार इलाहाबाद चला गया, जहां फिरोज ने शिक्षा प्राप्त की। आगे उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अध्ययन किया और बीएससी की डिग्री हासिल की।

फिरोज गांधी का जीवन युवावस्था से ही स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गया था। इलाहाबाद में उनकी मुलाकात कमला नेहरू और इंदिरा नेहरू से हुई। स्वतंत्रता आंदोलन से प्रभावित होकर उन्होंने पढ़ाई छोड़कर आंदोलन में भाग लिया। वर्ष 1930 में उन्हें गिरफ्तार कर 19 महीने तक जेल में रखा गया। इसके बाद भी उनका संघर्ष जारी रहा और किसान आंदोलनों में सक्रिय रहने के कारण उन्हें दो बार और जेल जाना पड़ा।

फिरोज गांधी और इंदिरा नेहरू का विवाह मार्च 1942 में हुआ। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान दोनों को गिरफ्तार किया गया और फिरोज को नैनी जेल में एक वर्ष तक रहना पड़ा। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने पत्रकारिता को भी अपने सार्वजनिक जीवन का महत्वपूर्ण माध्यम बनाया। वे 'नेशनल हेराल्ड' और 'नवजीवन' से जुड़े रहे और बाद में 'नेशनल हेराल्ड' के प्रबंध निदेशक बने।

स्वतंत्र भारत की पहली आम चुनाव प्रक्रिया में वर्ष 1952 में फिरोज गांधी रायबरेली से लोकसभा पहुंचे। इसके बाद वे ऐसे सांसद के रूप में उभरे जो सरकार की नीतियों और वित्तीय अनियमितताओं पर बेबाकी से सवाल उठाते थे। उन्होंने सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़े मामलों को संसद में उठाया और बड़े कारोबारी घरानों तथा सरकारी व्यवस्था के बीच कथित अनियमितताओं पर सरकार को घेरा। वर्ष 1958 में हरिदास मूंधड़ा प्रकरण को संसद में उठाने के बाद मामला व्यापक चर्चा में आया और तत्कालीन वित्त मंत्री टी.टी. कृष्णमाचारी को इस्तीफा देना पड़ा।

फिरोज गांधी का संसदीय जीवन इस बात का उदाहरण माना जाता है कि जनप्रतिनिधि को सत्ता पक्ष से जुड़े होने के बावजूद सार्वजनिक हित के मुद्दों पर स्वतंत्र आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दों पर भी अपनी राय रखी और संसद में कई विषयों पर सरकार को चुनौती दी। उनका निधन 8 सितंबर 1960 को हुआ, लेकिन निर्भीक पत्रकार और सजग सांसद के रूप में उनकी भूमिका भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय बनी हुई है।



रचना

'साईं भजन'

राकेश डोगरा
गांव कौना, तहसील पालमपुर।

मन भजन करो दिन रात-रात, भज साईं नाथ जप साईं नाथ।
जो दिल से तुझे पुकारे तू बिगड़े काज संवारे।
सबकी डोर तुम्हारे हाथ-हाथ भज साईं नाथ जप साईं नाथ।
तेरी महिमा कोई न जाने हम सब तेरे प्रेम दीवानें,
सारे जग में तेरा वास-वास भज साईं नाथ जप साईं नाथ।
सुख-दुख जो हमने पाया यह सब कर्मों की माया,
जो बोया रहे हैं काट-काट भज साईं नाथ जप साईं नाथ।
कर साईं नाम का जाप तेरे कट जाएंगे पाप
बन जा उनके दर का दास-दास भज साईं नाथ जप साईं नाथ।
मन में साईं नाम भज ले, जीवन सफल बना पगले।
अपनी पूरी कर ले आस-आस भज साईं नाथ जप साईं नाथ।
मन भजन करो दिन रात-रात, भज साईं नाथ जप साईं नाथ।

तनाव और बीमारियों से बचाव का सरल उपाय है नियमित योग

डॉ कौमार्या मनोज
शिक्षा विशेषज्ञ

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज के व्यस्त और भागदौड़ भरे जीवन में मनुष्य काम, जिम्मेदारियों और लक्ष्यों के बीच इस तरह उलझता जा रहा है कि उसका सबसे मूल्यवान धन स्वास्थ्य पीछे छूटता जा रहा है। लंबे समय तक काम करना, बढ़ता स्क्रीन समय, अनियमित खान-पान, पर्याप्त नींद का अभाव और लगातार बढ़ता मानसिक तनाव शरीर और मन दोनों को प्रभावित कर रहे हैं। जीवनशैली में आए इस बदलाव के कारण मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, चिंता और तनाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग जीवन में संतुलन, ऊर्जा और मानसिक शांति लाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

योग को केवल शारीरिक व्यायाम मानना इसके व्यापक स्वरूप को सीमित करना होगा। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली जीवन-पद्धति है। योग का शाब्दिक अर्थ ही जोड़ना है। यह व्यक्ति को बाहरी दुनिया की भागदौड़ से कुछ समय दूर कर स्वयं से जुड़ने का अवसर देता है। महर्षि पतंजलि ने योग को चित्त की वृत्तियों के निरोध के रूप में परिभाषित किया है। आज जब मन लगातार विचारों, सूचनाओं और तनाव से घिरा रहता है, तब योग मानसिक स्थिरता और आत्मनियंत्रण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

योग का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव शारीरिक स्वास्थ्य पर दिखाई देता है। नियमित रूप से किए जाने वाले आसन शरीर की मांसपेशियों को मजबूत और लचीला बनाते हैं। सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन जैसे आसन शरीर की सक्रियता बढ़ाने के साथ रीढ़ और मांसपेशियों के लिए लाभकारी हो सकते हैं। प्राणायाम श्वसन प्रक्रिया को बेहतर बनाने और शरीर में ऊर्जा का अनुभव कराने में सहायक होता है। नियमित योग से शरीर की सक्रियता बढ़ती है और लंबे समय तक बैठे रहने वाली जीवनशैली के दुष्प्रभावों को कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि किसी विशेष बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को योगाभ्यास विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही करना चाहिए।

योग का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष मानसिक स्वास्थ्य है। आधुनिक जीवन में तनाव, चिंता, चिड़चिड़ापन और नींद से जुड़ी परेशानियां आम होती जा रही हैं। अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और ध्यान जैसे अभ्यास मन को शांत करने तथा एकाग्रता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। नियमित ध्यान व्यक्ति

को अपने विचारों और भावनाओं को समझने का अवसर देता है। इससे कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने और संतुलित तरीके से निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए भी योग उपयोगी है, क्योंकि एकाग्रता और अनुशासन पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

योग का एक बड़ा गुण इसकी सरलता और सुलभता है। इसके लिए महंगे उपकरण, विशेष मशीन या जिम की सदस्यता आवश्यक नहीं है। एक चटाई और थोड़ी सी खुली जगह में भी योग किया जा सकता है। घर, कार्यालय, विद्यालय या पार्क—लगभग कहीं भी अपनी सुविधा के अनुसार इसका अभ्यास किया जा सकता है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग भी अपनी शारीरिक क्षमता तथा विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार योग को दिनचर्या का हिस्सा बना सकते हैं। यही कारण है कि योग केवल किसी वर्ग विशेष तक सीमित न रहकर जनस्वास्थ्य का माध्यम बन सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि योग को केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित न रखा जाए। विद्यालयों में नियमित योगाभ्यास, कार्यालयों में छोटे योग और विश्राम सत्र तथा परिवारों में सुबह सामूहिक योग जैसी पहल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दे सकती है। सरकार और सामाजिक संस्थाओं को भी लोगों को योग के वैज्ञानिक और सुरक्षित अभ्यास के प्रति जागरूक करना चाहिए। योग को अपनाने के साथ संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद, नियमित शारीरिक गतिविधि और सकारात्मक सामाजिक संबंधों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

यह समझना होगा कि स्वस्थ जीवन केवल बीमारी से मुक्त रहने का नाम नहीं है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन और आत्मविश्वास भी आवश्यक हैं। योग इन सभी पहलुओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में सहायता कर सकता है। यह हमें अपनी दिनचर्या में कुछ समय स्वयं के लिए निकालने और शरीर की जरूरतों को समझने की आदत सिखाता है।

जीवन निरंतर दौड़ते रहने का नाम नहीं है। कभी-कभी रुककर अपने शरीर, मन और भावनाओं को समझना भी उतना ही जरूरी है। योग इसी ठहराव और आत्मचिंतन का अवसर देता है। यदि इसे नियमित और सही तरीके से जीवन का हिस्सा बनाया जाए तो व्यक्ति अधिक सक्रिय, अनुशासित और संतुलित जीवन की ओर बढ़ सकता है। स्वस्थ शरीर और शांत मन ही बेहतर जीवन की मजबूत नींव हैं। इसलिए योग को अपनाना केवल स्वास्थ्य के लिए किया गया प्रयास नहीं, बल्कि स्वयं के प्रति जिम्मेदारी और बेहतर भविष्य की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

विश्व अर्थव्यवस्था की बदलती दिशा और भारत पर उसका असर

राधिका सैनी, तहसीलदार
नूरपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विश्व अर्थव्यवस्था इस समय विकास और अनिश्चितता के दोहरे दौर से गुजर रही है। युद्ध, महंगा कच्चा तेल, व्यापारिक तनाव, ऊंची ब्याज दरें, बढ़ता सरकारी कर्ज और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारी निवेश वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा को प्रभावित कर रहे हैं। सितंबर 2026 के आकलन के अनुसार, 2026 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि करीब तीन प्रतिशत रहने का अनुमान है। ऐसे में दुनिया के सामने विकास की गति बनाए रखने के साथ महंगाई, ऊर्जा सुरक्षा, कर्ज और भू-राजनीतिक तनाव के बीच संतुलन कायम करने की चुनौती है।

इस वैश्विक माहौल में भारत अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में दिखाई देता है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 6.9 प्रतिशत से अधिक है। निवेश, घरेलू खपत, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने इस वृद्धि को मजबूती दी है। हालांकि तेज जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से भारत की आर्थिक क्षमता को दर्शाती है, लेकिन केवल आर्थिक विकास दर को आम लोगों की खुशहाली का पैमाना नहीं माना जा सकता। रोजगार की गुणवत्ता, वास्तविक मजदूरी, छोटे कारोबारों की स्थिति और परिवारों की क्रय शक्ति भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

भारत के सामने सबसे बड़ी बाहरी चुनौतियों में ऊर्जा सुरक्षा प्रमुख है। मध्य-पूर्व में संघर्ष और भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। तेल महंगा होने से परिवहन, बिजली, उर्वरक, रसायन और औद्योगिक उत्पादन की लागत बढ़ती है। इसका असर आयात बिल, रुपये की विनिमय दर और अंततः आम नागरिक की जेब पर पड़ सकता है। इसलिए नवीकरणीय ऊर्जा, घरेलू उत्पादन, विद्युत वाहन, ऊर्जा दक्षता और रणनीतिक तेल भंडार में निवेश बढ़ाना आवश्यक है।

वैश्विक वित्तीय परिस्थितियां भी भारत के

लिए महत्वपूर्ण हैं। अमेरिका की ब्याज दरें और डॉलर की मजबूती अंतरराष्ट्रीय पूंजी प्रवाह को प्रभावित करती हैं। दूसरी ओर चीन की आर्थिक सुस्ती भारत के लिए चुनौती के साथ अवसर भी पैदा कर सकती है। चीन से बाहर आपूर्ति शृंखलाओं को स्थानांतरित करने की कोशिश कर रही वैश्विक कंपनियों के लिए भारत आकर्षक विकल्प बन सकता है। लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धी लागत, कुशल श्रम, बेहतर बुनियादी ढांचा, विश्वसनीय बिजली और आसान कारोबारी माहौल जरूरी होगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी भारत के आर्थिक भविष्य को प्रभावित करने वाला बड़ा क्षेत्र है। डेटा केंद्र, सेमीकंडक्टर, डिजिटल सेवाएं और एआई आधारित तकनीक भारत के लिए नए निवेश और रोजगार के अवसर पैदा कर सकती हैं। हालांकि स्वचालन के कारण पारंपरिक नौकरियों का स्वरूप बदलने की संभावना भी है। इसलिए युवाओं को नई तकनीक के अनुरूप कौशल प्रदान करना जरूरी होगा। तेज आर्थिक वृद्धि तभी सार्थक होगी जब वह पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा करे।

भारत की घरेलू मांग उसकी सबसे बड़ी ताकतों में है, लेकिन महंगाई और परिवारों की वास्तविक आय पर भी ध्यान देना होगा। खाद्य पदार्थ, ईंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की बढ़ती लागत परिवारों की क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। साथ ही वैश्विक व्यापार में बढ़ता संरक्षणवाद भारतीय निर्यात के लिए चुनौती बन सकता है। ऐसे में नए बाजार तलाशने के साथ घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाना आवश्यक है।

आने वाले समय में भारत को ऊंची, टिकाऊ और समावेशी आर्थिक वृद्धि पर ध्यान देना होगा। ऊर्जा निर्भरता कम करने, श्रम आधारित उद्योगों और छोटे कारोबारों को मजबूत करने, कौशल विकास बढ़ाने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने की जरूरत है। भारत के सामने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के पुनर्गठन और एआई अर्थव्यवस्था के विस्तार का बड़ा अवसर है। लेकिन सफलता केवल जीडीपी बढ़ने से तय नहीं होगी। असली कसौटी यह होगी कि विकास कितने रोजगार पैदा करता है, कितने परिवारों की आय बढ़ाता है और भारत को वैश्विक आर्थिक झटकों के सामने कितना मजबूत बनाता है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

जब मौत ने कहा— 'मैं तो मजाक कर रही थी!

संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक) इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अस्पतालों में मरीज इलाज और बेहतर स्वास्थ्य की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। डॉक्टर बीमारी की पहचान कर उपचार शुरू करते हैं और परिवार इस भरोसे के साथ अस्पताल के हर निर्णय को स्वीकार करता है कि वहां जीवन बचाने की पूरी कोशिश हो रही है। लेकिन कभी-कभी चिकित्सा व्यवस्था से जुड़ी ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जो गंभीर सवाल खड़े करने के साथ-साथ अपने आप में किसी व्यंग्य से कम नहीं होतीं। रीवा के एक अस्पताल में करीब 80 वर्षीय महिला को जांच के बाद मृत घोषित किया गया, लेकिन अगले दिन जब उनकी सांसें चलती मिलीं तो अस्पताल में हड़कंप मच गया। घटना ने चिकित्सा प्रक्रिया, जल्दबाजी और मृत्यु की पुष्टि के मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

कल्पना कीजिए, परिवार ने जिस व्यक्ति को मृत मानकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी हो, अगले दिन वही व्यक्ति सांस लेता हुआ मिल जाए तो परिजनों की हालत क्या होगी। इस घटना में कुछ ऐसा ही हुआ। महिला को चिकित्सकीय जांच के बाद मृत घोषित किया गया था। परिवार ने भारी मन से इस दुखद सूचना को स्वीकार किया और अस्पताल की औपचारिकताएं आगे बढ़ने लगीं। लेकिन अगले दिन महिला में जीवन के संकेत मिलने के बाद पूरा घटनाक्रम ही बदल गया। डॉक्टरों ने तत्काल उन्हें गंभीर रोगी वार्ड में भर्ती किया और उपचार शुरू किया।

व्यंग्य का सबसे दिलचस्प पक्ष यही है कि मौत का प्रमाण-पत्र तैयार हो गया, लेकिन जिंदगी ने उस कागज पर हस्ताक्षर करने से साफ इनकार कर दिया। मानो महिला खुद अस्पताल से कह रही हों— 'साहब, कागज बाद में देखिए, पहले मुझे सांस तो लेने दीजिए।' आम तौर पर अस्पतालों में इलाज को लेकर 'फास्ट



सर्विस' की उम्मीद की जाती है। जांच जल्दी, रिपोर्ट जल्दी, दवा जल्दी और छुट्टी भी जल्दी। लेकिन मृत्यु की घोषणा ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें जल्दबाजी की कोई जगह नहीं हो सकती। यह कोई ऑनलाइन टिकट या खाने का आर्डर नहीं है कि कुछ मिनट में प्रक्रिया पूरी कर दी जाए।

इस घटना का व्यंग्यात्मक पहलू हमें एक गंभीर सच्चाई की ओर भी ले जाता है। अस्पताल के दस्तावेजों में किसी व्यक्ति की मृत्यु दर्ज होना महज कागजी कार्रवाई नहीं है। उसके साथ परिवार की भावनाएं, अंतिम संस्कार की तैयारियां और अनेक सामाजिक तथा कानूनी प्रक्रियाएं जुड़ी होती हैं। ऐसे में यदि किसी जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया जाए तो इसका असर केवल अस्पताल की व्यवस्था तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार को मानसिक आघात से गुजरना पड़ सकता है।

मौत और जिंदगी के बीच फैसला बेहद संवेदनशील विषय है। इसलिए किसी मरीज को मृत घोषित करने से पहले निर्धारित चिकित्सकीय प्रक्रिया, आवश्यक जांच और सभी मानकों का पूरी सावधानी से पालन किया जाना चाहिए। एक छोटी सी लापरवाही भी किसी परिवार के लिए जीवनभर की पीड़ा बन सकती है। डॉक्टरों पर मरीजों और उनके परिजनों का भरोसा इसी बात पर टिका होता है कि उनका हर निर्णय वैज्ञानिक आधार और पूरी जिम्मेदारी के साथ लिया जाएगा।

बेशक यह घटना पहली नजर में हास्यास्पद लग सकती है और इस पर व्यंग्य भी किया जा सकता है। लेकिन इसके पीछे छिपा सवाल बेहद गंभीर है। यदि किसी मरीज की मृत्यु की पुष्टि में चूक हो सकती है तो अस्पतालों को अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। आखिर जिंदगी कोई ऐसा दस्तावेज नहीं है जिसे एक हस्ताक्षर से समाप्त घोषित कर दिया जाए।

शायद इस पूरे घटनाक्रम पर मौत भी मुस्कुराकर यही कहे— 'भाई साहब, मुझे क्यों बदनाम कर रहे हो? मैं तो अभी इसे लेने आई ही नहीं थी!' लेकिन इस मजाक के पीछे चिकित्सा व्यवस्था के लिए स्पष्ट संदेश है—मृत्यु की घोषणा में जल्दबाजी नहीं, बल्कि पूरी सावधानी, जांच और जिम्मेदारी जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नशे के बढ़ते कारोबार पर कब लगेगी लगाम?

सुखदेव सिंह, नूरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ पुलिस और सरकार की ओर से लगातार अभियान चलाए जाने के बावजूद नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन के मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। आए दिन युवाओं की गिरफ्तारी, महिलाओं की नशा तस्करी में संलिप्तता और कुछ मामलों में विदेशी नागरिकों के पकड़े जाने से समस्या की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पर्यटक प्रदेश होने के कारण नशा कारोबारियों की नजर यहां आने वाले लोगों पर भी है। पर्यटकों की आड़ में नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री प्रदेश की छवि को नुकसान पहुंचाने के साथ सामाजिक ताने-बाने के लिए भी खतरा बनती जा रही है।

युवा किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से बड़ी संख्या में युवा शराब, चरस, गांजा, नशीली गोलियों, इंजेक्शन, अफीम और चिट्टे जैसे नशों की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। स्कूल और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तक नशीले पदार्थों की पहुंच बेहद गंभीर विषय है। पिछले कुछ समय में चिट्टे का बढ़ता प्रचलन चिंता का बड़ा कारण बनकर सामने आया है। नशे की लत युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करने के साथ उन्हें अपराध की ओर भी धकेल सकती है। चोरी, मारपीट, छेड़छाड़ और अन्य अपराधों के पीछे नशे की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री भी सामाजिक चिंता का विषय है। कई स्थानों पर गांवों और बस्तियों में अवैध रूप से शराब उपलब्ध होने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। स्कूलों और धार्मिक स्थलों के आसपास नशीले पदार्थों या शराब की उपलब्धता पर भी प्रभावी रोक जरूरी है। नशे के खिलाफ केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। परिवार, विद्यालय, पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं और स्थानीय समुदाय को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। अभिभावकों को बच्चों के व्यवहार, संगति और दिनचर्या पर ध्यान देने के साथ उनसे

संवाद बढ़ाना होगा।

पुलिस द्वारा समय-समय पर भांग उखाड़ने और नशा तस्करों की गिरफ्तारी के अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इनके साथ नशे की आपूर्ति की पूरी श्रृंखला को तोड़ना आवश्यक है। बड़े तस्करों, आपूर्तिकर्ताओं और उनके आर्थिक नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। नशीले पदार्थों से अर्जित संपत्ति की पहचान और कानूनी कार्रवाई भी प्रभावी उपाय हो सकती है। साथ ही कानून की कमियों और कार्रवाई में होने वाली देरी को दूर करने की जरूरत है।

हिमाचल की पहचान देवभूमि और शांतिप्रिय प्रदेश के रूप में रही है। मंदिरों और पर्यटन स्थलों पर आने वाले लोगों के बीच नशीले पदार्थों का कारोबार इस पहचान के लिए गंभीर चुनौती है। पंजाब सहित पड़ोसी राज्यों से जुड़े मार्गों पर निगरानी मजबूत करने के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है। नशे के खिलाफ कार्रवाई निष्पक्ष, निरंतर और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों को भी प्रभावी कार्रवाई के लिए संस्थागत समर्थन मिलना जरूरी है।

नशे के खिलाफ वास्तविक सफलता तभी मिलेगी जब गिरफ्तारी के साथ रोकथाम, पुनर्वास और जागरूकता पर भी समान ध्यान दिया जाए। नशे के आदी युवाओं को अपराधी मानकर छोड़ देने के बजाय उन्हें उपचार और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। समाज को भी नशे के कारोबार के खिलाफ चुप्पी तोड़कर पुलिस को जानकारी देनी होगी। सामूहिक प्रयासों से ही हिमाचल की युवा पीढ़ी को इस जहर से बचाया जा सकता है और देवभूमि की सामाजिक प्रतिष्ठा सुरक्षित रखी जा सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

कैंपस इंटरव्यू में 14 सितंबर को होगी भर्ती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला रोजगार कार्यालय शिमला की ओर से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 14 सितंबर को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। शिवा इंटरनेशनल, गांव एवं डाकघर मंझोली, तहसील नालागढ़, जिला सोलन में सुबह 11 बजे होने वाले इस कैंपस इंटरव्यू में हेल्पर के पांच, ऑपरेटर के दो और फोरमैन के तीन पदों पर भर्ती की जाएगी। हेल्पर पद के लिए 10+2, जबकि ऑपरेटर और फोरमैन पदों के लिए आईटीआई अथवा डिप्लोमा योग्यता निर्धारित है। हेल्पर को 12,750 रुपये, ऑपरेटर को 13,560 रुपए तथा फोरमैन को 15,390 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा। 20 से 28 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी इन पदों के लिए पात्र होंगे। जिला रोजगार अधिकारी प्रवीन नगराईक ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए जिला रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। जिन युवाओं का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण नहीं है, वे *eemis.hp.gov.in* पर घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक दस्तावेज और रिज्यूम साथ लेकर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार स्थल पर पहुंचें। रोजगार से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 98160-33167 और 98822-96256 पर संपर्क किया जा सकता है।

शिमला में कृमि मुक्ति अभियान 18 सितंबर से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जिला शिमला में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पहले चरण का आयोजन 18 सितंबर 2026 को किया जाएगा। अभियान की तैयारियों और प्रगति की समीक्षा के लिए जिला कार्यबल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों ने अब तक की तैयारियों का जायजा लिया। अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी, जबकि 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक भी प्रदान की जाएगी। सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित होने वाले इस अभियान में जिला शिमला के 2,15,738 बच्चों को एल्बेंडाजोल देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं 51,660 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए जिला में 2,105 सरकारी स्कूल, 450 निजी स्कूल, 2,154 आंगनबाड़ी केंद्र और 997 आशा कार्यकर्ताओं को जोड़ा गया है। नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्कूलों के माध्यम से तथा 1 से 5 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से अभियान में शामिल किया जाएगा। स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से अभियान का संचालन करेंगे। भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह अभियान वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है और शिमला जिला में फरवरी 2015 से नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

शिमला में बस सवार युवक चिट्टे समेत दबोचा

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला पुलिस की स्पेशल सेल ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शोघी के पास एक बस में सवार युवक से 7.5 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को स्पेशल सेल शिमला की टीम शोघी चौकी के पास मौजूद थी। इसी दौरान सोलन से शिमला की ओर आ रही एक बस को जांच के लिए रोका गया। बस की तलाशी के दौरान उसमें सवार नीरज कुमार के कब्जे से 7.5 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक नीरज कुमार (25) सोलन जिला के अर्की का रहने वाला है। बरामदगी के बाद पुलिस थाना बालुगंज में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। मामले की आगामी जांच जारी है।

शिक्षा विभाग के जलवाहक-चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के नियमितीकरण को मिली मंजूरी

2026 की सेवा अवधि पूरी करने वाले पात्र कर्मियों को मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश के शिक्षा विभाग में वर्षों से पार्ट टाइम जलवाहक और दैनिक वेतनभोगी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में सेवाएं दे रहे पात्र कर्मियों के लिए राहत की बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 के लिए निर्धारित सेवा अवधि पूरी करने वाले पात्र पार्ट टाइम जलवाहकों और दैनिक वेतनभोगी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने की मंजूरी दे दी है। इस फैसले से उन कर्मचारियों की उम्मीदें मजबूत हुई हैं, जो लंबे समय से नियमितीकरण की आस लगाए हुए थे और शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

शिक्षा विभाग के सचिव की ओर से 10 सितंबर 2026 को जारी पत्र में वर्ष 2026 के लिए पार्ट टाइम जलवाहक और दैनिक वेतनभोगी चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवाओं के नियमितीकरण से संबंधित स्वीकृति दी गई है। आदेश के अनुसार वही कर्मचारी नियमितीकरण के पात्र होंगे, जिन्होंने निर्धारित सेवा अवधि पूरी कर ली है। नियमितीकरण के लिए उपलब्ध रिक्त चतुर्थ श्रेणी पदों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिनमें चपरासी-कम-चौकीदार के पद भी शामिल हैं। विभाग ने पात्र कर्मचारियों को यथासंभव उनकी वर्तमान तैनाती वाले स्थान पर ही नियमित करने के निर्देश दिए हैं।

◆ सेवा अवधि के साथ शर्तें भी करनी होंगी पूरी

सरकार ने स्पष्ट किया है कि नियमितीकरण की प्रक्रिया वरिष्ठता के आधार पर आगे बढ़ाई जाएगी। इसके लिए कर्मचारियों को निर्धारित सेवा अवधि के साथ-साथ लागू नियमों और अन्य सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करना होगा। महज सेवा अवधि पूरी कर लेना पर्याप्त नहीं होगा। नियमितीकरण के लिए उपलब्ध रिक्त पद, वरिष्ठता और निर्धारित पात्रता शर्तों को ध्यान में रखा जाएगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नियमितीकरण के बाद किसी कर्मचारी को आगे की तैनाती या स्थान परिवर्तन सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना नहीं किया जा सकेगा।

पात्र कर्मियों का उच्च शिक्षा निदेशक करेंगे फैसला

शिक्षा विभाग की ओर से जारी स्वीकृति उच्च शिक्षा निदेशक को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। अब पात्र कर्मचारियों की वरिष्ठता, सेवा अवधि, उपलब्ध रिक्त पदों और अन्य निर्धारित शर्तों की जांच के बाद नियमितीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। विभाग का यह निर्णय उन कर्मियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिन्होंने लंबे समय तक पार्ट टाइम जलवाहक अथवा दैनिक वेतन के आधार पर शिक्षा विभाग में सेवाएं दी हैं। हालांकि आदेश में नियमित किए जाने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या, जिलावार विवरण और नियमितीकरण की अंतिम तिथि का उल्लेख नहीं किया गया है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को डीए एरियर का दें लाभ : महासंघ

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार से 1 जून 2022 या उसके बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ते श का लाभ सेवानिवृत्ति एवं टर्मिनल लाभों में शामिल करने की मांग उठाई है। महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान और महासचिव हीरा लाल वर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेजे पत्र में कहा है कि प्रदेश सरकार की ओर से समय-समय पर बढ़ाया गया डीए संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित चरणों में जारी तो किया गया, मगर उस अवधि के लंबित एरियर का असर सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले ग्रेच्युटी, पेंशन और अन्य टर्मिनल लाभों में नहीं जोड़ा गया।

इससे उन कर्मचारियों को वास्तविक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति के समय कम डीए के आधार पर सेवानिवृत्ति लाभों की गणना की गई थी। महासंघ का कहना है कि बाद में जारी हुए देय डीए के कारण समान स्थिति वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बीच भी असमानता पैदा हुई है। विशेष रूप से एनपीएस के दायरे में आने वाले कुछ कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय केंद्रीय सरकार के पैटर्न के अनुरूप डीए मिलने की बात सामने आने से यह मामला और महत्वपूर्ण हो गया है।

महासंघ ने सरकार से आग्रह किया है कि 1 जून 2022 के बाद सेवानिवृत्त हुए सभी पात्र कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति एवं टर्मिनल लाभों की पुनर्गणना करते हुए संबंधित अवधि का देय डीए इसमें शामिल किया जाए और उसके आधार पर बनने वाली अंतर राशि का भुगतान किया जाए। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि कर्मचारियों की मांग किसी अतिरिक्त अथवा विशेष वित्तीय लाभ की नहीं, बल्कि पहले से देय डीए को उचित रूप से सेवानिवृत्ति लाभों में शामिल करने की है, ताकि बाद में डीए जारी होने के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्थायी वित्तीय नुकसान न झेलना पड़े।

वहीं, महासंघ ने भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए भी केंद्रीय सरकार के लागू पैटर्न के अनुरूप देय डीए को ध्यान में रखकर ग्रेच्युटी, पेंशन और अन्य टर्मिनल लाभ तय करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। महासंघ ने मुख्यमंत्री से मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित दिशा-निर्देश जारी करने तथा प्रभावित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संशोधित लाभों का भुगतान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

414 टीजीटी आर्ट्स अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे सरकार : एसएफआई

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। एसएफआई ने सरकार से जनवरी 2026 में शुरू हुई टीजीटी आर्ट्स भर्ती प्रक्रिया में चयनित सभी 414 अभ्यर्थियों को तत्काल नियुक्ति देने की मांग की है। संगठन के राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर और राज्य सचिव सनी सेकटा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद चयनित अभ्यर्थियों को अब तक नियुक्ति नहीं मिली है। इससे उनमें रोष और भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति है।

एसएफआई नेताओं ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के कई पद लंबे समय से रिक्त हैं। शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। ऐसे में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए इंतजार करवाना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि युवा कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरकर सफलता हासिल करते हैं। चयन के बाद भी नियुक्ति के लिए अनिश्चितकाल तक इंतजार करवाना उनके साथ अन्याय है। सरकार को सभी औपचारिकताएं पूरी कर तत्काल नियुक्ति पत्र जारी करने चाहिए।

एसएफआई ने सरकार से स्कूलों में शिक्षकों के सभी रिक्त पद समयबद्ध तरीके से भरने की भी मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 414 चयनित टीजीटी आर्ट्स अभ्यर्थियों की नियुक्ति में और देरी हुई तो छात्रों और अभ्यर्थियों को लामबंद कर प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

रामपुर कॉलेज के स्टूडेंट्स ने सीखे जीएसटी-आयकर के गुर

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर के अर्थशास्त्र विभाग की इकॉनोमिक सोसाइटी द्वारा आज शुक्रवार को, 'जीएसटी एवं आयकर' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और श्री अभय अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट, मुख्य प्रवक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल वर्मा के स्वागत उद्बोधन से हुआ, उन्होंने मुख्यातिथि, प्रवक्ता एवं सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्रवक्ता अभय अग्रवाल ने आयकर की पुरानी एवं नई कर व्यवस्था के प्रमुख प्रावधानों और जीएसटी की संरचना, सीजीएसटी, एसजीएसटी एवं आईजीएसटी, कर निर्धारण की प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रावधानों को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। सत्र के अंत में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ इस सत्र में डा. कुशाल शर्मा, प्रो पुष्पा गोस्वामी, अमर नेगी और इकॉनोमिक सोसाइटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

रिज मैदान में सवारी को लेकर टैक्सी चालकों में मारपीट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में शुक्रवार को सवारी बैठाने को लेकर टैक्सी चालकों के दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। सरेआम हुई इस झड़प से रिज मैदान में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की और घटना में संलिप्त सात लोगों को हिरासत में लेकर नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों के बीच सवारी को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। शुक्रवार को इसी विवाद को लेकर उस समय तूल पकड़ लिया, जब दोनों पक्ष रिज मैदान में आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जिसके सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी मिली। वीडियो और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल सात व्यक्तियों को हिरासत में लिया।

सदर थाना पुलिस की टीम ने घटना में शामिल सभी सात आरोपियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम की निवारक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गतिविधियों से कानून-व्यवस्था और लोक शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस यह भी खंगाल रही है कि विवाद की वास्तविक वजह क्या थी और मारपीट की शुरुआत किन परिस्थितियों में हुई।

लक्ष्य से 15 फीसदी ज्यादा जांच, 141 पंचायतें टीबी मुक्त

शिमला में टीबी पर वार जांच ने पकड़ी रफ्तार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला जिला में टीबी मुक्त अभियान ने जांच, पहचान व उपचार के मोर्चे पर उल्लेखनीय रफ्तार पकड़ी है। जिला स्तरीय टीबी मुक्त अभियान समिति की उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनवरी से अगस्त 2026 तक की प्रगति सामने रखी गई। आंकड़ों के अनुसार निर्धारित 24,408 के लक्ष्य के मुकाबले 28,008 लोगों की प्रिजम्प्टिव टीबी जांच की गई, जो 115 प्रतिशत उपलब्धि है।

इस अवधि में 1,387 के लक्ष्य के मुकाबले 1,393 टीबी मरीज नोटिफाई किए गए। एचआईवी और ब्लड शुगर स्टेटस की जांच में 98-98 प्रतिशत उपलब्धि रही, जबकि यूडीएसटी के तहत 96 प्रतिशत, डीआरटीबी उपचार शुरू करने में 95 प्रतिशत और टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट में 90 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज हुई। टीबी उपचार की सफलता दर 92 प्रतिशत रही, जबकि निक्षय पोषण योजना के तहत 76 प्रतिशत लाभार्थियों को भुगतान किया गया। उपायुक्त ने कहा कि अभियान को पंचायत स्तर तक और मजबूत किया जाएगा। नए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने के साथ एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक टीबी की जांच, उपचार और बचाव का संदेश पहुंच सके।

टीबी के लक्षण आने पर तुरंत करवाएं जांच

स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने समय पर जांच, नियमित उपचार, पोषण सहायता और रोकथाम को अभियान की प्राथमिकता बनाया है। आमजन से भी अपील की गई है कि टीबी के लक्षण नजर आने पर तत्काल जांच करवाएं और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार का पूरा कोर्स करें।

◆ 28 हजार से अधिक लोगों की हुई जांच

शिमला जिला में टीबी उन्मूलन की मुहिम को पंचायत स्तर पर भी बड़ी कामयाबी मिली है। वर्ष 2025 में जिले की कुल 412 ग्राम पंचायतों में से 141 को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया, जिससे 34 प्रतिशत पंचायतें इस श्रेणी में शामिल हो गई हैं। रोहड़ू विकास खंड 37 में से 19 टीबी मुक्त पंचायतों के साथ सबसे आगे रहा। ठियोग में 24, बसंतपुर में 14, कोटखाई में 13 और जुब्बल में 11 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुईं।

टुटू और नारकंडा में 11-11, छौहारा में 9, चौपाल और ननखड़ी में 7-7, मशोबरा व रामपुर में 6-6 तथा कुपवी में 3 पंचायतों ने यह उपलब्धि हासिल की। टीबी मुक्त पंचायतों को उपलब्धि के आधार पर तीन श्रेणियों में सम्मानित किया गया है, जिनमें 23 गोल्ड, 34 सिल्वर और 84 ब्रॉन्ज श्रेणी में शामिल हैं। हालांकि, अप्रैल से अगस्त 2026 के बीच जिले में 674 टीबी मरीजों में 28 मौतें दर्ज होना चुनौती का संकेत भी है।

एचआईवी पर जागरूकता बढ़ाएं, भेदभाव मिटाएं : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जागरूकता और संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक सम्मान दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को एड्स सुरक्षा, जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण समिति और जिला सामुदायिक संसाधन समूह की बैठक हुई। बैठक में एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जोखिम वाले समूहों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, परामर्श एवं जांच को प्रभावी बनाने तथा संक्रमित व्यक्तियों को आवश्यक स्वास्थ्य और सामाजिक सहयोग उपलब्ध करवाने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। समाज के हर वर्ग तक वैज्ञानिक और सही जानकारी पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभागों और संस्थाओं को आपसी तालमेल से जागरूकता गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित लोगों के प्रति भेदभाव और सामाजिक कलंक समाप्त करना सामूहिक जिम्मेदारी है। लोगों को एचआईवी/एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से बचना चाहिए और जरूरत पड़ने पर समय पर जांच व उपचार सेवाओं का लाभ लेना चाहिए।

कार्यालय ग्राम पंचायत सिलग विकास खण्ड द्रंग, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत सिलग विकास खंड दरंग जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशन) आमंत्रित की जाती है। ये निविदायें दिनांक **23-09-2026** तक ग्राम सिलग के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदायें दिनांक **24-09-2026** को प्रातः 11 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत सिलग में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेंगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत सिलग के पास सुरक्षित होगा इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्तें लागू।

सामग्री का विवरण : 1. रेत क्रशर व रेत खड्ड व रेत पठानकोट प्रति फुट 2. बजरी क्रशर 10mm, 20mm, 40mm व बजरी खड्ड व बजरी पठानकोट, प्रति फुट, 3. सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर, 5. ईंट मिट्टी के भट्ठे की प्रति 1000, 6. टाइल्स प्रति पीस प्रति साइज 7. JCB मशीन द्वारा मिट्टी कटान व ब्रेकर प्रति घन मीटर (हार्ड / सॉफ्ट रॉक)/प्रति घंटा, 8. सामग्री ढुलान (सीमेंट पत्थर से पंचायत घर सिलग तथा पंचायत घर से कार्य स्थल तक ट्रैक्टर / जीप / अन्य वाहन द्वारा उतराई चढ़ाई सहित) प्रति किलोमीटर/प्रति फेरा/प्रति बैग, 9. शटरिंग लोहा व लकड़ी प्रति फुट, 10. लकड़ी व एल्युमीनियम फिटिंग्स व डोर विंडो आइटम वार/प्रति घन फुट, 11. प्लाई बोर्ड शीट / OTHER फॉल्स सीलिंग / पैनलिंग SHEETS आइटम वार/ साइज वार, 12. कलर कोटेड रूफ शीट्स आदि व सीलिंग शीट्स प्रति शीट साइज वार, 13. RCC कल्वर्ट PIPE साइज वार, 14. FURNITURE ITEMS (TABLE&CHAIRS, सोफा सेट्टी, मैट, लेक्चरस्टैंड, इत्यादि सभी फर्नीचर वस्तुएं प्रति ITEM पूर्ण विवरण सहित, 15. वैल्डिंग वर्क्स प्रति किलो/क्विंटल, 16. मिक्सर मशीन प्रति दिन / प्रति घंटा, 17. पेंटर प्रति दिन / स्क्वेयर फुट साइज, 18. साइन बोर्ड/वाल राइटिंग/पेंटिंग साइज वार अन्य, 19. इलेक्ट्रिकल फिटिंग सामग्री व लेबर आइटम वार/प्रति पॉइंट, 20. गैस हीटर साइज वार, कम्पनी नामसहित, 21. स्टेशनरी विभिन्न रजिस्टर, कागज इत्यादि सभी आइटम्स, 22. वाटर डिस्पेंसर तथा वाटर कूलर आइटम वार 23. अन्य सामग्री आइटम वार

नियम व शर्तें : 1 निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण, TIN NO / CST / GST NO होना आवश्यक है। 2. रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगी M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर रायल्टी जमा करनी होगी। 3 निविदा पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए OVER WRITIUNG होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। 4 सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5 रेत, बजरी, पत्थर, ईंटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सड़क है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पूरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6 अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनिकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7 अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9 सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदादाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया

प्रधान/सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत वारी
विकास खंड भवारना, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत वारी विकास खण्ड भवारना तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 को विकास कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आवश्यकता है। पंचायती राज अधिनियम के अनुसार अधीकृत पाए जाने वाले सप्लायर, इच्छुक व्यक्तियों द्वारा निम्न लिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं दिनांक 25-09-2026 तक निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

सामग्री का विवरण:- क्रेशर रेत, क्रेशर बजरी, ईट अव्वल व दोम, बोल्डर, खड्ड बजरी, खड्ड रेत, सीमेंट कंक्रीट साईन बोर्ड 2×3 व 3×4, साईन बोर्ड लेखन, सीमेंट ढुलाई थुरल से वारी तक व शैटरिंग P.Sq.Ft.

नियम व शर्ते:- 1. इच्छुक सप्लायर अपनी कुटेशन दिनांक 24-09-2026 तक कार्यालय में जमा करवाएं। 2. वेंडर के पास अपना वैध GST No. व PAN Card होना चाहिए तथा सामग्री की दर में GST Extra दर्शाया जाए। 3. सभी रेट्स FOR के साथ ही देय हों। 4. आधी अधूरी कुटेशन मान्य नहीं होगी। 5. रेत बजरी व बोल्डर के M-Form जमा करवाना अनिवार्य होगा। 6. कुटेशन दिनांक 25-09-2026 को दोपहर 12:30 बजे के बाद खोली जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत वारी विकास खंड भवारना, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0

शारदा देवी पुत्री सरन सिंह निवासी गाँव व डाकघर कोपडा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ...वादी

वनाम आम जनता

...प्रतिवादी (जन्म तिथी पंजीकरण)

ईश्तहार अखवार वावत आवेदन जन्म तिथी पंजीकरण ग्राम पंचायत कोपडा तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0

ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया शारदा देवी पुत्री सरन सिंह निवासी गाँव व डाकघर कोपडा तहसील नुरपुर (व पत्नी गजन सिंह हाल निवासी गाँव व डा0 मकडोली तहसील इन्दोरा) जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका जन्म दिनांक 13-08-1956 को ग्राम पंचायत कोपडा में हुआ था परन्तु उसकी जन्म तिथी 13-08-1956 ग्राम पंचायत कोपडा के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः मेरी जन्म तिथी को ग्राम पंचायत कोपडा में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे। प्रतिवादी आम व खास जनता को इस ईश्तहार अख़बार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थीया के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 12-10-2026 को पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 11-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0

व अदालत कार्याकारी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि0 प्र0।

मिसल न0 ना0/2026
ता0 दा0 11-09-2026
तारीख पेशी 11-10-2026

मुकदमा-इनद्राज जन्म- प्रार्थना पत्र प्रार्थीया पवना देवी पुत्री बिशन दास निवासी बरोटी डा0 बराना तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा हि0 प्र0 ...प्रार्थी पक्ष

बनाम आम जनता

बिषयः- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

अखवारी इश्तेहार बनाम आम जनता- उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थीया पवना देवी पुत्री बिशन दास निवासी बरोटी डा0 बराना नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थीया पवना देवी का जन्म 10-1-1966 को हुआ थी। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थीया पवना देवी अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत बराना में दर्ज नहीं करवा सकी प्रार्थीया पवना जन्म तिथि 10-1-1966 को ग्राम पंचायत बराना में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि 10-1-1966 को ग्राम पंचायत बराना के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो बह असालतन या बकालतन इस अदालत में दिनांक 11-10-2026 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए समायत न होगा। आज दिनांक 11-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ।

कार्याकारी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि0 प्र0।

व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी अम्ब, जिला ऊना (हि0 प्र0)

खेवट नम्बर 280, 281
वाकया महाल अठवां
किस्म मुकदमा- तकसीम
राम कृष्ण आदि वनाम संत राम आदि।

आदि मुश्तरी मुनादी /अखवारी इश्तेहार- सर्व श्री राम सरूप, सरवन कुमार, जीत सिंह पुत्रान विशन दास पुत्र निहाला राम, वरिन्दर कुमार पुत्र कश्मीर सिंह, अभिषेक, अंकित पुत्रान शशी पाल पुत्र जगत राम, श्री हंस राज पुत्र गुरबख्श पुत्र पिर्थु हरजिंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह पुत्र चैन सिंह समस्त वासीगण गांव व डा0 अठवां, तहसील अम्ब जिला ऊना हि0 प्र0। **मार्फत पटवारी पटवार वृत्त कलरूही-** उपरोक्त विचाराधीन मुकदमा में इस न्यायालय को विश्वास हो चुका है कि उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों की तामील साधारण ढंग से नहीं हो सकती है। इसलिये मुश्तरी मुनादी को दैनिक अखवार में प्रकाशन करवाया जावे व आप देह हजा में ढोल बजाकर / टीन खड़काकर मुश्त्री मुनादी करवायें ताकि उक्त प्रतिवादीगण दिनांक 14/10/2026 को समय 2:00 अपराह्न असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपने केस की पैरवी करें, अन्यथा न्यायालय में हाजिर न होने की सूरत में आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जायेगी तथा रिपोर्ट रपट रोजनामचा में दर्ज की जाकर तारीख पेशी दिनांक 14/10/2026 को समय 10:00 बजे से पहले-पहले इस न्यायालय को भेजें। आज दिनांक 11/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर द्वारा जारी अदालत हुआ।

नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी अम्ब, जिला ऊना (हि0 प्र0)

व अदालत नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा (हि.प्र.)।

मिसल न0 94/NT/2026
ता0 दा0 08-09-2026
तारीख पेशी 11-10-2026

मुकदमा अनुवान- अमर सिंह पुत्र अनंत राम निवासी धलूं तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा (हि0 प्र0)। ...प्रार्थीया पक्ष

बनाम ...प्रत्यार्थी पक्ष

आम जनता

विषयः- जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम की जेर धारा 13 (3) पुनरावलोकित 1969 के तहत प्रमाण पत्र लेने वारे प्रार्थना पत्र।

अखवारी इश्तेहारः- प्रार्थी अमर सिंह पुत्र अनंत राम निवासी धलूं तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा (हि0 प्र0) ने इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया है कि उनके बेटे जीत कुमार की मृत्यु दिनांक 15-05-2006 को ग्राम पंचायत धलूं में हुआ थी परन्तु किसी कारणवश ग्राम पंचायत धलूं के रिकॉर्ड में दर्ज ना करवा सके। अतः ग्राम पंचायत धलूं के रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः इस अदालती मुनादी द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी के बेटे जीत कुमार की मृत्यु ग्राम पंचायत धलूं के रिकॉर्ड में दिनांक 15-05-2006 पंजीकृत करने बारे एतराज हो तो वह दिनांक 11/10/2026 को असालतन व वकालतन उपस्थित होकर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है उपस्थित न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी और प्रार्थी अमर सिंह अनंत राम निवासी धनूं तहसील नगरोटा बगवां जिला काँगड़ा (हि0 प्र0) बेटे जीत कुमार की मृत्यु की जन्म तिथि दिनांक 15-05-2006 पंजीकृत करने बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 11 /09/2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

कार्यकारी दण्डाधिकारी, नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा (हि0प्र0)।

व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0।

प्रार्थिया श्रीमती पूजा देवी पुत्री श्री हरी चन्द निवासी गांव व डा0 धुसाडा, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हि0 प्र0।

वनाम आम जनता

विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण करवाने बारे।

ईश्तहार/मुश्त्री मुनादी वनाम आम जनता

प्रार्थिया श्रीमती पूजा देवी पुत्री श्री हरी चन्द निवासी गांव व डा0 धुसाडा, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि उनका जन्म दिनांक 09/03/1984 को गांव धुसाडा, तहसील अम्ब, जिला ऊना में हुआ था, परन्तु अज्ञानता वश जन्म का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अभिलेख में नहीं हो सका है। अतः सर्व सधारण को इस इश्तहार / मुश्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त जन्म दर्ज करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 26-09-2026 को दोपहर 2.00 बजे या उससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर अदालत हो कर पेश करें, अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उक्त जन्म दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिए जायेंगे। आज दिनांक 07/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0।

व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0।

प्रार्थी श्री जीवन कुमार पुत्र श्री अमर चन्द निवासी गांव गोंदपुर व डा0 चकसराये, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हि0 प्र0।

वनाम आम जनता

विषय :- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण करवाने बारे।

ईश्तहार/मुश्त्री मुनादी वनाम आम जनता

प्रार्थी श्री जीवन कुमार पुत्र श्री अमर चन्द निवासी गांव गोंदपुर व डा0 चकसराये, तहसील अम्ब, जिला ऊना, हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि उनका जन्म दिनांक 14/05/1979 को गांव गोंदपुर, तहसील अम्ब, जिला ऊना में हुआ था, परन्तु अज्ञानता वश जन्म का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अभिलेख में नहीं हो सका है। अतः सर्व सधारण को इस इश्तहार / मुश्त्री मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त जन्म दर्ज करने बारे कोई उजर एतराज हो तो वह दिनांक 26-09-2026 को दोपहर 2.00 बजे या उससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर अदालत हो कर पेश करें, अन्यथा नियमानुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उक्त जन्म दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिए जायेंगे। आज दिनांक 07/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

कार्यकारी दंडाधिकारी अम्ब, तहसील अम्ब, जिला ऊना हि0 प्र0।

व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी अम्ब, जिला ऊना (हि0 प्र0)

खेवट नम्बर 640 वाकया महाल मुबारिकपुर किस्म मुकदमा तकसीम

वरिंदर सिंह वनाम नरिन्दर सिंह आदि।

मुश्तरी मुनादी /अखवारी इश्तेहार- सर्व श्री नरिन्दर सिंह, जोगिन्दर सिंह, युधवीर सिंह पुत्रान अनूप सिंह, संदीप कुमार पुत्र सुरिंदर सिंह, लाल सिंह, पूर्ण सिंह पुत्रान व कमला देवी पत्नी सुखदेव सिंह, जगत सिंह, रोशन सिंह पुत्रान उधम सिंह, रन सिंह पुत्र लैक राम, देवी सिंह, कुलदीप सिंह पुत्रान बलदेव सिंह, प्रलाध सिंह, काका राम, ओंकार सिंह, फतेह सिंह पुत्रान व सावित्री देवी, परमेश्वरी देवी, प्रेम देवी पुत्रियां व हुकमी देवी पत्नी राम चन्द, हाकम सिंह पुत्र दीवानु, राज देवी पत्नी संत राम, राजा राम, रसिल सिंह पुत्रान हीरा, कश्मीर सिंह, जसवंत सिंह पुत्रान किरपा राम, हरी सिंह पुत्र सोहनु, इकवाल सिंह पुत्र प्रेम सिंह, इशर सिंह पुत्र परमेश्वरी दास, विक्रम सिंह, सुदर्शन सिंह पुत्रान रसील सिंह, जमना दास पुत्रान वेलु, राम सिंह, सुखदेव सिंह पुत्रान व ओंकार देवी पुत्नी संत राम, जगत सिंह, किशन सिंह पुत्रान तुलसी राम व परमेश्वरी पत्नी तुलसी, कुलजीत सिंह, किशन देव सिंह पुत्रान शेर सिंह, रछपाल सिंह, शिवदेव सिंह पुत्रान बाबु राम, गुरदियाल सिंह पुत्र मिलखा सिंह, पूरण सिंह, ओंकार सिंह पुत्रान गुलवंत सिंह, सुरम सिंह पुत्र मेहर सिंह, अमर सिंह पुत्र हीरा सिंह, चुरू राम पुत्र जुल्फी राम, मूला पुत्र वेली, दुर्गी पत्नी पंजू, जसन देव सिंह, राजिंदर सिंह पुत्रान रघुबीर सिंह, व्यासा देवी पत्नी जगदीश सिंह, गोपाल सिंह पत्र अमर सिंह, संतोष कुमारी पत्नी जीत सिंह, बिशन देव सिंह, आत्म देव सिंह, प्रकाश देव सिंह पुत्रान राय सिंह, गुरदियाल सिंह, राजिंदर सिंह, बलबीर सिंह पुत्रान रूप सिंह, धनी राम पुत्रान राम लाल, राज कुमार, सुशील कुमार, राम सिंह पुत्रान व निर्मला देवी पत्नी रूप सिंह, बलदेव सिंह, सुखदेव सिंह पुत्रान निक्का राम, संजीव कुमार पुत्र ओंकार सिंह, शिव पाल, जगमोहन सिंह पुत्रान व सरला देवी पत्नी नेक चन्द, खेम चन्द पुत्र किशनी देवी, सुनील कुमार, अनिल कुमार पुत्रान व किरण बाला पुत्री व कमलेश देवी पत्नी बाबू सिंह, संसारो देवी, जोगिन्दर सिंह पुत्र संत राम, रमेश कुमार, जीत सिंह, केवल सिंह, राजन सिंह पुत्रान व केसरी देवी पत्नी प्रीतम, रंजित सिंह, कुलदीप सिंह पुत्रान गंगा राम, गुरदेव सिंह, बलदेव सिंह, बलबीर सिंह पुत्रान परशोतम दास, अशोक कुमार, राकेश कुमार पुत्रान मलकीयत सिंह, प्रकाश चन्द, ओंकार सिंह, शेर सिंह, जोगिन्दर सिंह पुत्रान परमानन्द, बालक राम, पोहलो राम पुत्रान राम सरन, कमलजीत सिंह पुत्र दुर्गा दास, बिधिया पुत्र कांशी, शिवदेव सिंह, हरदेव सिंह, जगदेव सिंह पुत्रान ब्रिज लाल, हेम राज पुत्र मेघु राम, किशन चन्द, मलूक सिंह पुत्रान राम दित्ता, सुभाष चन्द पुत्र मुंशी राम, व्यासदेव, रंजित सिंह, सुरजीत सिंह पुत्रान उधम सिंह, मलूक सिंह पुत्र अमर सिंह, गुरदेव सिंह, गुरबचन सिंह, ओम प्रकाश, हरदेश सिंह पुत्रान अमी चन्द, लाजवंती पुत्री शशिभान, शेरजंग बहादुर पुत्र व केसरी देवी पत्नी आज्ञा राम, सतप्रकाश पुत्र दौलत राम, राम रखा पुत्र नंद लाल, हरी दास, केशो दास पुत्रान हंस राज, रौशनी देवी पत्नी राम रखा, सीता देवी पत्नी तरलोक चन्द, अमरावती पत्नी देव राज, सोम देवी पुत्री, अर्जन सिंह, नरिन्दर सिंह पुत्रान व लछमी देवी पत्नी प्रकाश चन्द, रूमन देवी पत्नी आत्मा राम, हमीर चन्द पुत्र विजय राम, बिशन दास राम पुत्र जय सिंह, भाग देवी पत्नी, मूला, ब्रह्म सिंह पुत्र वेलु (मृतक) के वारसान हरवन्स पुत्र ब्रह्म सिंह, रनिया राम पुत्र लछमन सिंह (मृतक) के वारसान सिकंदर सिंह, सुभाष सिंह, दर्शन सिंह पुत्रान रणीय राम, धन देवी पत्नी जय सिंह (मृतक) के वारसान मंजीत सिंह पुत्र श्रीमती धन देवी, रतन चन्द (मृतक) के वारसान अभिमन्यु कौशल, राकेश कुमार पुत्रान व श्रीमती जगदंबा पाल पत्नी गुरजीत सिंह पुत्र रत्न चन्द जोगिन्दर सिंह पुत्र रामजी (मृतक) के वारसान करनैल सिंह, राज कुमार पुत्रान व श्रीमती सोम देवी पत्नी जोगिंदर सिंह, जगत सिंह पुत्र तुलसी राम (मृतक) के वारसान, शेर सिंह, सर्वजीत सिंह पुत्रान जगत सिंह पुत्र तुलसी राम धनी राम पुत्र राम लाल (मृतक) के वारसान, गुरवचन सिंह, परमजीत सिंह, दिल वाग सिंह पुत्रान धनी राम व श्रीमती राज कुमारी पत्नी गुरवचन सिंह पुत्र धनी राम, निक्का राम पुत्र राम लाल (मृतक) के वारसान, बलदेव सिंह, खदेव सिंह पुत्रान निक्का राम पुत्र राम लाल, चिंत राम पुत्र फकीरा (मृतक) के वारसान, जसवीर सिंह पुत्र चिन्त राम, गोपालु पुत्र फकीरा (मृतक) के वारसान, सुभाष चन्द, अशोक कुमार, अजमेर सिंह पुत्रान व श्रीमती दर्शना देवी पुत्री गोपालु, मस्त राम पुत्र फकीरा (मृतक) के वारसान बलवंत सिंह पुत्र मस्त राम, वीर सिंह पुत्र प्रीतम (मृतक) के वारसान, तुषार, राहुल पुत्रान व श्रीमती उपासना पत्नी वीर सिंह, रतन सिंह पुत्र किशन सिंह (मृतक) के वारसान, हरदेव सिंह, बिक्रम सिंह पुत्रान व श्रीमती बिशन देवी पत्नी रतन सिंह, जगदीश राम पुत्र वेदे राम (मृतक) के वारसान, चनण सिंह (मृतक) के वारसान, संजय कुमार, नरेश कुमार पुत्रान चनण सिंह पुत्र जगदीश राम पुत्र वेदे राम, प्रकाश चन्द (मृतक) के वारसान, सुरजीत सिंह, सुभाष चन्द, दतार सिंह पुत्रान प्रकाश चन्द समस्त वासीगण गांव व डा0 मुबारिकपुर तहसील अम्ब जिला ऊना हि0 प्र0। **मार्फत पटवारी पटवार वृत्त मुबारिकपुर-** उपरोक्त विचाराधीन मुकदमा में इस न्यायालय को विश्वास हो चुका है कि उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों की तामील साधारण ढंग से नहीं हो सकती है। इसलिये मुश्तरी मुनादी को दैनिक अखवार में प्रकाशन करवाया जावे व आप देह हजा में ढोल बजाकर / टीन खड़काकर मुश्त्री मुनादी करवायें ताकि उक्त प्रतिवादीगण दिनांक 22/09/2026 को समय 2:00 अपराह्न असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपने केस की पैरवी करें, अन्यथा न्यायालय में हाजिर न होने की सूरत में आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जायेगी तथा रिपोर्ट रपट रोजनामचा में दर्ज की जाकर तारीख पेशी दिनांक 22/09/2026 को समय 10:00 बजे से पहले-पहले इस न्यायालय को भेजें। आज दिनांक 02/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर द्वारा जारी अदालत हुआ।

नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी अम्ब, जिला ऊना (हि0 प्र0)

13.18 करोड़ से जुड़ेगा कटागला-रशोल

विधायक सुंदर ठाकुर ने किया सड़क निर्माण का भूमि पूजन, 12 माह में काम पूरा करने का लक्ष्य

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कटागला, छलाल और रशोल गांवों को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत इस परियोजना पर कुल 13 करोड़ 18 लाख रुपए (1317.80 लाख रुपए) की लागत आएगी।

विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह सड़क निर्धारित समयावधि से चार माह पहले, मात्र 12 माह के भीतर, गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। इस अवसर पर गांववासियों ने विधायक का पुष्प-गुच्छों एवं परंपरागत रीति-रिवाज के साथ जोरदार स्वागत किया। वर्षों से सड़क सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे कटागला, छलाल और रशोल के ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की सबसे बड़ी मांगों में से एक रही है। विधायक ठाकुर ने कहा कि सड़क पूर्ण होने पर कटागला, छलाल और रशोल तीनों गांव सीधी सड़क सुविधा से जुड़ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण अब तक इन गांवों के लोगों को पैदल ही लंबा सफर तय करना पड़ता था। सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि किसानों को अपनी खेती-बाड़ी की उपज बाजार तक पहुंचाने, चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित पहुंच और बच्चों की शिक्षा में भी सुगमता मिलेगी। उन्होंने इलाका वासियों को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। विधायक ने इस सड़क के लिये विभाग को पार्वती नदी के दोनों छोरों से एक साथ कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शाणगा-बलगरा-शिल्हा सड़क को भी प्राथमिकता में शामिल किया गया है। साथ ही दुर्गम गांव ग्राहण और नक्षान तक भी सड़क सुविधा से जोड़ने की योजना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के मार्गदर्शन में जिया चौक से मणिकर्ण तक सड़क सुधार कार्य के लिए केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय से 38 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को इस मार्ग के जर्जर स्थलों का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि शीघ्र सुधार कार्य आरंभ हो सके। उन्होंने कहा कि जय नाला से आरंभ होकर कटागला, छलाल होते हुए रशोल तक जाने वाली यह सड़क कुल 8.250 किलोमीटर लंबी होगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के तहत फॉर्मेशन कटिंग, रिटेनिंग वॉल एवं ब्रेस्ट वॉल निर्माण, बिना लाइनिंग की नालियां, पैरापेट, क्रॉस ड्रेनेज वर्क्स, मक प्रबंधन, सेटिंग आउट, किलोमीटर एवं मीटर पत्थर, सूचना पट्ट तथा एक पुल का निर्माण शामिल है।

महिला मंडलों को दी 50-50 हजार की सहायता

इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित सभी महिला मंडलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। छलाल महिला मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने भी इस अवसर पर विधायक को भेंट की। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद, इंदिरा ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रवीण ठाकुर, बीडीसी सदस्य श्याम राखा और मनोज ठाकुर, ईशान ठाकुर, छलाल की प्रधान अमरा देवी, उपप्रधान चुनी लाल, हिमाचल प्रदेश कृषि विकास बैंक के निदेशक किशन ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

हिमाचल में भांग की खेती वैध : सुंदर ठाकुर

कहा-टेक्सटाइल, हस्तशिल्प और दवाइयों के निर्माण का रास्ता साफ

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से राज्य में भांग की खेती को वैध करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है और भांग की खेती को वैध बनाने के लिए कानून बनाया गया है। कुल्लू क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने स्पष्ट किया कि इस खेती को पूरी तरह नियंत्रित और लाइसेंस आधारित प्रणाली के तहत कानूनी जामा पहनाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य अवैध खेती पर अंकुश लगाना और इसे राज्य की आर्थिकी, टेक्सटाइल उद्योग तथा चिकित्सा क्षेत्र से जोड़ना है।

कुल्लू और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भांग की खेती मुख्य रूप से टेक्सटाइल इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा करने के लिए की जाएगी। भांग के पौधों से प्राप्त रेशों (फाइबर) का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र, पारंपरिक शॉल, हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद तैयार किए जाएंगे। सरकार के इस कदम से स्थानीय बुनकरों और कारीगरों को आसानी से कच्चा माल उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। कपड़ा उद्योग के अलावा भांग का उपयोग आधुनिक और जीवन रक्षक दवाइयों के निर्माण के लिए भी किया जाएगा। खेती के लिए किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हिमाचल प्रदेश कृषि विवि और बागवानी विवि के माध्यम से प्रमाणित और उन्नत किस्म के बीज वितरित किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और अवैध दुरुपयोग से मुक्त रखने के लिए सरकार ने स्पष्ट लाइसेंसिंग नियम तय किए हैं। सामान्य या औद्योगिक खेती के लिए एक बीघा भूमि पर 500 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है।

औषधीय प्रयोजन के लिए की जाने वाली खेती पर एक बीघा भूमि पर एक लाख रुपये का लाइसेंस शुल्क तय किया गया है। विधायक ने भांग की खेती को लेकर समाज में फैले नकारात्मक प्रचार को पूरी तरह खारिज करते हुए दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह कानूनी, पारदर्शी और प्रशासनिक निगरानी के अधीन होगी। सर्वदलीय कमेटी के विस्तृत अध्ययन पर आधारित निर्णय

यह नीतिगत निर्णय जल्दबाजी में नहीं लिया गया है, बल्कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एक सर्वदलीय कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी ने देश के विभिन्न राज्यों का दौरा कर विस्तृत कानूनी अध्ययन (लीगल स्टडी) की थी। अध्ययन के उपरांत सभी पक्षों की सहमति से यह व लिया गया कि प्रदेश के सीमित व चिन्हित क्षेत्रों में ही नियंत्रित तरीके से भांग की खेती की अनुमति दी जाए।

न्यूज ब्रीफ

आज और कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। विद्युत उपमंडल नंबर 1 के सहायक अभियंता ई. अक्षय सूद ने बताया कि 11 केवी सरवरी फीडर व 11 केवी ढालपुर फीडर की लाईनों में आवश्यक मुरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 12 सितंबर को विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान जुडिशियल कॉम्पलेक्स, ढालपुर नजदीक शोबला, बीएसएनएल कॉम्पलेक्स, खोरी रोपा, सरवरी, सुलतानपुर, लोरेन, बस अड्डा, शीतला माता, फील्ड हॉस्टल, बाबा बालकनाथ, शीशामाटी, देवधार, शेताफाट, चामुंडानगर, अप्पर मियां बेहड़, आईटीआई व जीएम इंडस्ट्री में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त 13 सितंबर प्रेस क्लब, कॉलेज, कैटल मैदान के आसपास, बालाबेहड़, महंत बेहड़, लोअर ढालपुर, होटल शोभा, रमणीक, ग्रीन पीस कॉलोनी व शीशामाटी आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मुरम्मत कार्य के दौरान विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे होने तक बंद रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से निर्धारित अवधि के दौरान विभाग के साथ सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

गांधीनगर में आज लगेगा पावर कट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। विद्युत उपमंडल न0 1 के सहायक अभियंता ई. अक्षय सूद ने बताया कि 11 केवी गांधीनगर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में आवश्यक मुरम्मत व रखरखाव कार्य के चलते 12 सितम्बर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान टीवी टावर, चुंगी शास्त्री नगर, अप्पर बदाह, लोअर बदाह आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मुरम्मत कार्य के दौरान विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे होने तक बंद रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से निर्धारित अवधि के दौरान विभाग के साथ सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान स्पर्धा 4 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला कुल्लू की ओर से स्कूली विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। अभाविप जिला कुल्लू के जिला संयोजक ऋतिक कार्तिक ने बताया कि परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें तीन सीरीज में बांटा गया है। विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए एक घंटे का समय मिलेगा। प्रश्न हिमाचल, भारत व विश्व के इतिहास-भूगोल, स्वतंत्रता आंदोलन, विज्ञान, भाषा, धर्म-संस्कृति, खेल, समसामयिक घटनाओं, रीजनिंग और विद्यार्थी परिषद से जुड़े विषयों पर आधारित होंगे। पंजीकरण 14 से 26 सितंबर तक होगा और शुल्क 30 रुपये रहेगा। परिणाम 31 अक्टूबर को घोषित होंगे। प्रतियोगिता में कुल 6 लाख 22 हजार 500 रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

लाहौल में फिर गूंजेगा क्रिकेट का रोमांच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। लाहौल की हिमालयी वादियां एक बार फिर क्रिकेट के रोमांच की गवाह बनेंगी। लाहौल प्रीमियर लीग (एलपीएल) की ओर से द्वितीय लाहौल स्पोर्ट्स कार्निवल के तहत सुपर 7 क्रिकेट कप का आयोजन 16 से 18 अक्टूबर तक बिलींग, केलांग में किया जाएगा। करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर होने वाला यह खुला टूर्नामेंट युवाओं को खेल और फिटनेस से जोड़ने के साथ टीम भावना को बढ़ावा देगा। प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में सात खिलाड़ी होंगे और मुकाबले सात ओवर के खेले जाएंगे। आयोजकों ने प्रतिभागी टीमों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार भी निर्धारित किए हैं। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रति टीम 1,400 रुपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। पंजीकरण और अन्य जानकारी के लिए दावा स्वाची से 8219168581, मोनू बुकुजी से 8580859625 तथा टशी टचीजी से 7018219966 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता का आयोजन यंग फार्मर्स क्लब बीलिंग द्वारा किया जा रहा है।

देवसदन कुल्लू में मनाया जाएगा हिंदी दिवस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। देवप्रस्थ साहित्य एवं कला संगम कुल्लू, जिला भाषा विभाग कुल्लू और हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी शिमला के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितंबर को देवसदन कुल्लू में हिंदी दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा और दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। पहले सत्र में 'हिमाचल प्रदेश की समाज संरचना में देवी-देवताओं की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी होगी। इसमें डॉ. सूरत ठाकुर मुख्य शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे, जबकि नेरी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. चेत राम मुख्य वक्ता होंगे। दूसरे सत्र में हिंदी कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें जिलेभर के कवि हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी में देवी-देवताओं के प्रतिनिधि, शोधकर्ता और लेखक भी चर्चा में भाग लेंगे।

केलंग मंडल की बैठक में बनाई बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर रणनीति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। भाजपा लाहौल-स्पीति के जिला प्रभारी नितिन कुमार की उपस्थिति में केलंग मंडल की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर भी मौजूद रहे। इस दौरान मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर चर्चा हुई। रवि ठाकुर ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

हिंदी पखवाड़ा में चमकीं भुंतर स्कूल की छात्राएं

अनंत ज्ञान

भुंतर। जिला कुल्लू के ऐतिहासिक देव सदन में हिंदी पखवाड़ा के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंतर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की 3 छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कीं।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में सौम्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में हिमानी पंत ने प्रभावशाली वक्तृत्व के दम पर द्वितीय स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में जाह्नवी ने अपने सामान्य ज्ञान और सटीक उत्तरों के जरिए तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य तिलक राज ने सौम्या शर्मा, हिमानी पंत और जाह्नवी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान से जुड़ी भाषा है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत के साथ शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

सीएमओ ने दिए आभा आईडी बनाने में तेजी लाने के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजीत ठाकुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और विभिन्न विभागीय गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

इस दौरान टीकाकरण, शिशु स्वास्थ्य, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। नागरिकों की आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी विशेष जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही जमीनी स्तर पर डेटा की सटीक प्रविष्टि करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिले के विभिन्न ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, पर्यवेक्षक और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे।

श्रेय लेने के चक्कर में धरना प्रदर्शन कर रही भाजपा: गोपाल

अनंत ज्ञान

- कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कराया चहुंमुखी विकास

ब्यूरो कुल्लू। कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने भाजपा के हालिया धरना-प्रदर्शनों पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल केवल प्रदर्शन करने तक सीमित रह गया है और प्रदेश सरकार के विकास कार्यों का श्रेय लेने के लिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।

गोपाल ठाकुर ने सड़कों की स्थिति को लेकर भाजपा के विरोध को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि कुल्लू क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। जल्द ही धरातल पर काम शुरू होने वाला है। उनके अनुसार इसी कारण भाजपा जल्दबाजी में प्रदर्शन कर रही है, ताकि विकास कार्य शुरू होने पर उसका श्रेय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि भूतनाथ पुल, शिरड़ी में नए पुल और लगघाटी बाईपास सड़क जैसे कार्य वर्तमान सरकार की उपलब्धियां हैं। उनके मुताबिक पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में भूतनाथ पुल से छोटे वाहनों की आवाजाही भी बाधित हुई थी, जिसे वर्तमान सरकार ने पिलर बनाकर बहाल किया। भाजपा पर गुटबाजी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कुल्लू में टिकट को लेकर पार्टी के भीतर खींचतान चल रही है और एक ही परिवार से दो-दो दावेदार सामने आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के मजबूत जनसमर्थन के आगे भाजपा का कोई नेता टिक नहीं पाएगा। गोपाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी हैं। उन्होंने भाजपा पर उपलब्धियों से बौखलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

गणित-विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

मनाली में आयोजित संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

अनंत ज्ञान

मनाली। अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली में आज संकुल स्तरीय गणित-विज्ञान मेले का आयोजन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर संकुल के विभिन्न सरस्वती विद्या मंदिरों से आए भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी वैज्ञानिक, गणितीय एवं संगणकीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विज्ञान, गणित एवं संगणक विषय के आचार्य-दीदियों द्वारा माँ सरस्वती के श्रीचरणों में दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, तार्किक क्षमता, सृजनात्मकता एवं विषयगत ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के परिणाम बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्रेमा सरस्वती विद्या मंदिर बुरूआ, द्वितीय स्थान अंशुल सरस्वती विद्या मंदिर मनाली जबकि शिशु वर्ग प्रथम स्थान शोभना सरस्वती विद्या मंदिर मनाली,द्वितीय स्थान शिवांश सरस्वती विद्या मंदिर ओल्ड मनाली, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता किशोर वर्ग में प्रथम स्थान अंतरा, सानिया एवं निकुंज सरस्वती विद्या मंदिर मनाली, द्वितीय स्थान पवन, अमन एवं वंश सरस्वती विद्या मंदिर बुरूआ, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बाल वर्ग में प्रथम स्थान सुमन, विनय एवं रिधिमा सरस्वती विद्या मंदिर मनाली,द्वितीय स्थान कुनाल, निशि एवं दीया सरस्वती विद्या मंदिर बुरूआ, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शिशु वर्ग प्रथम स्थान वंश, मौर्य एवं रणवीर सरस्वती विद्या मंदिर मनाली, द्वितीय स्थान हर्षिता, अश्नव एवं यशिका सरस्वती विद्या मंदिर ओल्ड मनाली, तृतीय स्थान खुशबू, अनुराग एवं आरवी सरस्वती विद्या मंदिर बुरूआ, संगणक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशिता, यशस्वी एवं पूर्वी सरस्वती विद्या मंदिर मनाली, द्वितीय स्थान कृति, भूमिका एवं आस्था सरस्वती विद्या मंदिर बुरूआ।

प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भौतिकी विज्ञान के व्याख्याता श्री छविंद्र प्रकाश गौतम जी ने विजेता प्रतिभागियों को पदक प्रदान किए तथा विज्ञान के महत्व एवं उसके दैनिक जीवन में उपयोगिता पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की। छविंद्र प्रकाश गौतम ने सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तरीय गणित-विज्ञान मेले के लिए भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें आगामी प्रतियोगिता में और अधिक उत्साह, आत्मविश्वास एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने द्वितीय एवं अन्य स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी निरंतर अभ्यास एवं कठिन परिश्रम करते हुए आगामी अवसरों के लिए स्वयं को और अधिक सशक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने भैया-बहनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, जिज्ञासा, सृजनात्मकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बीपीएल परिवारों को मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना का लाभ लेने का अवसर

अनंत ज्ञान

- पात्र परिवार संबंधित ग्राम पंचायत या कार्यालय में 20 तक कर सकते हैं आवेदन
- अंतिम सूची 25 सितंबर तक एसडीएम स्तर पर होगी अधिसूचित

ब्यूरो केलांग। हिमाचल प्रदेश सरकार ने बीपीएल परिवारों के चयन की अंतिम चरण की प्रक्रिया के तहत पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना का लाभ लेने के लिए एक और अवसर प्रदान किया है। योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, ताकि कोई भी परिवार सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न कल्याणकारी लाभों से वंचित न रहे।

योजना के तहत 27 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चों वाले परिवार, 59 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों वाले ऐसे परिवार जिनमें 27 से 59 वर्ष की आयु का कोई सदस्य नहीं है तथा महिला मुखिया वाले परिवार पात्र होंगे। इनमें विधवा, अविवाहित, तलाकशुदा अथवा परित्यक्त महिलाएं शामिल हैं। 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता से पीड़ित मुखिया वाले परिवार भी पात्र होंगे। इसके अलावा पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा 2025-26 में मनरेगा के तहत कम से कम एक दिन कार्य करने वाले सभी सदस्यों के परिवार, भूमिहीन परिवार तथा गंभीर बीमारी या दुर्घटना के कारण स्थायी रूप से अशक्त कमाने वाले सदस्य वाले परिवार भी योजना के लिए पात्र होंगे।

जिन परिवारों का कोई सदस्य आयकरदाता है, वार्षिक आय 75 हजार रुपये से अधिक है, 0.1 हेक्टेयर से अधिक भूमि है अथवा कोई सदस्य सरकारी, अर्धसरकारी या निजी नौकरी में कार्यरत है, वे पात्र नहीं होंगे। पात्र परिवार 20 सितंबर तक संबंधित ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय केलांग अथवा एसडीएम कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। अंतिम सूची 25 सितंबर तक एसडीएम स्तर पर अधिसूचित की जाएगी।

राशेल-लिंगर सड़क निर्माण के लिए होगी नियंत्रित ब्लास्टिंग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लाहौल उपमंडल के अंतर्गत राशेल -लिंगर सड़क निर्माण के लिए नियंत्रित ब्लास्टिंग को लेकर सार्वजनिक सूचना जारी की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नियंत्रित ब्लास्टिंग का कार्य 14 सितंबर से 25 सितंबर तक किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 3 बजे और शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक ब्लास्टिंग की जाएगी।

प्रशासन ने स्थानीय निवासियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, वाहन चालकों, राहगीरों और पर्यटकों से निर्धारित समय के दौरान ब्लास्टिंग स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। सड़क पर वाहनों की आवाजाही भी ब्लास्टिंग के दौरान अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है और सक्षम अधिकारी द्वारा स्थल को सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद ही यातायात बहाल किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ब्लास्टिंग का कार्य अधिकृत एवं लाइसेंसधारी ब्लास्टर की निगरानी में निर्धारित सुरक्षा मानकों और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। लोगों से पुलिस, लोक निर्माण विभाग और मौके पर तैनात अधिकृत अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। ब्लास्टिंग क्षेत्र में बिना अनुमति फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और ड्रोन संचालन पर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रतिकूल मौसम, भारी वर्षा, भूस्खलन या अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में ब्लास्टिंग का कार्यक्रम स्थगित, परिवर्तित या रद्द किया जा सकता है ।जिला प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देकर केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया है। नोटिस जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जनहित में जारी किया गया है।

आपात स्थिति में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र के टोल-फ्री नंबर 1077 अथवा 94594-61355, 01900-202509, 01900 -202510 व 01900-202517 पर संपर्क किया जा सकता है।

चिंता समय पूर्व पत्ते झड़ने से अगले साल की फसल में संकट, बागवान चिंतित

पीले पड़कर झड़ने लगे सेब के पत्ते

अनंत ज्ञान

एम बोकटापा, मनाली। मनाली विधान सभा क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी का मुख्य साधन पर्यटन और बागवानी है। पिछले कुछ सालों से कभी लॉक डॉन तो कभी भारी बारिश और बाढ़ के कारण पर्यटन कारोबार लगातार प्रभावित होता रहा है। मौसम की बेरुखी के चलते इस साल सेब उत्पादन में भी भारी कमी देखने को मिल रही है। यहाँ के किसान अब दोहरी मार झेल रहे हैं क्योंकि चालू सीजन में सेब की पैदावार कम हुई है और अब अगले साल की फसल को बचाने की चुनौती है । पिछले दिनों जिस तरह बारिश हुई उस से कुल्लू-मनाली घाटी के सेब बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। अत्यधिक नमी और मौसम में लगातार बने बदलाव के कारण सेब के पेड़ों के पत्ते समय से पहले पीले पड़कर झड़ने लगे हैं। बागवानों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो इस वर्ष पहले से कम हो चुकी फसल के साथ-साथ अगले साल की फसल पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

इस वर्ष मौसम की मार के कारण अधिकांश क्षेत्रों में सेब की फसल पहले ही न के बराबर है। बागवानों का अनुमान है कि पिछले साल की तुलना में इस बार करीब 40 प्रतिशत तक कम उत्पादन हो सकता है। ऐसे में अब पेड़ों से समय से पहले पत्ते झड़ने की समस्या ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बागवान रमेश कुमार, श्याम लाल और प्रीतम ने बताया कि लगातार बारिश के कारण बगीचों में सेब के पेड़ों के पत्ते तेजी से पीले पड़कर गिर रहे हैं। उनका कहना है कि पत्ते समय से पहले झड़ने से पेड़ पर्याप्त भोजन तैयार नहीं कर पाएंगे, जिससे पेड़ कमजोर होंगे और इसका सीधा असर अगले वर्ष की फसल पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि मौसम जल्द सामान्य नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है ।उधर, बागवानी विभाग ने बागवानों से घबराने के बजाय वैज्ञानिक सलाह के अनुसार बगीचों का प्रबंधन करने की अपील की है ।बागवानी उपनिदेशक राजकुमार ने बताया कि विभाग ने सेब बगीचों में रोग एवं पोषक तत्वों के प्रबंधन के लिए दवाइयों के छिड़काव का निर्धारित शेड्यूल जारी किया है। उन्होंने कहा कि बागवान यदि तय शेड्यूल के अनुसार समय पर छिड़काव करें तो पत्तों के पीले पड़ने की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने सभी बागवानों से विभाग द्वारा जारी सलाह का पालन करने और आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी बागवानी कार्यालय से तकनीकी मार्गदर्शन लेने की अपील की।

नेशनल हाईवे-5 में अतिक्रमण पर फिर चला प्रशासन का पीला पंजा

सब्जी मंडी से शमलेच तक एनएच-5 किनारे कार्रवाई, खोखे और रेहड़ी-फड़ियां हटाईं; 500 से 2000 रुपए तक के चालान

अनंत ज्ञान

प्रशासन द्वारा हटाया गया अतिक्रमण और मीडिया से बात करती एसडीएम नीरजा शर्मा। अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। नेशनल हाईवे-5 के किनारे किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने शुक्रवार को एक बार फिर कार्रवाई की। सोलन एसडीएम नीरजा शर्मा की अध्यक्षता में गठित प्रशासनिक टीम ने कथेड़ स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र से लेकर शमलेच तक विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर सड़क किनारे लगाए गए अवैध खोखे, रेहड़ी-फड़ियां और अन्य अस्थायी कब्जे हटाए। इस दौरान कई अवैध ढांचों पर प्रशासन का पीला पंजा चला।

सार्वजनिक स्थानों और सड़क किनारे रखी गई कुछ सब्जियों को भी टीम ने कब्जे में लिया। प्रशासन की कार्रवाई से एनएच किनारे अवैध रूप से दुकानदारी करने वालों में हड़कंप मचा रहा। टीम ने ऐसे कई खोखे और रेहड़ी-फड़ी संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की, जिन्हें पूर्व में मौके से हटाया जा चुका था। प्रशासन के अनुसार, बार-बार हटाने के बावजूद कुछ लोग दोबारा उसी स्थान पर कब्जा कर लेते हैं। ऐसे मामलों में अब केवल अतिक्रमण हटाने तक कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी, बल्कि संबंधित लोगों के चालान काटकर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

दोबारा कब्जा करने वालों पर सख्ती: शुक्रवार की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों के 500 से 2000 रुपये तक के चालान किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने सड़क और सार्वजनिक क्षेत्र में सामान रखकर यातायात बाधित करने वालों को मौके पर चेतावनी भी दी।

अभियान की शुरुआत कथेड़ सब्जी मंडी के आसपास के क्षेत्र से की गई। इसके बाद टीम ने एनएच-5 के साथ लगते अन्य हिस्सों में भी कार्रवाई की। प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में अभियान को अन्य क्षेत्रों तक भी बढ़ाया जाएगा। इसके लिए कार्रवाई की आगामी तिथियां निर्धारित की जाएंगी। प्रशासन ने संकेत दिया है कि अतिक्रमण के दोबारा सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई और कड़ी की जाएगी।

चेतावनी के बावजूद फिर किया कब्जा: एसडीएम नीरजा शर्मा ने बताया कि प्रशासन की ओर से लगातार संबंधित लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया जा रहा था। उन्हें पहले भी चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद कई स्थानों पर दोबारा सार्वजनिक स्थानों और एनएच के किनारे खोखे व रेहड़ियां लगा दी गईं। प्रशासन की टीम द्वारा पहले भी कई अवैध ढांचे हटाए गए थे, लेकिन टीम के लौटने के बाद कुछ लोगों ने फिर से उन्हीं स्थानों पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि इसी कारण अब अतिक्रमण हटाने के साथ चालान और जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखना है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो।

नियमित रूप से जारी रहेगा अभियान: प्रशासन ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर के सार्वजनिक स्थानों और सड़क किनारों को अतिक्रमण मुक्त रखना है। एनएच और सड़कों के किनारे अवैध कब्जों के कारण यातायात प्रभावित होने के साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। प्रशासन ने साफ कर दिया कि एक बार अतिक्रमण हटाए जाने के बाद उसी स्थान पर दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ पहले की अपेक्षा अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पाइनग्रोव स्कूल ने रचा इतिहास, आईपीएससी एमयूएन 2026 में जीता 'सर्वश्रेष्ठ स्कूल' का खिताब

अनंत ज्ञान

सर्वश्रेष्ठ स्कूल खिताब के साथ छात्र और शिक्षक। अनंत ज्ञान

सोलन। बिड़ला विद्या मंदिर, नैनीताल में 7 से 9 सितंबर तक आयोजित प्रतिष्ठित आईपीएससी मॉडल यूनाइटेड नेशंस (आईपीएससी एमयूएन) 2026 में पाइनग्रोव स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सम्मेलन का सर्वोच्च 'ओवरऑल बेस्ट स्कूल डेलीगेशन' पुरस्कार अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया।

तीन दिवसीय अंतर-स्कूली प्रतियोगिता में देश के 17 प्रतिष्ठित स्कूलों से 136 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर कूटनीतिक चर्चाओं, वाद-विवाद और विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। पाइनग्रोव स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली वाक्पटुता, तार्किक क्षमता, बौद्धिक गहराई और रणनीतिक सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में पाइनग्रोव स्कूल के युव महाजन को 'बेस्ट डेलीगेट' का पुरस्कार मिला। हर्षिका गोदारा और आरुष गर्ग ने 'हाई कमेंडेशन' हासिल किया। अंगद वर्मा और अमायरा सूद को 'मोस्ट प्रॉमिसिंग डेलीगेट' से सम्मानित किया गया। वहीं जयादित्य किल्होर को 'स्पेशल मेंशन' पुरस्कार मिला।

इसके अलावा महक मिश्रा और अलायका शर्मा ने 'वर्बल मेंशन' प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय विषयों पर अपनी समझ और विश्लेषण क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, तार्किक सोच, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

इस उपलब्धि ने पाइनग्रोव स्कूल के गौरव में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे मंच उन्हें वैश्विक मुद्दों को समझने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस उपलब्धि ने पाइनग्रोव स्कूल के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान को और मजबूत किया है।

न्यूज ब्रीफ

आईडीबीआई बैंक ने नौणी विवि को भेंट किया 5 लाख रुपए का ट्रैक्टर

अनंत ज्ञान, सोलन। आईडीबीआई बैंक की सोलन शाखा ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी को करीब पांच लाख रुपये मूल्य का ट्रैक्टर भेंट किया। ट्रैक्टर की चाबियां विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएस बावेजा को सौंपी गईं। इसका उपयोग कृषि, बागवानी और अनुसंधान फार्मों में किया जाएगा। कुलपति ने बैंक का आभार जताते हुए इसे कृषि एवं अनुसंधान गतिविधियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण सहयोग बताया।

सिरमौर के विश्वजीत ठाकुर ने थाईलैंड ओपन में जीता रजत पदक

अनंत ज्ञान, सराहा। जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के मलाना गांव निवासी फेंसर विश्वजीत ठाकुर ने थाईलैंड ओपन फेंसिंग चैंपियनशिप-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

कालाअंब में समय फार्मा पर ईडी की दबिश

एसपी जैरथ, नाहन। कालाअंब स्थित समय फार्मा उद्योग में ईडी की कार्रवाई के बाद औद्योगिक क्षेत्र में हलचल बढ़ गई। टीम ने कंपनी से जुड़े दस्तावेजों, खातों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच शुरू की। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली स्थित कार्यालय समेत अन्य ठिकानों पर भी जांच की सूचना है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।आगे की जांच में कंपनी से जुड़े अन्य वित्तीय लेनदेन और दस्तावेजों की भी पड़ताल की जा सकती है।

नाहन में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त गोबिंदगढ़ से शुरू हुआ अभियान

एसपी जैरथ, नाहन। नाहन में प्रशासन और नगर परिषद ने सरकारी भूमि व सार्वजनिक रास्तों से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। गोबिंदगढ़ में जेसीबी से अवैध कब्जे हटाए गए और कंडम वाहन व सामान भी कब्जे में लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, अभियान चरणबद्ध तरीके से शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगा।

शूलिनी विवि के दूसरे दीक्षांत समारोह में 1,047 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन का दूसरा दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा। समारोह में एमबीए, एमए इंग्लिश लिटरेचर, बीकॉम ऑनर्स और बीबीए के कुल 1,047 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को चार गोल्ड मेडल और पांच मेरिट सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।

पेंशनरों की मांगों की अनदेखी पर बढ़ा रोष, 3% डीए बढ़ोतरी न होने से नाराज

अनंत ज्ञान, परवाणू। पेंशनर कल्याण संगठन इकाई परवाणू की बैठक में लंबित मांगों को लेकर सरकार और निगम प्रबंधन के प्रति रोष जताया गया। संगठन ने पेंशन में तीन प्रतिशत डीए बढ़ोतरी जल्द देने की मांग की। जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन एरियर, ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट सहित अन्य देय लाभों का भुगतान न होने पर भी नाराजगी जताई गई। संगठन ने न्यायालय के फैसले के अनुसार पूर्ण डीए भुगतान की मांग की।

सन्दोआ स्कूल की छात्राओं ने बैडमिंटन और योगा में हासिल किया प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान

सोलन/शिमला। सुन्नी खंड की जोनल अंडर-14 छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय उच्च पाठशाला सन्दोआ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियां हासिल कीं। प्रतियोगिता का समापन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करयाली के प्रांगण में हुआ।

विद्यालय के मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि छात्र वर्ग में सन्दोआ स्कूल की टीम ने योगा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा वर्ग में भी विद्यालय की खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। छात्राओं ने बैडमिंटन में प्रथम, वॉलीबॉल में द्वितीय, योगा टीम इवेंट में प्रथम और शतरंज टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में शतरंज में तेजस्वनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं योगा प्रतियोगिता में लवन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने सफलता का श्रेय शारीरिक शिक्षक कुलदीप कुमार, टीम इंचार्ज मीरा मेहता, मेहक, सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

सोलन में बैंक कर्मचारियों का प्रदर्शन, पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था की उठी मांग

अनंत ज्ञान

सोलन। पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने समेत विभिन्न लंबित मांगों को लेकर बैंक कर्मचारी और अधिकारी संगठनों ने देशव्यापी हड़ताल के तहत सोलन में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार और बैंक प्रबंधन के खिलाफ रोष जताते हुए मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग व्यवस्था लागू करना, पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की भर्ती, बढ़ते कार्यभार को कम करना और लंबित सेवा संबंधी मामलों का समाधान शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में छह दिन काम करना पड़ता है।

डिजिटल बैंकिंग के विस्तार के बावजूद शाखाओं में काम का दबाव लगातार बढ़ रहा है। कर्मचारियों के अनुसार सरकारी योजनाओं, ऋण, केवाईसी, पेंशन, बीमा और डिजिटल बैंकिंग समेत कई सेवाओं की जिम्मेदारी भी उन पर है। स्टाफ की कमी के कारण मौजूदा कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्यभार उठाना पड़ रहा है। पर्याप्त भर्ती होने से कर्मचारियों का दबाव कम होगा और ग्राहकों को भी बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

विद्यार्थियों में उद्यमिता और स्वरोजगार की सोच विकसित करेगा कौशल आधारित कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

सोलन। विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की शिक्षा से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने का कार्यक्रम उन्हें भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कृषि क्षेत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली की समझ विकसित करने के साथ उद्यमिता, नवाचार और स्वरोजगार की सोच को बढ़ावा देना है। समग्र शिक्षा एवं उच्च शिक्षा निदेशालय के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत विद्यार्थियों को स्कूल से कार्यक्षेत्र तक सफल संक्रमण के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्रदान किए जा रहे हैं। व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें विभिन्न कार्यों की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर भविष्य में रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों का बेहतर उपयोग कर सकें।

निदेशक विस्तार शिक्षा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय, विद्यालयों, समन्वयकों, अध्यापकों और विशेषज्ञों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। व्यावहारिक अनुभव और कौशल आधारित प्रशिक्षण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ते हैं।

बसाल पंचायत में दो आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए धनराशि स्वीकृत : डॉ राजेश

जनहित के विकास कार्यों को गति देने की दिशा में बसाल पंचायत को मिली बड़ी सौगात

अनंत ज्ञान

आंगनबाड़ी पहुंचे डॉ राजेश कश्यप। अनंत ज्ञान

सोलन। ग्राम पंचायत बसाल में जनहित से जुड़े विकास कार्यों को गति देते हुए दो आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं विकास के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत की गई है। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप के प्रयासों से पंचायत क्षेत्र के लिए यह राशि स्वीकृत हुई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है।

डॉ. राजेश कश्यप ने इस संबंध में उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा से मुलाकात की और ग्राम पंचायत बसाल में दो आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। उन्होंने पंचायत क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता से उपायुक्त को अवगत करवाया। प्रशासन की ओर से इस मांग पर कार्रवाई करते हुए संबंधित कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बसाल की प्रधान रिचा ठाकुर और उपप्रधान अभिलाष वर्मा भी उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए धनराशि स्वीकृत करवाने की पहल पर डॉ. राजेश कश्यप का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के विकास से स्थानीय स्तर पर बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही ग्रामीण परिवारों को आंगनवाड़ी से जुड़ी सेवाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से मिल सकेगा।

डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों के विकास से बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई गई।

राजगढ़ अस्पताल में पार्किंग और क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान, राजगढ़। नागरिक चिकित्सालय राजगढ़ में रोगी कल्याण समिति की बैठक एसडीएम एवं समिति अध्यक्ष राज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मरीजों को मिल रही सुविधाओं, पार्किंग व्यवस्था और अस्पताल परिसर की समस्याओं पर चर्चा की गई। बरसात में जलभराव और क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत के लिए अनुमान तैयार करवाने का निर्णय लिया गया। अस्पताल भवन के रंग-रोगन के लिए लोक निर्माण विभाग को अनुमान तैयार करने के निर्देश दिए गए। मनोनीत सदस्य शकुंतला प्रकाश ने चिकित्सकों के रिक्त पद भरने की मांग उठाई। बैठक में 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत हुआ। समिति को 33.95 लाख रुपये की आय हुई, जबकि 31.92 लाख खर्च किए गए। आगामी वर्ष के लिए 42.60 लाख रुपये का बजट पारित हुआ।

युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की द्वितीय तिमाही बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

सोलन। सहायक आयुक्त डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक दौर में युवाओं के समग्र विकास और उन्हें सशक्त बनाने के लिए माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण जरूरी है। वह नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से आयोजित युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की द्वितीय तिमाही बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है।

इसमें केंद्र व राज्य सरकारों के साथ गैर सरकारी संस्थाओं की भी अहम भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को माय भारत के तहत आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। डॉ. बंसल ने माय भारत से पंजीकृत युवाओं को विभिन्न पंचायतों में ग्रामीण स्तर पर भेजकर नशाबंदी और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विकसित भारत यंग लीडर्स 2027 के तहत आयोजित 'विकसित भारत क्विज' पर विशेष चर्चा हुई। क्विज माय भारत पोर्टल पर 17 अगस्त से 30 सितंबर तक लाइव है।

इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। अधिकारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने और पात्र युवाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। जिला युवा अधिकारी भूपेंद्र सिंह गिल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने युवाओं को क्विज में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करने और कार्यक्रम का व्यापक प्रचार करने पर जोर दिया।

डीएमआर के राष्ट्रीय मशरूम मेले में पहुंचे राजकीय महाविद्यालय सोलन के विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के 50 विद्यार्थियों के लिए मशरूम अनुसंधान निदेशालय (डीएमआर), चंबाघाट का एक दिवसीय शैक्षणिक एवं एक्सपोजर भ्रमण आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने डीएमआर में आयोजित 29वें राष्ट्रीय मशरूम मेले का अवलोकन किया और मशरूम उत्पादन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी हासिल की।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मशरूम उत्पादन एवं खेती विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में भाग लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक तरीके से मशरूम उत्पादन, नवीन तकनीकों, अनुसंधान गतिविधियों और इस क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने मेले में लगाए गए विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का भी भ्रमण किया और मशरूम की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने मशरूम की वैज्ञानिक खेती, मूल्य संवर्धित उत्पादों और अनुसंधान गतिविधियों को करीब से समझा। उन्हें गैनोडर्मा, शिटाके, कॉर्डिसेप्स और ऑयस्टर मशरूम के पोषण, औषधीय तथा व्यावसायिक महत्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि मशरूम उत्पादन कृषि क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता का बेहतर माध्यम बन सकता है। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान को समझने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता की संभावनाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की।

साई इंटरनेशनल स्कूल में खेल दिवस का भव्य आयोजन

मून हाउस ने जीती हाउस चैंपियनशिप, विद्यार्थियों ने खेल भावना से दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान

खेल दिवस के दौरान छात्र मुख्यअतिथि के साथ। अनंत ज्ञान

सोलन। साई इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को खेल दिवस का भव्य आयोजन उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमिंदर बावा तथा स्कूल की प्रिंसिपल मीरा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

खेल दिवस के दौरान विद्यार्थियों की आयु और वर्ग के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नन्हे विद्यार्थियों के लिए कलर रेस, बोतल उठाओ, स्पेलिंग मैच, शू रेस और लेमन रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। खेल के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास और उत्साह देखते ही बन रहा था। वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए सैक रेस, वन-लेग रेस, नीडल एंड थ्रेड, दौड़ और रिले रेस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने के लिए पूरे जोश के साथ प्रदर्शन किया।

खेल मैदान में विद्यार्थियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। उन्होंने अनुशासन के साथ खेलते हुए टीम भावना और सहयोग की भावना का भी परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान मार्च पास्ट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए जुम्बा गतिविधि भी आयोजित की गई।

नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने विशेष पीटी प्रदर्शन प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। नन्हे बच्चों की प्रस्तुति को उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने खूब सराहा। नर्सरी वर्ग में अयान, प्राणवी और हर्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का स्थान हासिल किया। खेल दिवस के अंत में हाउस चैंपियनशिप के परिणाम घोषित किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मून हाउस ने प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियनशिप अपने नाम की। जूपिटर हाउस दूसरे और अर्थ हाउस तीसरे स्थान पर रहा।

विजेता विद्यार्थियों और हाउस के सदस्यों में परिणाम घोषित होने के बाद खासा उत्साह देखने को मिला। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ उनके मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नई चुनौतियों का सामना करने का अवसर मिला। दिनभर चले आयोजन में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल गतिविधियों के बीच विद्यार्थियों ने एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाया और खेल भावना का परिचय दिया।

रेड क्रॉस मानवता की सेवा में निरंतर तत्पर : मनमोहन शर्मा

अनंत ज्ञान

कंडाघाट/सोलन। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी जरूरतमंद लोगों की सहायता और मानवता की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। युवाओं को रेड क्रॉस की गतिविधियों से जोड़कर उनमें सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित की जा सकती है।

उपायुक्त राजकीय महाविद्यालय कंडाघाट में जिला रेड क्रॉस सोसायटी सोलन के सौजन्य से स्थापित यूथ रेड क्रॉस यूनिट सहायता कक्ष के लोकार्पण के बाद छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह जिला सोलन की पहली यूथ रेड क्रॉस यूनिट है। इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को सहायता उपलब्ध करवाने के साथ युवाओं को आपदा और अन्य संवेदनशील परिस्थितियों में मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने आमजन से रेड क्रॉस की इस सुविधा की जानकारी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया, ताकि अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने युवाओं से भी अधिक संख्या में रेड क्रॉस सोसायटी से जुड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के उप संरक्षक लेखराज कौशिक ने बताया कि जिले में विद्यालयों और महाविद्यालयों सहित 143 जूनियर रेड क्रॉस एवं यूथ रेड क्रॉस यूनिट गठित की गई हैं। इन यूनिटों को व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया है।

न्यूज ब्रीफ

निपुण परीक्षण में ऊना कॉलेज के रोवर्स का जलवा

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना के 9 रोवर्स ने 4 से 8 सितंबर तक रोवर प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी), रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय निपुण परीक्षण शिविर में भाग लिया। इनमें 8 रोवर्स ने निपुण परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं, रोवर सोनू सिंह ने शिविर के दौरान सेवा कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। परीक्षण उत्तीर्ण करने वालों में निखिल भरमौरिया, वरुण वशिष्ठ, आदित्य सैनी, अक्षय कुमार, गौरव कुमार, हर्षवर्धन, कृष पटियाल और समीर मंसूरी शामिल हैं। रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम बैंस ने कहा कि यह उपलब्धि रोवर्स की मेहनत, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा-भावना का परिणाम है। दल प्रभारी डॉ. वरुण धीमान ने शिविर के दौरान रोवर्स का मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के उप-प्राचार्य प्रो. पुनीत प्रेम कंवर ने सभी सफल रोवर्स, सोनू सिंह, डॉ. वरुण धीमान और डॉ. शाम बैंस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

ड्राइविंग-हेवी मशीनरी ट्रेनिंग के लिए आवेदन 25 तक

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में सत्र 2026-27 के लिए एक वर्षीय मोटर ड्राइविंग एवं हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी ऑपरेटर ट्रेनिंग में दाखिले के लिए 25 सितंबर शाम 5 बजे तक आवेदन किए जा सकते हैं। आईटीआई प्रधानाचार्य अंशुल भारद्वाज ने बताया कि आवेदकों को सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ 30 सितंबर सुबह 11 बजे प्रधानाचार्य कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। आवेदन प्रपत्र की कीमत सामान्य वर्ग के लिए 450 रुपए और आरक्षित वर्ग के लिए 350 रुपए निर्धारित है। प्रशिक्षण शुल्क 10,570 रुपए रहेगा। अभ्यर्थी की आयु 20 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास होना ज़रूरी है। इसके अलावा लाइट मोटर व्हीकल का वैध लाइसेंस भी अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यदिवस में संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

बंगाणा कॉलेज में 'दर्पण' टैलेंट हंट का समापन

अनंत ज्ञान, बंगाणा/ऊना। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में दो दिवसीय टैलेंट हंट कार्यक्रम 'दर्पण' का उत्साह के साथ समापन हुआ। दूसरे दिन एकल व समूह गान तथा एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। 'दर्पण' जैसे कार्यक्रम प्रतिभाओं को मंच देने के साथ आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय युवा-1 प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बीपीएल चयन में नहीं चलेगा भाई-भतीजावाद : विवेक

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधायक विवेक शर्मा ने चंगर हिंडोला सहित 10 पंचायतों का दौरा कर बीपीएल चयन प्रक्रिया का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुंचे विधायक ने बीपीएल परिवारों और स्थानीय लोगों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस बार बीपीएल चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है और किसी प्रकार का भाई-भतीजावाद या राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वास्तव में पात्र परिवारों को ही बीपीएल सूची में शामिल किया जाएगा, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंच सके। प्रशासन घर-घर जाकर पात्रता की जानकारी जुटा रहा है। विधायक ने बताया कि पात्र परिवारों को सरकार की निर्धारित योजनाओं के तहत 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, पात्र महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सहायता, पक्के मकान सहित विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। उन्होंने लोगों से सही जानकारी देने और पात्र परिवारों को सूची में शामिल करवाने में प्रशासन को सहयोग की अपील की।

पोषण से ही मजबूत होगा बच्चों का भविष्य

अनंत ज्ञान, घनारी। राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के तहत 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' अभियान का शुभारंभ आंगनबाड़ी केंद्र दियोली हाई स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कुपोषण को नजरअंदाज करना बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं के पोषण पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी केवल सरकार या आंगनबाड़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार की भी अहम भूमिका है।

अंब अस्पताल की व्यवस्थाओं पर मलकीयत सिंह ने उठाए सवाल

◆ बोले-मरीजों को बेहतर उपचार और जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाना जरूरी

अंब। प्रदेश एससी मोर्चा के सचिव मलकीयत सिंह ने अंब स्थित सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में मरीजों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने चिकित्सकों की उपलब्धता, जांच सुविधाओं और अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए। पेश हैं 'अनंत ज्ञान' के संवाददाता **विवेक शर्मा** के साथ हुई उनकी विशेष बातचीत के मुख्यांश:-

सवाल: आपने सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल क्यों उठाया है?

जवाब: सरकारी अस्पताल आम लोगों, विशेषकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र है। मेरा कहना है कि यहां आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार और आवश्यक सुविधाएं मिलनी चाहिए। वर्तमान व्यवस्थाओं को लेकर लोगों की ओर से कई तरह की परेशानियां सामने आ रही हैं, इसलिए इस विषय को सार्वजनिक रूप से उठाना जरूरी समझा।

सवाल: क्या अस्पताल में चिकित्सा जांच सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं हैं?

जवाब: अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों और जांच सुविधाओं का मरीजों को पूरा लाभ मिलना चाहिए। यदि कोई सुविधा अस्पताल में उपलब्ध है तो उसका समुचित उपयोग भी होना चाहिए। मरीजों को जांच या उपचार के लिए अनावश्यक रूप से बाहर जाना पड़े, यह चिंता का विषय है।

सवाल: आपने कुछ चिकित्सकों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं, आपका क्या आरोप है?

जवाब: कुछ चिकित्सकों की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। सरकारी सेवा में रहते हुए निजी स्तर पर काम करने से संबंधित आरोप भी लगाए जा रहे हैं। मेरा कहना है कि यदि ऐसी शिकायतें सही हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। किसी पर बिना जांच के कार्रवाई की बात नहीं होनी चाहिए, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज भी नहीं किया जाना चाहिए।

सवाल: आप अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से क्या मांग करते हैं?

जवाब: अस्पताल की व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाई जानी चाहिए। चिकित्सकों की उपलब्धता, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, जांच व्यवस्था और उपलब्ध उपकरणों के उपयोग की समीक्षा हो। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

सवाल: स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी आपने सवाल उठाए हैं। क्यों?

जवाब: स्वास्थ्य सेवाएं सीधे आम जनता से जुड़ी हुई हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी प्रयास करने चाहिए कि सरकारी अस्पताल में मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक सुविधाएं मिलें। जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर संबंधित विभाग के समक्ष उठाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।

सवाल: आपका मुख्य संदेश क्या है?

जवाब: मेरा मुख्य उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग करना है। मरीजों को समय पर उपचार, जांच और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही आम जनता के हित में नहीं है, इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

अस्पताल में सबसे बड़ी क्या है कमी

चिकित्सकों की उपलब्धता और मरीजों के उपचार की व्यवस्था को और बेहतर किए जाने की आवश्यकता है। मरीज अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन यदि उन्हें समय पर चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिलती तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए यह स्थिति अधिक कठिन होती है।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

ऊना में नशे के खिलाफ युवाओं की आवाज बनेगा एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन

अनंत ज्ञान

◆ मुख्यमंत्री करेंगे युवाओं से संवाद आईजी ने ली तैयारियों की समीक्षा

राजेश शर्मा, ऊना। नशे के खिलाफ युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 सितंबर को ऊना में एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इसमें शामिल होकर युवाओं से संवाद करेंगे और उनके साथ वॉकाथॉन में चलेंगे। वह प्रतिभागियों को नशे के विरुद्ध जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाएंगे।

पुलिस महानिरीक्षक विमल गुप्ता ने शुक्रवार को डीआरडीए सम्मेलन कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों, आईटीआई और कॉलेज विद्यार्थियों सहित अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आम लोगों को भी अभियान से जोड़ने पर जोर दिया।

कार्यक्रम सुबह 8 बजे इंदिरा गांधी खेल मैदान से शुरू होगा। पुलिस बैंड 'हार्मनी ऑफ पाइंस' प्रस्तुति देगा। इसके बाद वॉकाथॉन आईएसबीटी ऊना तक जाएगी और वापस खेल मैदान में संपन्न होगी। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए छह पेयजल स्थल, तीन स्थानों पर एंबुलेंस और रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था रहेगी। पंजीकृत प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र के साथ एंटी-चिट्टा थीम वाली टी-शर्ट और कैप भी दी जाएंगी। उपायुक्त जतिन लाल ने परिवहन सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

कुटलैहड़ में भाजपा पहले अपना कुनबा संभाले : कांग्रेस

अनंत ज्ञान

बंगाणा। जिला ऊना कांग्रेस उपाध्यक्ष राम आसरा शर्मा और कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी महासचिव दिनेश खत्री ने भाजपा नेताओं के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता विधायक विवेक शर्मा पर बयानबाजी करने के बजाय पहले अपनी पार्टी में मची टिकट की होड़ और आपसी घमासान को संभालें। उन्होंने कहा कि विधायक विवेक शर्मा लगातार पंचायतों और गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा अपने सवा दो वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रख रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि कुटलैहड़ में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। उनके अनुसार क्षेत्र में 80 से अधिक नए ट्रांसफार्मर लगाए गए और 100 से अधिक हैंडपंपों में मोटरें लगाकर पेयजल समस्या दूर करने का प्रयास किया गया। करीब 92 करोड़ रुपए की लिंक सड़कों और 82 करोड़ रुपए की सड़क चौड़ीकरण योजनाओं को मंजूरी मिलने का भी दावा किया।

उन्होंने कहा कि सिंचाई, सीवरेज, पर्यटन, धार्मिक स्थलों और खेल मैदानों के विकास के लिए भी करोड़ों रुपये की स्वीकृतियां मिली हैं। बौल में डे-बोर्डिंग स्कूल और चार सीबीएसई स्कूलों की स्वीकृति को भी उन्होंने उपलब्धि बताया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा से अपने कार्यों का हिसाब जनता के सामने रखने की मांग की।

सुमेश बिट्टू बने भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान, अंब। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला ऊना में संगठनात्मक विस्तार के तहत सुमेश कुमार बिट्टू को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष रजत राणा ने 10 सितंबर 2026 को नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी। नियुक्ति से युवा कार्यकर्ताओं में खुशी है। बिट्टू ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं और आमजन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कूड़े के ढेर से कोटला कलां के लोग परेशान

वार्ड-5 के निवासियों ने निगम आयुक्त से लगाई गुहार, सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

ऊना। कोटला कलां के वार्ड नंबर-5 में पिछले करीब एक महीने से घरों से कूड़ा न उठाए जाने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से परेशान कृष्णा नगर सहित वार्ड-5 के निवासियों ने नगर निगम आयुक्त पृथी पाल सिंह को ज्ञापन सौंपकर जल्द कूड़ा उठाने की व्यवस्था बहाल करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में पवन शर्मा, कुलदीप धीमान, जोगिंदर सिंह, अशोक कुमार शर्मा, अजय कुमार, शास्त्री जी और भारत भूषण शामिल रहे।

स्थानीय निवासियों ने कहा कि जब तक कोटला कलां क्षेत्र पंचायत के अधीन था, तब तक घरों से कूड़ा उठाने की उचित व्यवस्था थी और नियमित रूप से घर-घर से कूड़ा उठाया जाता था। लेकिन जैसे ही गांव को नगर निगम में शामिल किया गया, कूड़ा उठाने की व्यवस्था ठप हो गई। पिछले करीब एक महीने से घरों से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

लोगों ने कहा कि लंबे समय से कूड़ा न उठाए जाने के कारण घरों में कूड़ा जमा हो रहा है। यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के रास्तों और नालों के किनारे गंदगी के ढेर लगने की स्थिति बन सकती है। निवासियों ने नगर निगम आयुक्त से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर नियमित कूड़ा उठाने की व्यवस्था शुरू करवाने की मांग की। इस पर नगर निगम आयुक्त पृथी पाल सिंह ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

सरकार युवाओं को लॉटरी के जरिए बर्बाद करने पर उतारू : त्रिलोक जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हिमाचल में लॉटरी शुरू करने के फैसले को कांग्रेस सरकार की कथनी-करनी में अंतर बताते हुए कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के वादे पूरे करने के बजाय सरकार उन्हें लॉटरी के जरिए बर्बाद करने पर उतारू है। पहले भी लॉटरी से कई परिवार तबाह हुए थे, इसलिए पूर्व सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने इसे बंद किया था। अब कांग्रेस ने इसे फिर शुरू कर दिया है। जम्वाल ने कहा कि प्रदेश में चिट्टे की समस्या विकराल है और युवा दम तोड़ रहे हैं, लेकिन सरकार ने भांग की खेती को वैध कर दिया और अब लॉटरी के रूप में जुए को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि चुनावी गारंटियां पूरी न कर सरकार जुए और भांग से पैसा कमाने में लगी है, जो उसके आर्थिक और मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि जनहित में लॉटरी और भांग की खेती के फैसले पर पुनर्विचार कर तुरंत रद्द किया जाए।

◆ कहा-चुनावी गारंटियां पूरी न कर जुए व भांग से पैसा कमाने में लगी सरकार

घुमारवीं में चौथे दिन भी जारी रहा भाजपा का क्रमिक अनशन

शिकायतों की निष्पक्ष जांच करे प्रशासन : गर्ग

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर कार्रवाई न होने के आरोपों को लेकर घुमारवीं में शुरू किया गया क्रमिक अनशन शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। पांच भाजपा कार्यकर्ता अनशन पर बैठे और अपनी मांगों को लेकर सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि शिकायतों पर उचित कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। शुक्रवार को भाजपा मंडल भराड़ी के कोषाध्यक्ष जोगेंद्र पाल भराड़ी, युवा मोर्चा भराड़ी के अरुण ठाकुर, अमित सिंह, जितेंद्र कुमार और निखिल चौहान ने क्रमिक अनशन की कमान संभाली। इस दौरान पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं भाजपा नेता राजेंद्र गर्ग भी अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अनशन पर बैठे कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया।

राजेंद्र गर्ग ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपनी शिकायतों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और न्याय की मांग करने का अधिकार है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि शिकायतों को नजरअंदाज करने के बजाय उनकी निष्पक्ष जांच करवाई जाए और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

गर्ग ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायतों को अपेक्षित गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर पहले धरना-प्रदर्शन किया और अब क्रमिक अनशन का रास्ता अपनाया है। यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने के लिए पार्टी हर स्तर पर आवाज उठाएगी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि क्रमिक अनशन के माध्यम से सरकार और प्रशासन तक अपनी मांगें पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने दोहराया कि शिकायतों पर कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रहेगा। अनशन स्थल पर दिनभर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झूठी एफआईआर पर भड़के रामपाल चौधरी, थाना का घेराव करने की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित झूठी एफआईआर और राजनीतिक द्वेष से प्रताड़ित किए जाने पर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस सरकार और स्थानीय मंत्री के दबाव में काम कर रही है।भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं होती, जबकि उनके खिलाफ झूठे मुकदमे बनाए जाते हैं। चौधरी ने कहा कि यह 1975 का भारत नहीं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत है। लोकतांत्रिक आवाज दबाने और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कथित झूठी एफआईआर तुरंत वापस लेने और निष्पक्ष जांच की मांग की। चेतावनी दी कि एफआईआर वापस न ली गई और प्रताड़ना जारी रही, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता घुमारवीं थाने का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का यह रवैया उसके अंत के संकेत हैं। इस मौके पर अमन बड़ोल और विनोद ठाकुर भी मौजूद रहे।

◆ पुलिस पर सरकार और स्थानीय मंत्री के दबाव में काम करने का आरोप

डॉ. मल्लिका नड्डा ने अपने परिजनों सहित किए माता नयना देवी जी के दर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। स्पेशल ओलंपिक की अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की धर्मपत्नी डॉ. मल्लिका नड्डा ने अपने परिजनों सहित माता नयना देवी जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुजारी नीलम शर्मा ने विधिवत रूप से मल्लिका नड्डा की पूजा अर्चना करवाई एवं प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां डलवाई । इस अवसर पर मल्लिका नड्डा ने नयना देवी के समस्त पुजारी वर्ग को बिलासपुर में दुर्गा पूजा में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा, नगर परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक शर्मा,पार्षद अलकेंद्र भूषण के अलावा कविता शर्मा, निखिलेश शर्मा, लोकेश शर्मा व अरुण शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

फतेहगढ़ साहिब से चिट्टा सप्लायर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस ने चिट्टा तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 52 वर्षीय जगतार सिंह निवासी रंधावा कॉलोनी, फतेहगढ़ साहिब को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 4 सितंबर को बिलासपुर में एक बस की चेकिंग के दौरान जीरकपुर निवासी अमित गुप्ता से 37.17 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। पूछताछ, डिजिटल साक्ष्यों और मनी ट्रेल की जांच के आधार पर पुलिस जगतार सिंह तक पहुंची। पुलिस जांच में सामने आया है कि जगतार सिंह हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में चिट्टे की सप्लाई से जुड़ा हुआ है। उसके खिलाफ पंजाब में नशा तस्करी सहित विभिन्न अपराधों के आठ मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस अब उससे जुड़े अन्य लोगों और चिट्टे की सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

2 हजार क्विंटल हुई चीनी भंडारण की सीमा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शीतल शर्मा ने बताया कि चीनी के स्टॉक भंडारण की संशोधित सीमा 4 हजार से घटाकर 2 हजार क्विंटल कर दी गई है। नए प्रावधान 15 सितंबर से लागू होंगे। उन्होंने बताया कि जिले के सभी डीलरों, व्यापारियों एवं थोक विक्रेताओं को फूड स्टॉक मॉनिटरिंग पोर्टल पर चीनी के स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन व्यापारियों ने पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवाया है, वे शीघ्र पंजीकरण करवाएं। अधिकारियों को निर्धारित सीमा और नए नियमों के अनुपालन की नियमित जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।

मिशन दृष्टि: 6 स्कूलों में 225 बच्चों की जांच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि 'मिशन दृष्टि' के तहत अब तक छह स्कूलों में 3 से 8 वर्ष आयु वर्ग के 225 बच्चों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 29 बच्चों में दृष्टि दोष पाया गया। इनमें 15 बच्चे मायोपिया और 14 हाइपरमेट्रोपिया से प्रभावित हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित बच्चों का समय पर उपचार और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। अभिभावकों से 15 दिनों के भीतर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के बच्चों तक नेत्र जांच की सुविधा पहुंचाना है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों को ऑटो-रिफ्रैक्टोमीटर सहित आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं।

बिलासपुर कॉलेज में तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया। लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एम्स बिलासपुर के मनोरोग विभाग की एसोसिएट प्रो. डॉ. ज्योति गुप्ता रहीं, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल ने की। डॉ. गुप्ता ने युवाओं में बढ़ते तनाव, चिंता व अवसाद, उसके लक्षण, बचाव और तनाव प्रबंधन के उपाय बताए। उन्होंने मानसिक सहायता व परामर्श को कलंक न मानने तथा योग, व्यायाम और नृत्य के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवी, एनसीसी कैडेट्स और बी.वॉक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दुर्गा पूजा समिति ने रजत जयंती समारोह को भव्य रूप से मनाने का लिया निर्णय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। दुर्गा पूजा समिति बिलासपुर की आगामी रजत जयंती दुर्गा पूजा समारोह को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक धौलरा मंदिर में समिति की संस्थापिका डॉ मल्लिका नड्डा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा समारोह को भव्य एवं श्रद्धापूर्ण ढंग से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रजत जयंती समारोह के अवसर पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में भव्य कलश यात्रा, डांडिया नृत्य, विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भंडारा तथा अन्य धार्मिक आयोजन प्रमुख रूप से शामिल होंगे। समिति द्वारा आयोजित कलश यात्रा लक्ष्मी मंदिर से शुरू होकर धौलरा मंदिर तक जाएगी। इस दौरान माता श्री नयना देवी जी तथा ज्वालाजी माता की पवित्र ज्योतियां भी विशेष रूप से धौलरा मंदिर लाई जाएंगी, जिससे समारोह का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व और बढ़ जाएगा। दुर्गा पूजा समिति के मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने कहा कि दुर्गा पूजा समिति बिलासपुर पिछले 25 वर्षों से लगातार मां दुर्गा की पूजा एवं दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष का आयोजन समिति के लिए विशेष अवसर है, जिसे सभी के सहयोग से यादगार और भव्य बनाया जाएगा।

युवाओं को सेवा और मानवीय गतिविधियों से जोड़ने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर की जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस समिति की बैठक बचत भवन में अतिरिक्त उपायुक्त एवं उपाध्यक्ष रूपिंदर कौर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में करीब 35 सदस्यों ने भाग लिया। रूपिंदर कौर ने कहा कि रेडक्रॉस गतिविधियों को केवल सदस्यता तक सीमित न रखकर युवाओं को सामुदायिक सेवा, मानवीय कार्यों और नेतृत्व के अवसरों से जोड़ा जाए। उन्होंने स्कूलों व शिक्षण संस्थानों में इकाइयों को सक्रिय करने और वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, रक्तदान, स्वच्छता, पौधरोपण, साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति और जरूरतमंदों की सहायता जैसी गतिविधियां नियमित रूप से करवाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में नेपाल बाढ़ में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

बहुभाषी कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

हार्मनी ऑफ हिमालयाज स्कूल में बाल व बहुभाषी कवि सम्मेलन आयोजित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर द्वारा राजभाषा पखवाड़ा-2026 के तहत हार्मनी ऑफ हिमालयाज पब्लिक स्कूल में बाल कवि सम्मेलन, 'साहित्यकार से मिलिए' तथा बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल सहित साहित्यकारों एवं कलाकारों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बाल कवि सम्मेलन में विद्यार्थियों ने काव्य प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर डॉ. अनेक राम सांख्यान और सीता जसवाल को साहित्य, समाजसेवा एवं मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए हिमाचली टोपी, मफलर, डायरी एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। बहुभाषी कवि सम्मेलन में रवींद्र कुमार शर्मा, संदेश शर्मा, जीत राम सुमन, डॉ. अनेक राम सांख्यान, शमशेर सिंह चंदेल, सीता जसवाल, सुषमा खजूरिया, रविंद्र चंदेल कमल, बृज लाल लखनपाल, अरुण डोगरा रीतू, सुनील शर्मा, कौशल्या देवी, डॉ. शालिनी शर्मा, केशव शर्मा, यश शर्मा, प्रेरणा, गायत्री शर्मा और रचना शर्मा ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कौशल्या देवी व संदेश शर्मा के पहाड़ी गीत को नरेंद्र दत्त शर्मा व अभिषेक के संगीत ने विशेष आकर्षण प्रदान किया।

जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने कहा कि हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना, अस्मिता और जन-जन के विचारों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है। हिंदी भारतीय संस्कृति को एकता के सूत्र में पिरोने वाली संवाहिका है और हमारी समृद्ध ज्ञान परंपरा व सांस्कृतिक धरोहर की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि हिंदी के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के साथ बहुभाषी साहित्यिक आयोजनों से विभिन्न भाषाओं एवं बोलियों के साहित्य को साझा मंच मिलता है। दैनिक व्यवहार और प्रशासनिक कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग ही इसे सच्चा सम्मान दिला सकता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भाषा, लोक संस्कृति, साहित्य और मानवीय मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

न्यूज ब्रीफ

मारपीट, जमीन विवाद को लेकर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। जिला पुलिस ने 11 सितंबर को विभिन्न घटनाओं को लेकर 3 अभियोग दर्ज किए हैं। डलहौजी में रास्ता रोककर मारपीट और अपशब्द कहने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। सदर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हमला और धमकी देने की शिकायत पर कार्रवाई हुई। व सदर थाना में ही तेज रफ्तार स्कूटर की कार से टक्कर के मामले में भी केस दर्ज हुआ। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

सर्पदंश व डॉग बाइट के उपचार पर दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा की ओर से शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सर्पदंश और डॉग बाइट के मामलों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कांगड़ा के सीएमओ एवं पद्मश्री डॉ. ओमेश भारती ने चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ नर्सों को एंटी-स्नेक वेनम के उचित उपयोग, मरीज के प्रबंधन, समय पर रेफरल और रेबीज से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने चंबा में पाए जाने वाले विषैले सांपों की पहचान और उपचार प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने सभी पीएचसी में एंटी-स्नेक वेनम व एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध रखने पर जोर दिया।

केवल सिह पठानिया कल चंबा प्रवास पर

अनंत ज्ञान, चंबा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया 13 सितंबर को चंबा प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार वह रविवार शाम 4 बजे भलेई पहुंचेंगे। यहां वह भलेई माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद भलेई माता मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद रात 9 बजे वह डलहौजी पहुंचेंगे, जहां उनका रात्रि ठहराव रहेगा। प्रवक्ता ने बताया कि 14 सितंबर को सुबह 10 बजे केवल सिंह पठानिया डलहौजी से रैत के लिए रवाना होंगे।

एलएडीए भुगतान को लेकर विधायक जनक राज सख्त, 10 अक्तूबर तक का अल्टीमेटम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के परियोजना प्रभावित परिवारों की लंबित एलएडीए मासिक वित्तीय सहायता को लेकर विधायक डॉ. जनक राज ने प्रशासन पर दबाव बढ़ाया है। उन्होंने उपायुक्त चंबा को पत्र भेजकर पात्र लाभार्थियों की लंबित राशि 10 अक्टूबर 2026 तक जारी करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि भुगतान में देरी से प्रभावित परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर भुगतान प्रक्रिया तेज करने को कहा। डॉ. जनक राज ने चेतावनी दी कि यदि तय समय तक राशि जारी नहीं हुई तो प्रभावित लाभार्थी और स्थानीय लोग 10 अक्टूबर को उपायुक्त कार्यालय चंबा के बाहर शांतिपूर्ण धरना देंगे।

किसान परिवार की बेटी मधु को मिला सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास हिमगिरी की सहायक वार्डन मधु चौहान को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य स्तरीय 'नारी तू नारायणी' सम्मान से नवाजा गया। शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। प्रदेश के 12 जिलों से चयनित 12 महिलाओं में चंबा से मधु चौहान का चयन हुआ। किसान परिवार से संबंध रखने वाली मधु ने स्वयं इसी छात्रावास में शिक्षा प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि पर समग्र शिक्षा और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिवार ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

असुरक्षित पैदल मार्ग व खस्ताहाल पुलियां बनीं ग्रामीणों के लिए जानलेवा

ब्रेही पंचायत के आधा दर्जन गांव आज भी सड़क सुविधा से महरूम

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

देशराज कश्यप, धरवाला। विकासखंड मैहला के दायरे में पड़ती ग्राम पंचायत ब्रेही के आधा दर्जन गांव आजादी के वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं जिला मुख्यालय चंबा से महज 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत ब्रेही के सादून वार्ड के गांव पालई,अप्पर सादून, लोअर सादून, त्रोडू, दरकुंड, चोभूगला गांव के सैकड़ों लोगों को आज भी अपने दैनिक जीवन में सड़क असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सड़क मार्ग की कमी व पैदल मार्ग जो बेहद असुरक्षित वह जोखिम भरा है। यह एक बेहद गंभीर समस्या है, जिससे संबंधित क्षेत्र के लोगों को खाने पीने की जरूरी वस्तुएं ले जाने घर निर्माण के लिए सामग्री तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करती है।

एक ओर जहां दरकुंड-करेरी टनल को जोड़ने की बात जोर-शोर से चल रही है वहीं ग्राम पंचायत ब्रेही के विभिन्न गांव जो आज भी सड़क सुविधा से महरूम हैं जिससे लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं नदी के ऊपर बनी अस्थाई पुलियां जो बेहद असुरक्षित और जानलेवा हैं नदी का जलस्तर बढ़ने पर यह पुलियां बह जाती हैं जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों का संपर्क पूरी तरह शेष विश्व से कट जाता है जिससे क्षेत्र के लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य व खाने पीने की जरूरी वस्तुएं ले जाने में बेहद दिक्कतें पेश आती हैं।

गौरतलब है कि लमड़ल नामक धार्मिक स्थल को ले जाने वाला भी यह एकमात्र संपर्क मार्ग है जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचकर डल झील में डुबकी लगाते हैं ऐसे में यह समस्या न सिर्फ स्थानीय लोगों को पेश आ रही है बल्कि हजारों श्रद्धालुओं के साथ-साथ दरकुंड़-करेरी टनल भी शामिल है।

स्थानीय लोगों पंडित पवन शर्मा सहित योगेश राणा जयराम प्यार सिंह मचलू राम धर्मराज भागी राम निशा देवी सुमित्रा देवी इत्यादि ग्रामीणों ने ब्रेही पंचायत के संबंधित गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने व संपर्क मार्ग वह पुलियों को दुरुस्त करने की मांग उठाई है ताकि स्थानीय लोगों तथा श्रद्धालुओं का सफर सहज व सुरक्षित बन सके।

दो माह से द्रमण सड़क बंद, मरीजों और ग्रामीणों को हो रही मुश्किलें

अनंत ज्ञान

चंबा। जिला चंबा के द्रमण क्षेत्र की सड़क पिछले करीब दो माह से बंद होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। सड़क पर वाहनों की आवाजाही ठप होने से रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सबसे अधिक दिक्कत मरीजों, बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों को अस्पताल पहुंचाने में हो रही है। सड़क बहाली की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त चंबा को लिखित ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान सड़क पर मलबा, पत्थर और मिट्टी आने से यातायात बार-बार बाधित होता है। हर वर्ष क्षेत्रवासियों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस बार सड़क करीब दो माह से बंद होने के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। सड़क बंद रहने से राशन की आपूर्ति, कृषि कार्य और अन्य आवश्यक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों ने सड़क पर चल रहे कार्य में तेजी लाने के साथ काफी समय से बंद वैकल्पिक सड़क को भी बहाल करने की मांग की है। उन्होंने उपायुक्त से मौके का निरीक्षण करवाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया। ग्रामीणों का कहना है कि केवल मलबा हटाना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। सड़क को भविष्य में बरसात के दौरान बंद होने से बचाने के लिए सुरक्षा दीवारों, उचित जल निकासी और अन्य तकनीकी उपाय किए जाने जरूरी हैं। ग्रामीणों ने जल्द ठोस कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

भरमौर में मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल कैंप का ललित ने किया शुभारंभ

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की 419 लोगों की जांच

अनंत ज्ञान

भरमौर। सिविल अस्पताल भरमौर में शुक्रवार को एक दिवसीय मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने किया। इस अवसर पर एडीएम भरमौर विकास शर्मा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे।

ललित ठाकुर ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य भरमौर और आसपास के दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को उनके घर-द्वार के समीप विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप भरमौर में यह विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ स्थानीय लोगों के साथ मणिमहेश यात्रा में पहुंचे श्रद्धालु भी उठा रहे हैं। मेडिकल कैंप में स्त्री रोग, शिशु एवं बाल रोग, हड्डी रोग, नाक-कान-गला, सामान्य सर्जरी, त्वचा रोग, एमडी मेडिसिन और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने सेवाएं प्रदान कीं। बीएमओ भरमौर डॉ. दीपेश बराल ने बताया कि शाम चार बजे तक 419 लोगों की स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श किया गया। मरीजों को जांच के बाद नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

ललित ठाकुर ने बताया कि सिविल अस्पताल भरमौर में जल्द ही सीटी स्कैन मशीन स्थापित की जाएगी। इससे लोगों को आवश्यक जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भरमौर के बाद जल्द ही होली और पांगी में भी इसी तरह के मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने शिविर की सराहना की।

◆ **सिविल अस्पताल भरमौर में जल्द स्थापित होगी सीटी स्कैन मशीन, होली-पांगी में भी लगेंगे कैंप**

हिमोत्कर्ष अंतरविद्यालय बैडमिंटन स्पर्धा में डलहौजी पब्लिक स्कूल का दबदबा

अनंत ज्ञान

अजीत सिंह, डलहौजी। हिमोत्कर्ष साहित्य, सांस्कृतिक एवं जन कल्याण परिषद शाखा डलहौजी के सौजन्य से पीएम श्री नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डलहौजी में अंतरविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बीच डलहौजी पब्लिक स्कूल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता खिताब अपने नाम किया।

पहले क्वार्टर फाइनल में पीएम श्री नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल रावमापा डलहौजी ने कैंटोनमेंट बोर्ड हाई स्कूल बकलोह को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में डीसीएम गुरुकुल पब्लिक स्कूल लचौड़ी ने गुरु नानक पब्लिक स्कूल डलहौजी को पराजित किया। पहले सेमीफाइनल में रावमापा डलहौजी ने डलहौजी हिलटॉप स्कूल को शिकस्त दी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में डलहौजी पब्लिक स्कूल ने डीसीएम गुरुकुल पब्लिक स्कूल लचौड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबले में डलहौजी पब्लिक स्कूल और रावमापा डलहौजी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया, लेकिन अंततः डलहौजी पब्लिक स्कूल ने शानदार खेल कौशल और टीम भावना का परिचय देते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष शाखा डलहौजी के कार्यकारी अध्यक्ष लक्षित सोनी, महासचिव जगदीप अरोड़ा, प्रदीप शर्मा, कमल शर्मा और रतन शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। शाखा पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य वंदना शर्मा और विद्यालय स्टाफ का आभार जताया। परिषद पदाधिकारियों ने विजेता टीम को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। विजेता टीम को अक्टूबर 2026 में डलहौजी पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

मेला ग्राउंड सेक्टर-34 में कल होगा निरंकारी संत समागम

अनंत ज्ञान

समागम को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में

राकेश मलकानिया, चंडीगढ़। चंडीगढ़ की पावन धरती एक बार फिर आध्यात्मिक चेतना, प्रेम और मानवता के दिव्य संदेश से आलोकित होने जा रही है। निरंकारी राजपिता रमित जी, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का पावन संदेश प्रदान करने हेतु 13 सितंबर को चंडीगढ़ पहुंचेंगे। इस पावन अवसर पर मेला ग्राउंड, सेक्टर-34, चंडीगढ़ में भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा। इस दिव्य संत समागम में चंडीगढ़ ट्राइसिटी के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालु इस पावन अवसर पर सतगुरु के दिव्य संदेश का श्रवण कर आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त करेगी तथा अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव, सेवा, सहनशीलता और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेगी। चंडीगढ़ ज़ोन के ज़ोनल इंचार्ज ओ.पी. निरंकारी ने बताया कि संत समागमों का मूल उद्देश्य मानव एकता के माध्यम से विश्व में प्रेम, शांति और भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। जब प्रत्येक हृदय में प्रेम और प्रत्येक व्यवहार में मानवता का भाव होगा, तभी समूचा विश्व 'समस्त संसार एक परिवार' की सुंदर भावना को साकार कर सकेगा।

इस आयोजन के अंतर्गत संत समागम की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। बड़ी संख्या में सेवादार पूरे समर्पण, श्रद्धा और सेवाभाव के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारु रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। समागम स्थल को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने हेतु सेवादार निस्वार्थ भाव से सेवा में तत्पर हैं। ग्राउंड की साफ-सफाई से लेकर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं तक, प्रत्येक कार्य को प्रेम और अनुशासन के साथ पूर्ण किया जा रहा है।

अकाली दल-भाजपा का गठबंधन बेनकाब: ढींडसा

सुखबीर ने बेअदबी के केसों से बचने के लिए पंजाब के हितों से किया समझौता

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के प्रवक्ता रणबीर सिंह ढींडसा ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि एसआईटी द्वारा बुलाए जाने के बावजूद वह आज फिर गैरहाजिर रहना यह स्पष्ट करता है कि वह बेअदबी, बहबल कलां और कोटकपूरा गोलीकांड जैसे गंभीर मुद्दों पर कितने गंभीर हैं। शुक्रवार को मोड़ा सिंह अंजान और प्रो. रिपनदीप सिंह के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ढींडसा ने सुखबीर बादल और शिरोमणि अकाली दल की पूरी लीडरशिप से दो सीधे सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आपके लिए दुनियावी अदालतें ज़्यादा ज़रूरी हैं या हमारे सुप्रीम श्री अकाल तख्त साहिब? हमारे गुरु साहिब द्वारा स्थापित श्री अकाल तख्त साहिब दुनियावी अदालतों से कहीं ज़्यादा पवित्र और सुप्रीम है, जहां हर सिख और पंजाबी के मन में बहुत श्रद्धा और सम्मान है। जब जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब ने सुखबीर बादल को बुलाया था, तो उन्होंने कबूल किया था कि शांति से जाप कर रही संगत पर बेअदबी और गोलीकांड के लिए वह ज़िम्मेदार थे। उनकी पूरी कैबिनेट को गुरु मर्यादा के अनुसार सज़ा दी गई थी। अगर आप गुरु के उस सबसे बड़े दरबार में अपना गुनाह कबूल करके आए हैं, तो आज एसआईटी के सामने सच बताने से कैसे मना कर सकते हैं? गुरु और पंथक स्टैंड के प्रति आपकी श्रद्धा कहां चली गई?

दूसरा बड़ा सवाल उठाते हुए आप नेता ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री के तौर पर सुखबीर बादल ने दावा किया था कि गोलीकांड वाले दिन वह विदेश में थे। जबकि फरीदकोट कोर्ट के रिकॉर्ड और उनकी अपनी रिट पिटीशन के मुताबिक, वह उस रात एक फाइव स्टार होटल में बैठकर सीनियर पुलिस अधिकारियों के लगातार संपर्क में थे। गृह मंत्री के तौर पर जब पूरी रात बातचीत चल रही थी, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह अकाली दल और भाजपा की आपसी मिलीभगत है, जिससे उनका पंजाब विरोधी, पंथ विरोधी और सिख विरोधी चेहरा पूरी तरह से सामने आ गया है। ढींडसा ने आगे खुलासा किया कि सुखबीर बादल के आज एसआईटी के सामने पेश न होने का मुख्य कारण दिल्ली (भाजपा) के बड़े नेताओं के साथ हो रहा समझौता है। उन्हें दिल्ली से अर्जी मिली है कि उन्हें पेश होने की जरूरत नहीं है, हम उन्हें बेअदबी के मामलों से बचाएंगे। इस सुरक्षा के बदले सुखबीर बादल ने पंजाब के हितों के लिए डील की है और काले कानूनों पर भाजपा का साथ देने के लिए तैयार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 2020 में दिखावे के लिए तोड़ा गया समझौता असल में कभी नहीं टूटा। चाहे राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट देना हो या संसद में बिल पास करवाने के लिए अपने इकलौते सांसद को वोट देना हो, अकाली दल हमेशा भाजपा के साथ खड़ा रहा। एमएसपी, काले कानून या सिख मुद्दों पर उनकी शर्तें आज कहां चली गईं? आज उनके लिए बस यही मायने रखता है कि बेअदबी के इल्ज़ाम और सज़ा से कैसे बचा जाए।

जीरकपुर में 220केवी सब-स्टेशन बनाने के लिए जमीन का रेट तय

अनंत ज्ञान

गुरुद्वारा नाभा साहिब के पास स्थापित होगा सब-स्टेशन

साहिबजादा अजीत सिंह नगर। जीरकपुर में गुरुद्वारा नाभा साहिब के पास 220केवी सब-स्टेशन बनाने के लिए जरूरी ज़मीन की कीमत तय करने के लिए डीसी ऑफिस मोहाली में डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई। मीटिंग में डेरा बस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा भी मौजूद थे। मीटिंग के दौरान, सब-स्टेशन बनाने के लिए ज़रूरी 4.91 एकड़ ज़मीन के लिए 4 करोड़ प्रति एकड़ का कलेक्टर रेट तय किया गया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि प्रोजेक्ट के लिए तय कीमत के हिसाब से ज़रूरी ज़मीन दी जाएगी।

इस मौके पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने ज़मीन की कीमत तय करने का प्रोसेस पूरा करने के लिए सभी अधिकारियों और कमेटी मेंबर्स का शुक्रिया अदा किया और कहा कि 220 केवी सब-स्टेशन बनना इलाके के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह ज़रूरी प्रोजेक्ट ज़ीरकपुर और आस-पास के इलाकों में बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर को और मज़बूत करेगा और बिजली सप्लाई की कैपेसिटी बढ़ाएगा। ज़ीरकपुर के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर अमनदीप सिंह ने कहा कि इस ज़रूरी प्रोजेक्ट के लिए करीब 184 करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज़मीन का कब्ज़ा मिलते ही प्रोजेक्ट का काम जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

मीटिंग में म्युनिसिपल काउंसिल ज़ीरकपुर के प्रेसिडेंट, गुरप्रीत सिंह विर्क, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर ज़ीरकपुर,अमनदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मंदीप सिंह, नायब तहसीलदार, पवनदीप सिंह और एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ज़ीरकपुर, परविंदर सिंह भट्टी के साथ संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

लांडरां ने किचन से कामयाबी तक कुलिनरी प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले किया होस्ट

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ हॉस्पिटैलिटी (सीसीएच), सीजीसी लांडरां ने 'किचन से कामयाबी तक - सीजन 1' के ग्रैंड फिनाले को होस्ट किया। यह एमजे बेकर्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख लाइव कुकिंग प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता ने पूरे भारत से आए प्रतिभाशाली होम शेफ्स को अपनी कुलिनरी कला का प्रदर्शन करने, उनके पहचान हासिल करने और कुलिनरी इंडस्ट्री में भविष्य के करियर के अवसर तलाशने के लिए एक मंच प्रदान किया। मेजबान संस्थान के रूप में सीसीएच, सीजीसी लांडरां ने अपनी अत्याधुनिक हॉस्पिटैलिटी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। इनमें प्रीमियम ट्रेनिंग किचन, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी लैब्स तथा एडवांस्ड ट्रेनिंग रेस्टोरेंट शामिल रहे। इन सुविधाओं ने प्रतिभागियों को एक प्रोफेशनल किचन के वातावरण में प्रतियोगिता में भाग लेने और अपनी पाक कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया। ग्रैंड फिनाले में 14 से ज़्यादा स्टेट्स से 40 से ज्यादा प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इनमें असम, ओडिशा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, वेस्ट बंगाल, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और राजस्थान शामिल रहे। 17 से 75 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर विभिन्न पीढ़ियों और क्षेत्रों की पाक कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दो लाइव प्रतियोगिता श्रेणियां आयोजित की गईं। पहली कुकरी प्रतियोगिता थी, जिसमें 30 से ज़्यादा होम शेफ्स ने रीजनल कुलिनरी ट्रेडिशंस और हॉट-किचन में अपनाई जाने वाली नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया। वहीं, बेकरी प्रतियोगिता में 15 से अधिक प्रतिभागियों ने सटीकता, क्रिएटिविटी, टेक्सचर और स्ट्रक्चरल कन्फेक्शनरी स्किल का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन क्रिएटिविटी, टेक्सचर, प्रेजेंटेशन, टेक्नीकल नॉलेज और स्वाद के आधार पर किया गया।

कोयले की कमी से पंजाब में गहराया बिजली संकट

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पंजाब में कोयले की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से बिजली संकट गहराता जा रहा है। प्रदेश के थर्मल प्लांट पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली कटौती की समस्या बढ़ गई है। बिजली की बढ़ती मांग के बीच लोगों को कई घंटों तक कट का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार तलवंडी साबो थर्मल प्लांट की तीन में से एक इकाई बंद है। राजपुरा थर्मल प्लांट की भी एक इकाई में बिजली उत्पादन प्रभावित है। उत्पादन घटने के कारण पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड को केंद्रीय पूल से अधिक बिजली खरीदनी पड़ रही है। वीरवार रात 12 बजे प्रदेश में बिजली की मांग 11,655 मेगावाट थी, जो शुक्रवार सुबह 8:30 बजे बढ़कर 14,195 मेगावाट पहुंच गई। दिन में मांग 16,500 मेगावाट से अधिक रही। रात से सुबह तक पंजाब में करीब 4,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन हुआ, जबकि लगभग 7,100 मेगावाट बिजली केंद्रीय पूल से खरीदी गई। दिन में सौर ऊर्जा से करीब 400 मेगावाट बिजली मिलती है, लेकिन रात में इसका उत्पादन बंद हो जाता है, जिससे संकट और बढ़ जाता है। बिजली मंत्री पहले ही थर्मल प्लांटों में कम कोयला स्टॉक को लेकर चिंता जता चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार आपूर्ति हो रही है, लेकिन जरूरत के मुकाबले पर्याप्त नहीं है।

भगवान के बाद डॉक्टर ही मरीजों के लिए सबसे बड़ा सहारा: कुलवंत सिंह

ऑटिज्म सेंटर की जरूरतों को पूरा करने के लिए और फंड लाने का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

साहिबजादा अजीत सिंह नगर। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि ऑटिज्म सेंटर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से आवश्यक अतिरिक्त सहायता लाई जाएगी और सेंटर के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक कुलवंत सिंह आज सेक्टर-79 स्थित ऑटिज्म सेंटर में डॉक्टरों की टीम के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सेंटर देश में अपनी तरह की एक अनूठी पहल है, जहां ऑटिज्म प्रभावित बच्चों को आवश्यक उपचार एवं थेरेपी सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि सेंटर में लड़कों के लिए 6 तथा लड़कियों के लिए 6 कमरे तैयार किए गए हैं। इसके अलावा आने वाले समय में बच्चों के माता-पिता के लिए भी यहां ठहरने की सुविधा उपलब्ध करवाने की योजना बनाई जा रही है। विधायक ने कहा कि चिकित्सा का पेशा सेवा का पेशा है और डॉक्टर मरीजों को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस सेंटर को सुचारू रूप से चलाने के लिए डॉ. परमिंदर सिंह, डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. छाया प्रसाद, डॉ. हरविंदर पाल सिंह चीमा तथा अन्य मेडिकल स्टाफ द्वारा निजी रुचि के साथ सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने डॉक्टरों एवं सामाजिक सेवा संस्थाओं की टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी ने मिलकर इस सेंटर को सुचारु रूप से चलाने के लिए एक मिशन के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सेंटर में अब तक 240 बच्चों को उपचार एवं थेरेपी सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यहां अब तक 3,000 से अधिक थेरेपी सत्र हो चुके हैं और प्रतिदिन लगभग 25 से 30 परिवार सेंटर में पहुंच रहे हैं। विधायक कुलवंत सिंह ने परमात्मा के समक्ष प्रार्थना की कि सेंटर में उपचाराधीन बच्चों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले तथा डॉक्टरों की टीम को उनकी सेवा एवं उपचार के लिए शक्ति और हौसला प्रदान हो।

कायनात का खूबसूरत व स्टाइलिश अंदाज

कायनात इम्तियाज पाकिस्तान की एक प्रमुख महिला अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर हैं, जो दाएं हाथ से बल्लेबाजी और मध्यम गति की गेंदबाजी करती हैं। वह भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी से प्रेरित होकर क्रिकेटर बनीं और अपनी खूबसूरती व स्टाइलिश अंदाज के लिए भी मशहूर हैं।

काउंटी में कुलदीप ने लिए 10 विकेट

फर्स्ट क्लास क्रिकेट में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने

एजेंसी, लंदन

लीड्स के हेडिंग्ले में एसेक्स के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप मैच में कुलदीप यादव ने 10 विकेट लिए। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली बार एक मैच में 10 विकेट लिए हैं। उनके प्रदर्शन से यॉर्कशायर ने एसेक्स को पारी और 106 रन से हराया। यॉर्कशायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 390 रन बनाए। कुलदीप ने 94 गेंदों पर 36 रन भी बनाए। इसके जवाब में एसेक्स की पहली पारी 171 रन पर सिमट गई। कुलदीप ने 23 ओवर में 70 रन देकर 4 विकेट लिए। फॉलोऑन खेलते हुए एसेक्स की दूसरी पारी में कुलदीप ने 16 ओवर में 50 रन देकर 6 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी के सामने एसेक्स की टीम 40 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप ने मैच में कुल 10 विकेट लिए और 120 रन दिए। यॉर्कशायर ने तीसरे दिन ही मुकाबला पारी और 106 रन से अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

यॉर्कशायर ने एसेक्स को पारी और 106 रन से हराया

कुलदीप यादव को हेडिंग्ले की पिच ने दिया फायदा

कुलदीप यादव ने मैच से पहले हेडिंग्ले की पिच को अपनी गेंदबाजी के लिए बेहतर बताया था। उन्होंने कहा था कि विकेट में पहले से तेजी थी, इसलिए उन्हें गेंद को ज्यादा तेज फेंकने की जरूरत नहीं पड़ी। गेंद में अच्छी स्पिन और सही टप्पा उनकी रणनीति का हिस्सा रहा। उन्होंने भारतीय पिचों से तुलना करते हुए कहा था कि भारत में विकेट धीमे होते हैं और बल्लेबाजों को गेंद खेलने के लिए ज्यादा समय मिलता है। हेडिंग्ले की तेजी के कारण बैकफुट पर जाने वाले बल्लेबाजों के खिलाफ विकेट मिलने के मौके ज्यादा बने।

वर्ल्ड चैंपियनशिप : विनेश को ट्रायल में हिस्सा लेने की नहीं मिली अनुमति

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को 2026 सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के चयन ट्रायल से पहले बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें 14 सितंबर को होने वाले चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने अंतरिम आदेश में कहा कि अदालत विनेश फोगाट को ट्रायल में शामिल होने के लिए मौजूदा नियमों से विशेष छूट नहीं दे सकती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने विनेश फोगाट की मातृत्व और खेल करियर से जुड़े एक अहम सवाल पर विचार करने की बात कही है। कोर्ट यह देखेगा कि मां बनने के बाद महिला खिलाड़ियों की खेल में वापसी और प्रतियोगिताओं की पात्रता के नियमों के बीच किस तरह संतुलन बनाया जा सकता है। विनेश फोगाट जुलाई 2025 में मां बनी थीं। इसके बाद वह मैटरनिटी लीव से लौट चुकी हैं। उन्होंने 2026 सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए होने वाले महिला चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी थी। (अनंत ज्ञान)

क्या है पूरा मामला?

भारतीय कुश्ती महासंघ ने सात सितंबर को चयन ट्रायल के लिए पात्रता से जुड़े नियम तय किए थे। इन नियमों के तहत कुछ अनिवार्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना जरूरी है। हाईकोर्ट ने कहा कि ये नियम सभी खिलाड़ियों पर समान रूप से लागू होते हैं। अगर कोई पहलवान तय अनिवार्य प्रतियोगिताओं में शामिल नहीं हुआ है, तो मौजूदा नियमों के तहत उसे चयन ट्रायल के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

स्पोर्ट्स विंडो

अन्नू एशियन गेम्स स्क्वॉड से बाहर क्वालिफिकेशन मार्क नहीं छू पाईं

एजेंसी, नई दिल्ली। हांगझोउ एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट अन्नू रानी जापान एशियन गेम्स के भारतीय स्क्वॉड से बाहर हो गई हैं। वे महिलाओं की जैवलिन थ्रो में क्वालिफिकेशन मार्क हासिल नहीं कर सकीं। अन्नू ने वीरवार को जेएलएन स्टेडियम में इंडियन एथलेटिक्स फाइनल सीरीज में 57.50 मीटर का थ्रो किया। वह 57.62 मीटर के क्वालिफिकेशन मार्क से 12 सेंटीमीटर पीछे रह गईं। इसी इवेंट में चोट से लौटे अविनाश साबले ने 3,000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड जीता। उन्होंने 8:32.39 सेकेंड का समय निकालकर 8:36.57 सेकेंड का क्वालिफिकेशन मार्क हासिल किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों को साफ कर दिया था कि एशियन गेम्स में जाने के लिए क्वालिफिकेशन मार्क हासिल करना जरूरी है। एएफआई के चेयरमैन ललित भनोत ने कहा, जिसने क्वालिफिकेशन मार्क हासिल नहीं किया है, उसे एशियन गेम्स में नहीं भेजा जाएगा। एएफआई का रुख बिल्कुल साफ था। उन्होंने कहा, अगर अन्नू रानी क्वालिफाई नहीं कर पाई हैं, तो वे नहीं जाएंगी। जिन खिलाड़ियों ने मार्क हासिल नहीं किया है, वे दल का हिस्सा नहीं होंगे।

पांव में खिंचाव के कारण युकी भांबरी का डेविस कप में खेलना संदिग्ध

एजेंसी, नईदिल्ली। अमेरिकी ओपन में मैच से पहले अभ्यास के दौरान दाहिने पांव में खिंचाव आने के कारण भारत के युकी भांबरी का सोल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले में खेलना संदिग्ध है। भांबरी वीरवार की रात को कोरिया के लिए रवाना हुए भारतीय खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ सोल नहीं गए। इससे उनके इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। इस मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली टीम आठ टीमों के एलीट डेविस कप फाइनल में अपनी जगह पक्की करेगी। भांबरी ने इसे मामूली मोच बताया। इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि इस महीने के आखिर में शुरू वाले एशियाई खेलों में उनकी भागीदारी को कोई खतरा नहीं है। भांबरी ने पीटीआई से कहा, ''अमेरिकी ओपन में मुख्य ड्रॉ के मैच से पहले अभ्यास के दौरान मेरे पांव में खिंचाव आ गया था। यह मामूली चोट है। मेरे पूरी तरह फिट होने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं है, लेकिन यह कोई गंभीर चोट नहीं है।' भांबरी की स्थिति पर प्रतिदिन नजर रखी जा रही है। वह अपनी फिटनेस का आकलन करने के लिए देबाशीष दास और यश पांडे सहित भारतीय डेविस कप टीम के सहयोगी स्टाफ के संपर्क में हैं।

दलीप ट्रॉफी में लंबा स्पेल करने से अपनी लय में लौटे मोहम्मद सिराज

एजेंसी, चेन्नई। चेन्नई में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि दलीप ट्रॉफी में लंबे स्पेल करने के बाद उनकी लय और रफ्तार वापस आ गई है। सिराज ने बताया कि 8 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट खत्म होने के बाद उन्होंने दो महीने का ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद शरीर सुस्त महसूस कर रहा था, जिसका असर श्रीलंका दौरे पर रन-अप और गेंदबाजी की रफ्तार पर पड़ा था। सिराज ने कहा, 'दो महीने के ब्रेक के बाद सीधे श्रीलंका मैच में उतरने से मेरी लय पूरी तरह नहीं बन पाई थी। मैं पूरी तरह लय पर निर्भर गेंदबाज हूं। अगर मेरा तालमेल सही नहीं होता, तो क्रीज से पूरी ताकत के साथ गेंद नहीं निकाल पाता।' श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज में सिराज करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे, जबकि उनकी सामान्य रफ्तार 140 से 145 किलोमीटर प्रति घंटे रहती है। उन्होंने श्रीलंका दौरे पर चार पारियों में 44 ओवर गेंदबाजी की और 4 विकेट लिए। हालांकि, इस दौरान वह अपनी सामान्य रफ्तार और लय में नजर नहीं आए।

वियतनाम ओपनः तन्वी ने मालविका को हराया, सेमीफाइनल में पहुंचीं

एजेंसी, हो ची मिन्ह सिटी। शीर्ष वरीय तन्वी शर्मा ने शुक्रवार को हमवतन सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ को कड़े मुकाबले में हराकर वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व की 27वें नंबर की तन्वी ने मालविका को 21-18, 15-21, 21-14 से शिकस्त दी। तीसरी वरीय ईशारानी बरुआ ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पिंग को 21-15, 21-18 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। मालविका ने पहले गेम में तेज शुरुआत की और तन्वी के खिलाफ 13-6 की आरामदायक बढ़त बना ली। इसके बाद तन्वी ने शानदार वापसी करते हुए अगले 13 में से 10 अंक हासिल किए और स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए तन्वी ने पहला गेम 21-18 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और बढ़त लगातार बदलती रही। हालांकि, इस बार मालविका ने अंतिम चरण में बेहतर खेल दिखाया और 21-15 से गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में भी शुरुआत में मुकाबला बराबरी का रहा, लेकिन मध्यांतर के बाद तन्वी ने अपनी गति बढ़ाई और बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने मालविका को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 21-14 से गेम जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

यूएस ओपन : आर्यना सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

सबालेंका ने जेसिका पेगुला को और रिबाकिना ने कोको गॉफ को हराया

एजेंसी, न्यूयॉर्क

बेलारूस की आर्यना सबालेंका और कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना ने यूएस ओपन महिला सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली है। सबालेंका ने वीरवार को न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया। वहीं, रिबाकिना ने अमेरिका की कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने पहला सेट जीतकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन रिबाकिना ने लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

रिबाकिना ने वापसी कर फाइनल में बनाई जगह

गॉफ ने शुरुआत में मजबूत खेल दिखाते हुए पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद रिबाकिना ने गॉफ की गलतियों का फायदा उठाते हुए दूसरा सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया। निर्णायक सेट में रिबाकिना ने 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। गॉफ ने एक बार फिर वापसी की कोशिश की, पर रिबाकिना ने 6-4 से सेट जीत लिया। इस तरह पहला सेट जीतने के बावजूद गॉफ को सेमीफाइनल में हारकर बाहर होना पड़ा। यूएस ओपन खत्म होने के बाद रिबाकिना नई वर्ल्ड नंबर-1 बन जाएंगी। सबालेंका 99 लगातार हफ्तों से शीर्ष पर हैं, लेकिन रिबाकिना के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ उनकी नंबर-1 रैंकिंग तय हो गई थी। शनिवार का फाइनल इसलिए भी खास होगा कि एक तरफ नई नंबर-1 बनने जा रही रिबाकिना होंगी और दूसरी तरफ लगातार तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने की कोशिश में सबालेंका।

सबालेंका के पास लगातार तीन यूएस ओपन खिताब जीतने का मौका

इस जीत के साथ सबालेंका की यूएस ओपन में लगातार जीत का सिलसिला 19 मैचों का हो गया। वह 2023 के फाइनल में गॉफ से हारने के बाद से इस टूर्नामेंट में अजेय हैं। यह सबालेंका का यूएस ओपन में लगातार चौथा फाइनल है। वह 2023 में भी खिताबी मुकाबले तक पहुंची थीं, लेकिन कोको गॉफ से हार गई थीं। इसके बाद उन्होंने 2024 और 2025 में लगातार खिताब जीते। अब शनिवार को जीत उन्हें न्यूयॉर्क में लगातार तीन खिताब जीतने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी बना देगी, जिसने ओपन एरा में यह उपलब्धि हासिल की है। शनिवार को जीत दर्ज करते ही सबालेंका ओपन ऐरा में लगातार तीन यूएस ओपन खिताब जीतने वाली खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन यूएस ओपन खिताब जीते थे, जबकि क्रिस एवर्ट ने 1975 से 1978 के बीच लगातार चार बार यह ट्रॉफी अपने नाम की थी। ओपन ऐरा की शुरुआत 1968 में हुई थी। इसके बाद पहली बार प्रोफेशनल खिलाड़ियों को ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में खेलने की अनुमति मिली थी।

एशिया कप फाइनल के लिए भारत तैयार : दिप्ति

एजेंसी, दुबई

भारत की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद खराब क्षेत्ररक्षण को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कैच छूटना खेल का हिस्सा है और टीम फाइनल में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं, लेकिन उसका क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा है। विशेषकर उसने कई कैच छोड़े। सेमीफाइनल में भी बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम ने चार मौके गंवाए थे। दीप्ति ने भारत की सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ 40 रन की जीत के बाद कहा, 'क्षेत्ररक्षण में एक टीम के तौर पर हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम अभ्यास के दौरान भी क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दे रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कभी-कभी ऐसा होता है, लेकिन हम फाइनल में तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'

कहा-क्षेत्ररक्षण चिंता का विषय नहीं

फाइनल में भारत का सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान या मौजूदा चैंपियन श्रीलंका से होगा। दीप्ति ने कहा कि टीम इन दोनों टीमों के बीच होने वाले सेमीफाइनल को देखने के बाद अपनी रणनीति बनाएगी। उन्होंने कहा, 'इस मैच के बाद हम कल बैठक करेंगे। इससे हमें फाइनल के लिए रणनीति बनाने में और अधिक मदद मिलेगी।'

दीप्ति ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए छह गेंदों में 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने कहा, 'जब भी मुझे बल्लेबाजी का मौका मिलता है, मुझे हमेशा भरोसा रहता है कि मैं बल्लेबाजी में भी योगदान दे सकती हूं। मैं हमेशा टीम के लिए एक ऑलराउंडर के तौर पर योगदान देना चाहती हूं।' (अनंत ज्ञान)

कोर्फबॉल प्रीमियर लीग में हिमाचल के 14 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

अनंत ज्ञान

भोरंज। भारत में पहली बार कोर्फबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक दिल्ली में किया जाएगा। अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ की ओर से आयोजित इस लीग में आठ टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल होंगे। हिमाचल प्रदेश से शिमला, मंडी, बिलासपुर, सोलन और हमीरपुर सहित विभिन्न जिलों के 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने दी जानकारी

अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सूरज सारंग, मिली, यामिनी, भिनी, हर्ष राणा, अभिषेक, उपासना, भूमिका, तमन्ना, अभिनव, दिनेश, विशाल शर्मा और सौरभ शर्मा लीग में हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों का 12 से 18 सितंबर तक दिल्ली में प्रशिक्षण शिविर होगा। 18 सितंबर को ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा। लीग में 10 रेफरी और 10 ज्यूरी सदस्य नियुक्त किए गए हैं, जिनमें भारतीय और विदेशी विशेषज्ञ शामिल हैं। संघ अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा ने कहा कि लीग से खिलाड़ियों को नए अवसर मिलेंगे और कोर्फबॉल को बढ़ावा मिलेगा।

सुरक्षा बलों ने मणिपुर में दो उग्रवादी किए अरेस्ट

एजेंसी, इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के दो सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। तेंगनौपाल पुलिस की एक टीम ने 10 सितंबर को खारौ खुल्लेन इलाके में तलाशी अभियान चलाकर थौबल जिले के हीरोक पार्ट-3 निवासी निंगथौजम सुरेश सिंह (26), उर्फ चिंगसांग को गिरफ्तार किया। वह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) का सक्रिय कैडर है। एक अन्य अभियान में, खुफिया सूचना के आधार पर 28 असम राइफल्स, 13/2 एफआईटी और 11 डब्ल्यूईयू के सहयोग से सीडीओ/इंफाल ईस्ट ने 10 सितंबर को खाबेइसोई, इंफाल ईस्ट से मोइरांगथेम सनाथोई मैतेई (19), उर्फ मरुखोई को गिरफ्तार किया। नांगाडा माखा लीकाई निवासी सनाथोई आरपीएफ/पीएलए का सक्रिय सदस्य बताया गया है। पुलिस के अनुसार, वह अगस्त 2026 में संगठन में शामिल हुआ था और कथित तौर पर नए कैडरों की भर्ती में शामिल था। उसके कब्जे से एक स्कूटर और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। सुरक्षा बलों ने दोनों मामलों में आगे की जांच शुरू कर दी है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। (अनंत ज्ञान)

वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में उथल पुथल एवं अस्थिरताः एस. जयशंकर

एजेंसी, नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था उथल-पुथल, अस्थिरता और जटिलताओं से गुजर रही है। भू-राजनीतिक संघर्षों, महामारियों और जलवायु संबंधी व्यवधानों के आर्थिक प्रभाव के बीच लचीलापन अब किसी भी देश की आर्थिक रणनीति का केंद्रीय तत्व बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में नवाचार, टिकाऊ विकास और मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के साथ आर्थिक झटकों से निपटने की क्षमता बढ़ाना आवश्यक है। ब्रिक्स व्यापार मंच को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि तेजी से हो रहे डिजिटलीकरण और तकनीकी प्रगति ने विकास, उत्पादकता और आर्थिक विस्तार के नए अवसर खोले हैं, लेकिन इनके साथ नए जोखिम भी सामने आए हैं। इसलिए देशों को बदलती परिस्थितियों का अनुमान लगाने, उनके अनुरूप खुद को ढालने और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करनी होगी।

उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ब्रिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। ब्रिक्स अलग-अलग संसाधनों, बाजारों, क्षमताओं और अनुभवों वाली अर्थव्यवस्थाओं को एक मंच पर लाता है। यह सदस्य देशों को अपने दृष्टिकोण साझा करने, ठोस व्यवस्थाएं विकसित करने और आर्थिक सहयोग के नए अवसर तलाशने का मंच उपलब्ध कराता है। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकारों के बीच सहयोग जरूरी ढांचा तैयार कर सकता है, लेकिन व्यापार जगत ही उसे वास्तविक आर्थिक स्वरूप देता है। ब्रिक्स की संभावनाओं को ठोस परिणामों में बदलने में कारोबारी समुदाय महत्वपूर्ण भागीदार है। ब्रिक्स व्यापार परिषद और ब्रिक्स महिला व्यापार गठबंधन उद्योग, उद्यमियों और कारोबारी नेतृत्व की भागीदारी को ब्रिक्स प्रक्रिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स 120 अंक गिरकर 74,781 के स्तर पर पहुंचा

एजेंसी, मुंबई । शेयर बाजार में 11 सितंबर को गिरावट रही। सेंसेक्स 120 अंक गिरकर 74,781 पर आ गया। निफ्टी में भी 79 अंक की गिरावट रही और यह 23,398 के स्तर पर बंद हुआ। रियल्टी-मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 10 सितंबर को बाजार से 438 करोड़ रुपए के शेयर निकाल लिए। घरेलू निवेशकों ने खरीदारी कर सहारा देने की कोशिश की, लेकिन वैश्विक दबाव भारी पड़ गया। शेयर बाजार में गिरावट की वजहों में से एक मिडिल ईस्ट जंग और लाल सागर में जहाजों पर हमले से कच्चा तेल हफ्ते भर में 12% बढ़कर 108 डॉलर के पार हो गया है। भारत भारी मात्रा में तेल आयात करता है, जिससे देश का खर्च और महंगाई बढ़ने का सीधा खतरा है। (अनंत ज्ञान)

सोना और चांदी के दामों में गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में 11 सितंबर को गिरावट रही। चांदी की कीमत 3,742 रुपए कम होकर करीब 2.30 लाख रुपए पर आ गई है, वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 269 रुपए घटकर 1.53 लाख रुपए पर आ गए हैं।

ब्रिक्स समिट पर कांग्रेस में मतभेद

चिदंबरम ने ब्रिक्स समिट पर उठाए सवाल, थरूर ने इसे भारत की ताकत बताया

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत में ब्रिक्स समिट को लेकर कांग्रेस के दो सीनियर नेताओं के अलग-अलग बयान सामने आए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने पूछा था, 'इस ब्रिक्स से भारत को क्या फायदा हुआ।' देश में 2012, 2016 और 2021 में भी समिट हो चुके हैं।

उधर, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने समिट के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि भारत में सम्मेलन होना देश की कूटनीतिक ताकत को दिखाता है। 11 देशों के बड़े नेताओं का भारत आना और उन्हें एक मंच पर लाना भारत की दूसरे देशों को साथ लाने की क्षमता को दर्शाता है। 18वें ब्रिक्स समिट का आयोजन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होगा। इसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के शी जिनपिंग समेत 11 सदस्य देशों के शीर्ष नेता शामिल हो रहे हैं। इसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यापार, टेक्नोलॉजी और एनर्जी जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। ब्रिक्स दुनिया की बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिस्र, ईरान, इथियोपिया, यूएई, सऊदी अरब और इंडोनेशिया भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

इन संगठनों की सदस्यता पर विचार हो : पी. चिदंबरम

चिदंबरम ने एक दिन पूर्व सवाल किया था कि भारत ब्रिक्स के अलावा जी20, क्वाड और शंघाई सहयोग संगठन जैसे कई बहुपक्षीय संगठनों का हिस्सा है, लेकिन इन संगठनों से देश को वास्तव में क्या ठोस लाभ मिला है, इस पर विचार होना चाहिए। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कहा कि इन संगठनों से भारत को कोई ज्यादा फायदा नहीं हुआ है।

थरूर ने कहा-ब्रिक्स ग्लोबल साउथ के लिए जरूरी मंच

थरूर ने शनिवार को ब्रिक्स को ग्लोबल साउथ के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ में 100 से ज्यादा देश हैं, लेकिन ब्रिक्स में शामिल 11 प्रमुख देश दुनिया की बड़ी आबादी और करीब 41% वैश्विक जीडीपी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में इस समूह को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों ने की हड़ताल

एजेंसी, नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शुक्रवार को देशव्यापी हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुईं हैं। पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और अन्य वेतन संबंधी मुद्दों को लेकर कर्मचारियों ने विरोध-प्रदर्शन किया, जिससे ग्राहकों को परेशानी हुई। हालांकि, निजी क्षेत्र के बैंकों के कामकाज पर हड़ताल का असर नहीं पड़ा है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के एक दिवसीय हड़ताल के आह्वान का निजी क्षेत्र के बैंकों के कामकाज पर असर नहीं पड़ा है।यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग सहित डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं। स्टेट बैंक, पीएनबी और यूनियन बैंक सहित देशभर के सरकारी और कुछ निजी बैंक आज से लगातार तीन दिन बंद रहेंगे। यूएफबीयू ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह तत्काल लागू करने और वेतन संबंधी 2 साल से लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। इस बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकतर बैंकों ने अपने ग्राहकों को हड़ताल से कामकाज पर पड़ने वाले संभावित असर की जानकारी दी है। देशभर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की अधिकतर शाखाएं पूरी तरह या आंशिक रूप से बंद रहीं, क्योंकि अधिकांश कर्मचारियों और अधिकारियों ने इस हड़ताल में हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)